You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-246 ❒ गुरुवार, 09 अक्टूबर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



देश में ईंधन के नये उपायों के इस्तेमाल से परिवहन क्षेत्र में तेजी से बदलाव आ रहा है और अब इलेक्ट्रिक बैटरी से चलने वाले ट्रकों के संचालन से इस क्षेत्र में जबरदस्त क्रांति आएगी और माल ढुलाई का काम सस्ता, प्रदूषणरहित और ज्यादा आसान हो जाएगा। नितिन गडकरी

शाह एक दिन मोदी के मीर जाफर बनेंगे : ममता 11

युवाओं को श्री गुरु तेग बहादुर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए : सिरसा 12

## संक्षेप

### औद्योगिक एवं निवेश निगम को 500 करोड़ का चूना लगाने वाला मथुरा से गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश औद्योगिक एवं निवेश निगम लिमिटेड से करोडों रुपये का ऋण प्राप्त कर निगम को 580 करोड़ रूपये का चूना लगाने वाले आरोपी को आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्लू) ने मथुरा से गिरफ्तार कर लिया है। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि विजय केमिकल्स (इण्डिया) लिमिटेड के कार्यालय श्याम महल विश्राम बाजार मथुरा के प्रवर्तकों,निदेशकों और गारेंटर्स के द्वारा इथाइल एलकोहल एसिडिक एसिड इथाइल एसिड आदि के उत्पादन के लिये ग्राम बठेन कोसीकला तहसील ठाता मथुरा में इकाई की स्थापना के लिये वर्ष 1993 में पिकप से फर्जी प्रपत्रों के आधार पर करोडो रुपये का ऋण प्राप्त कर गबन किया गया था। इस सम्बन्ध में गोमतीनगर थाने में विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज हुयी थी।

### लगातार बारिश से पूरे प्रदेश में गिरेगा पारा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में बृहस्पतिवार से मानसूनी बारिश के थमने के संकेत हैं। अगले पांच दिनों के लिए मौसम विभाग की ओर से प्रदेश में कहीं भी बारिश की चेतावनी नहीं है। बीते दिनों बंगाल की खाड़ी में उठी हलचल और अरब सागर में चक्रवाती तूफान की सक्रियता से प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश की गतिविधियां बढ़ी थीं। वहीं अब प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में सुबह शाम की हवा में ठंड घुलने लगी है। सप्ताह के आखिर तक क्रमशः प्रदेश में गुलाबी मौसम की दस्तक होगी। मौसम विभाग का कहना है प्रदेश में अगले दो से तीन दिनों में रात के पारे में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी और रातें पहले के मुकाबले थोड़ी ठंडी होंगी। हालांकि दिन के वक्त बादलों की सक्रियता घटने और धूप खिलने से दोपहर में उमस भरी गर्मी देखने को मिल सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि अगले दो-तीन दिनों में उत्तर प्रदेश के दोनों संभागों से मानसून वापसी की परिस्थितियां बन सकती हैं।

### गायत्री प्रजापति केजीएमयू रेफर

**लखनऊ।** दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहे पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति को केजीएमयू के डॉक्टरों ने बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया। बलरामपुर अस्पताल में गायत्री को प्राइवेट रूम में भर्ती कर लिया गया है। निदेशक का कहना है कि डॉक्टरों की टीम पूर्व मंत्री की सेहत की निगरानी कर रही है। जरूरी जांचें भी कराई जाएंगी। 30 सितंबर को जेल अस्पताल में हमले के बाद पूर्व मंत्री को केजीएमयू लाया गया था। उनके सिर, हाथ समेत दूसरे अंगों में घाव थे। जांच के बाद उन्हें ट्रॉमा सर्जरी विभाग में भर्ती किया गया था। केजीएमयू डॉक्टरों का दावा था कि सिर में चोट लगने से स्पॉन्डलाटिस की समस्या उभर आई। लिहाजा उन्हें हड्डी रोग विभाग में शिफ्ट किया गया।

# सेना तैयार थी, रोक दी गई : मोदी

## मुंबई हमले पर जवाब देना चाहती थी सेना, कांग्रेस ने विदेशी दबाव में झुककर फैसला टाला



एजेंसी

❒ अब भारत दमदार जवाब देता है, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखी ताकत

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 17 साल पहले हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कंाग्रेस पार्टी को घेरा। उन्होंने मुंबई आतंकी हमले के बाद तत्कालीन सरकार की नीति को कटघरे में खड़ा किया। पीएम मोदी ने कहा, मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी के साथ-साथ भारत के सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक है। इसलिए, 2008 में आतंकियों ने मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। लेकिन तब जो कंाग्रेस सरकार सत्ता में थी, उसने कमजोरी का संदेश दिया और आतंकवाद के सामने घुटने टेक दिए।

बकौल प्रधानमंत्री मोदी, 'हाल ही में कंाग्रेस के एक बड़े नेता, जो कंाग्रेस के शासनकाल में देश के गृहमंत्री रह चुके हैं, ने एक साक्षात्कार में बड़ा खुलासा किया है कि 2008 के मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं, पाकिस्तान पर हमला करने को तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन किसी दूसरे देश के दबाव में कंाग्रेस सरकार ने देश की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोक दिया।

पीएम मोदी ने कहा, 'कंाग्रेस को बताना होगा कि वह कौन था जिसने विदेशी दबाव में फैसला लिया और मुंबई व देश की भावना से खिलवाड़ किया।' उन्होंने कहा, हमारे लिए देश और देशवासियों की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। आज का भारत दमदार जवाब देता है, घर में घुसकर मारता है। यह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आज मुंबई का लंबा इंतज़ार खत्म हुआ। मुंबई को अब अपना दूसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट मिल गया है। ये एयरपोर्ट, इस क्षेत्र को एशिया के सबसे बड़े कनेक्टिविटी हब के रूप में स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने इसकी अहमियत को रेखांकित करते हुए कहा, इस नए एयरपोर्ट से महाराष्ट्र के किसान यूरोप और पश्चिम एशिया के सुपरमार्केट से भी जुड़ पाएंगे। इससे पहले कंाग्रेस पार्टी ने भी केंद्र सरकार से तीखे सवाल किए। कंाग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 30 सितंबर 2025 को जारी ताजा अधिसूचना में पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर, ओमान, तुर्किए और इस्राइल जैसे देशों के नाम भी शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा, 'देखिए, कूटनीतिक माहौल कितनी जल्दी बदलता है और कूटनीतिक झटके कितनी तेजी से बढ़ते हैं। कंाग्रेस महासचिव ने दोनों अमेरिकी अधिसूचनाओं की प्रतियों साझा करते हुए कहा कि यह भारत की विदेश नीति की असफलता का संकेत है।

### वैश्विक निवेशकों के लिए भारत में निवेश का यह सर्वोत्तम अवसरः पीएम

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार भारत में कारोबार के लिए अनुकूल वातावरण, प्रतिभाशाली मानव शक्ति और नीतिगत सुधारों के साथ बढ़ते अवसरों को रेखांकित करते हुए वैश्विक निवेशकों देश में निवेश का आह्वान किया और कहा कि इसके लिए यह सबसे अच्छा समय है। श्री मोदी ने यहां द्वारका के यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस-2025 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय कंपनियों के लिए आज दुनिया में आपूर्ति श्रृंखलाओं की राह में दिख रही अड़चनों को अपने लिए अवसर बनाने का भी समय है। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने चार दिन के इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में आये देश-विदेश के दूसरंचार नेटवर्क और सेवा क्षेत्र के उद्यमियों, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज उद्योग और निवेश को बढ़ाने की सोच में सबसे आगे दिखता है। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, निवेशकों का स्वागत करने के सरकार के दृष्टिकोण और कारोबार के लिए आसानी पैदा करने की नीति से भारत की पहचान निवेशक अनुकूल देश के रूप में बनी है। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में हमारी सफलता, इस बात का प्रमाण है कि सरकार डिजिटल सुविधाओं को प्राथमिकता देने की सोच से किस तरह से ● शेष पेज 11 पर

# प्रभु श्रीराम को समर्पित था दक्षिण भारतीय संगीतज्ञों का संपूर्ण जीवन : सीतारमण



एजेंसी

❒ अयोध्या में केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने दक्षिण के तीन संतों की मूर्तियों का किया अनावरण

❒ उत्तर-दक्षिण संस्कृति का संगम बना बृहस्पति कुंड, भक्ति और संगीत की बिखरी अनोखी छटा

अयोध्या। उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का अद्भुत संगम बुधवार को अयोध्या की पावन भूमि पर देखने को मिला। दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को अयोध्या पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का बृहस्पति कुंड में भव्य अनावरण किया।

टेढ़ी बाजार स्थित बृहस्पति कुंड का वातावरण उस समय भक्तिरस और संगीत की पवित्र भावना से सरोबार हो उठा जब केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना कर अनावरण समारोह की शुरुआत की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री के माता-पिता भी मौजूद रहे, जिससे यह पल और भी भावनात्मक हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय वित्त मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर पारंपरिक अयोध्या शैली में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बृहस्पति कुंड केवल एक ऐतिहासिक स्थल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है, जहां उत्तर भारत की श्रद्धा और दक्षिण भारत की भक्ति का संगम होता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कार्यक्रम में कहा कि अयोध्या केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने तीनों संतों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि ने भारतीय शास्त्रीय संगीत और भक्ति परंपरा को विश्व पटल पर स्थापित किया। उनके काव्य और रचनाओं ने समाज को प्रेम, भक्ति और एकता के सूत्र में पिरोया। सीतारमण ने बृहस्पति कुंड की भव्यता और शांति देखकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अयोध्या और कर्नाटक के सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराने हैं। आज इन संतों की ● शेष पेज 11 पर

# जुबीन गर्ग मौत मामले में असम के डीएसपी संदीपन गर्ग गिरफ्तार

एजेंसी



गुवाहाटी। प्रसिद्ध असमिया गायक जुबीन गर्ग की रहस्यमय मौत की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने उनके चचेरे भाई एवं पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) संदीपन गर्ग को पूछताछ के बाद बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

गुवाहाटी स्थित सीआईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने के कुछ ही देर बाद संदीपन की गिरफ्तारी हुई। उम्मीद है कि उन्हें आज ही मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया जाएगा। संदीपन सिंगापुर में उस नौका पर मौजूद थे जहां जुबीन गर्ग की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई जिसे लेकर अब व्यापक अटकलें एवं सार्वजनिक आक्रोश फैला हुआ है। इस सप्ताह की शुरुआत में संदीपन ने अपने आधिकारिक फ़ेसबुक पेज पर लिखा था कि लंबी पूछताछ के दौरान उन्होंने एसआईटी के साथ पूरा सहयोग किया। अधिकारियों ने कहा कि उनके बयानों में विसंगतियों और डिजिटल एवं वित्तीय लेन-देन से मिले नये सुरागों के कारण उनकी गिरफ्तारी हुयी। पिछले सप्ताह इस मामले में एक नाटकीय मोड़ आया और इस मामले से जुड़ी कयी गिरफ्तारियां हुयी। एक अक्टूबर को एसआईटी ने ज़ुबीन के लंबे समय से मैनेजर रहे सिद्धार्थ शर्मा और कार्यक्रम के आयोजक श्यामकानु महंत को हिरासत में लिया था जिन्होंने सिंगापुर में उस कार्यक्रम का आयोजन किया था। उस कार्यक्रम में जुबीन ने शिरकत की थी। दोनों पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया। बाद में दो अन्य लोगों संगीतकार शेखर ज्योति गोस्वामी और गायिका अमृतप्रभा ● शेष पेज 11 पर

# प्रदेश के सभी जिलों में 9 से 18 तक आयोजित होंगे 'स्वदेशी मेले'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा खादी, हथकरघा एवं वस्त्र मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि आगामी 9 से 18 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में ''स्वदेशी मेलों'' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम सिद्ध होगा।

बुधवार को राजधानी के लोक भवन में एक प्रेस कांफ्रेन्स कर उन्होंने प्रदेश के इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 की ऐतिहासिक सफलता की जमकर प्रशंसा की और कहा कि 25 से 29 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा एक्सपो मार्ट में हुए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तृतीय संस्करण में ब्रांड यूपी को अभूतपूर्व सफलता मिली है।

इस आयोजन में प्रदेश की शक्ति, समृद्ध परंपरा और उत्पादन क्षमता को दुनिया के सामने रखा गया। ट्रेड शो में 2200 से अधिक स्टॉलों में सरकारी विभागों, उद्यमियों, हस्तशिल्पियों, निर्यातकों और कारीगरों ने अपने अभिनव उत्पादों और योजनाओं को प्रस्तुत किया। इस दौरान 80 से अधिक देशों से 500 से अधिक विदेशी खरीदारों ने प्रदेश के उद्योगों में रुचि दिखाई। करीब पांच लाख से अधिक आगंतुकों ने मेले का भ्रमण किया और लगभग 11,200 करोड़ रुपये की व्यावसायिक पूछताछ प्राप्त हुई, जो प्रदेश की औद्योगिक संभावनाओं का प्रमाण है।

वोकल फॉर लोकल बनेगा जन आन्दोलन

श्री सचान ने कहा कि प्रदेश के 75 जिलों में आयोजित होने वाले स्वदेशी मेले दिवाली के पूर्व ''वोकल फॉर लोकल'' अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देंगे। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों अर्थव्यवस्थाओं को नई दिशा मिलेगी। कहा कि मेलों में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, माटी कला बोर्ड, हथकरघा और वस्त्रोद्योग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सीएम युवा, ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जुड़े विभाग और संस्थान अपने उत्पादों तथा योजनाओं का प्रदर्शन करेंगे। वहीं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पादों की बिक्री करेंगी। संस्कृति विभाग के सहयोग से उत्तर प्रदेश की कला, लोक संस्कृति और पारंपरिक संगीत व नृत्य का प्रदर्शन किया जाएगा। युवक मंगल दल, नेहरू युवा केंद्र और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। जनप्रतिनिधि करेंगे मेले का ● शेष पेज 11 पर

# शाह ने स्वदेशी ई मेल 'जोहो मेल' का इस्तेमाल शुरू किया



नयी दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने आधिकारिक तौर पर अपने ईमेल संचार के लिए स्वदेशी ई मेल सॉफ्टवेयर सेवा ज़ोहो मेल का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। श्री शाह ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में जोहो मेल पर अपना नया ईमेल पता साझा किया और अनुरोध किया कि भविष्य में सभी पत्राचार इसी ई मेल पर किये जाएं। उन्होंने कहा, '' सभी को नमस्कार मैंने ज़ोहो मेल का उपयोग शुरू कर दिया है। कृपया मेरे ईमेल पते में हुए बदलाव पर ध्यान दें। मेरा नया ईमेल पता ' अमितशाह. बीजेपी@जोहोमल.इन' है। भविष्य में ई मेल के माध्यम से पत्राचार के लिए कृपया इसी पते का उपयोग करें। इस मामले पर आपके ध्यान देने के लिए धन्यवाद। उल्लेखनीय है कि ज़ोहो एक भारतीय बहुराष्ट्रीय ● शेष पेज 11 पर

## कांशीराम की पुण्यतिथि आज

# शक्ति प्रदर्शन के जरिये उत्तर प्रदेश में अपनी खोई जमीन टटोलेंगी मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बसपा अध्यक्ष मायावती पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर शक्ति प्रदर्शन के जरिये 2027 विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के खोये जनाधार को वापस पाने की संभावनायें तलाशेंगी।

कांशीराम की पुण्यतिथि में भाग लेने के लिये बसपा कार्यकर्ता मंगलवार से ही लखनऊ पहुंचने लगे हैं। सभी यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि पार्टी प्रमुख मायावती कांशीराम स्मारक परिसर से 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए किस रणनीति और जीत के फॉर्मूले का अनावरण करेंगी। इस महापर्व में बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद की मौजूदगी ने पार्टी समर्थकों के उत्साह को और बढ़ा दिया है। दरअसल 2012, 2017 और 2022 के लगातार विधानसभा चुनावों के साथ-साथ 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में हार के बाद, बसपा प्रमुख एक जीत के फॉर्मूले की तलाश में हैं ताकि राज्य की राजनीति में अपना वर्चस्व स्थापित कर सकें। बसपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि 2012 में राज्य की सत्ता गंवाने के बाद, मायावती विधानसभा और लोकसभा चुनावों में विभिन्न जातिगत समीकरणों पर काम कर रही हैं, लेकिन इससे बसपा के लिए सत्ता का रास्ता साफ नहीं हो पाया है। बल्कि, लगातार चुनावों में बसपा का समर्थन आधार और वोट शेयर घटता ही जा रहा है। ऐसे दौर में जब भाजपा, कंाग्रेस और सपा अपनी स्थिति ● शेष पेज 11 पर


## ऑपरेशन सिंदूर में वायु सेना ने अपनी मारक क्षमता की पुष्टि की

# वायु सेना के सटीक हमले ऑपरेशन सिंदूर में मील का पत्थर

एजेंसी

हिंडन (उत्तर प्रदेश)। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना करते हुए इसे भारतीय वायु सेना की क्षमताओं की सटीकता, पेशेवर कुशलता और ताकत का प्रमाण बताया है।

एयर चीफ मार्शन सिंह ने वायु सेना की 93 वीं वर्षगांठ के अवसर पर बुधवार को यहां भव्य परेड के बाद वायु योद्धाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का परिणाम वायु सेना को गौरव का अहसास कराता है। उन्होंने कहा, '' ऑपरेशन सिंदूर में हमारा प्रदर्शन हमें पेशेवर गौरव से भर देता है और इसने यह साबित कर दिया है कि वायु सेना की ताकत के इस्तेमाल से कैसे कुछ ही दिनों में सैन्य परिणामों को प्रभावी ढंग से आकार दिया जा सकता है। भारत के साहसिक और सटीक हमलों ने राष्ट्रीय चेतना में वायु सेना की आक्रामक कार्रवाई के उचित स्थान को फिर से स्थापित किया है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि स्वदेशी रूप से विकसित और एकीकृत हथियारों की सफलता ने इस ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वायु सेना प्रमुख ने कहा, '' स्वदेशी रूप से विकसित और एकीकृत हथियारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दुश्मन के इलाके में अंदर तक सटीक और विनाशकारी प्रहार किए। यह घरेलू क्षमताओं में हमारे विश्वास को पुष्ट करता है। ऑपरेशन सिंदूर इस बात का एक ज्वलंत उदाहरण है कि सावधानीपूर्वक योजना, अनुशासित प्रशिक्षण और दृढ़ निश्चयी कार्यान्वयन के माध्यम से क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। भारतीय वायुसेना के आधुनिकीकरण पर प्रकाश डालते हुए एयर चीफ मार्शल सिंह ने संचालन योजनाओं में नई प्रणालियों, हथियारों और उपकरणों के एकीकरण में उल्लेखनीय तेजी की ओर इशारा किया।



उन्होंने कहा,'' हमारी संचालन योजनाओं में नई प्रणालियों, हथियारों और उपकरणों के एकीकरण की बढ़ी हुई गति एक महत्वपूर्ण सफलता रही है। मैं देख सकता हूं कि वायु योद्धाओं में जवाबदेही और सुरक्षा की संस्कृति बढ़ी है और यह सीधे तौर पर दुर्घटनाओं और घटनाओं की संख्या में कमी से परिलक्षित हो रही है। उन्होंने कहा, '' सभी स्तरों पर, अधिकारी आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं - असाधारण दूरदर्शिता और सहानुभूति का प्रदर्शन कर रहे हैं, और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यक प्रशिक्षण और प्रेरणा मिले। वायुसेना प्रमुख ने भविष्य की तैयारी और संयुक्त संचालन शक्ति के महत्व पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, '' अपनी विजय और सफलताओं का जश्न मनाते हुए, हमें भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए। हमारी योजनाएं नवीन, व्यावहारिक और अनुकूल होनी चाहिए। हमारा प्रशिक्षण 'जैसे हम लड़ते हैं वैसे ही प्रशिक्षण' के सिद्धांत पर आधारित होनी चाहिए - ईमानदार, कठोर और उभरती चुनौतियों के लिए प्रासंगिक। एयर चीफ मार्शल सिंह ने एकता और तालमेल के महत्व पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, '' जीत प्रभावी टीम वर्क से मिलती है। हमें अपनी सामूहिक शक्ति का लाभ उठाना चाहिए, तालमेल बढ़ाना चाहिए और न केवल भारतीय वायु सेना के भीतर, बल्कि अन्य रक्षा सेवाओं और संगठनों के साथ भी अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अंतर-संचालन को बढ़ावा देना चाहिए।''प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने दुश्मन के विमानों, हवाई प्रणालियों तथा ड्रोनों पर प्रभावी ढंग से नज़र रखने और उन पर हमला करने के लिए भारतीय वायुसेना के सेंसर और रडार के जटिल नेटवर्क की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की हवाई रक्षा इकाइयों के सहयोग से भारतीय वायुसेना की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल और मानवरहित हवाई प्रणालियों ने एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली के तहत निर्बाध रूप से काम किया और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उत्कृष्ट परिणाम दिए। उन्होंने स्वदेशी प्लेटफार्मों को शामिल करने, उन्नत हथियार प्रणालियों को अपनाने और संपूर्ण एयरोस्पेस क्षेत्र में संचालन से संबंधित सिद्धांतों के विकास के माध्यम से आधुनिकीकरण की दिशा में भारतीय वायुसेना के निरंतर प्रयासों की सराहना की। युद्ध की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए जनरल चौहान ने कहा, '' युद्ध का स्वरूप गहन परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और भविष्य के संघर्षों के तकनीक-संचालित, तीव्र और विविध क्षेत्रों में संघर्षपूर्ण ● शेष पेज 11 पर

## टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

**प्रयागराज ।** कीडगंज थाना क्षेत्र के नेता नगर इलाके में स्थित एक टेंट हाउस के गोदाम में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते उसने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और लगभग ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

## नए यमुना पुल पर भीषण सड़क हादसा, तीन लोग घायल

**प्रयागराज ।** प्रयागराज के नए यमुना पुल पर मंगलवार सुबह लगभग 7 बजे तेज रफ्तार कार की टक्कर से बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि एक भाई–बहन अपने बड़े भाई के साथ स्कूल जा रहे थे, तभी रॉन्ग साइड से आ रही अनियंत्रित कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ने पीछे आ रही एक ऑटो को भी टक्कर मार दी। हादसे में बच्चों के पिता की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि बच्चे भी घायल हैं और उनका इलाज जारी है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## पीएनबी ने की विशेष क्रेडिट कार्ड ऑफर्स की एक विस्तृत श्रृंखला की घोषणा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पंजाब नैशनल बैंक ने विशेष क्रेडिट कार्ड ऑफर्स की एक विस्तृत श्रृंखला की घोषणा की है। इन ऑफर्स का उद्देश्य यात्रा, होटल, ई–कॉमर्स, जीवनशैली और फूड डिलीवरी जैसी श्रेणियों को कवर करते हुए त्योहारों के मौसम में ग्राहकों को अधिकतम लाभ प्रदान करना है। पीएनबी, क्रेडिट कार्ड डिवीजन के महाप्रबंधक दीपक कुमार ने कहा कि हमें इन त्योहारी ऑफर्स को पेश करते हुए खुशी हो रही है, जो हमारे ग्राहकों के लिए सबसे प्रासंगिक श्रेणियों में सार्थक बचत प्रदान करते हैं।

## मुख्यमंत्री योगी ने लोकनायक जयप्रकाश और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान और लोकनायक जय प्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किए गए अपने संदेश में लिखा है कि, ৯ सामाजिक न्याय' के प्रखर प्रहरी और वंचितों–शोषितों की आवाज रहे, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!। योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि समाज के उपेक्षित और वंचित वर्गों की उन्नति हेतु समर्पित उनका जीवन न्याय और समानता की अलख जगाता है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भारतीय लोकतंत्र को पुनर्स्थापित करने वाले महानायक, 'भारत रत्न' लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। लोकनायक को याद करते हुए उन्होंने लिखा है कि संपूर्ण क्रांति के महायज्ञ के माध्यम से उन्होंने जन–जन के हृदय में लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन हेतु नई ऊर्जा व नई चेतना का संचार किया। उन्होंने कहा है कि भारत एवं भारतीयता के लिए समर्पित उनकी जीवनगाथा हम सभी के लिए एक आदर्श है।

## लोकतंत्र का सम्मान करने वालों का आज देश कर रहा सम्मान : दयाशंकर सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जिन लोकतंत्र सेनानियों ने संविधान व लोकतंत्र का सम्मान किया उनका सम्मान आज देश कर रहा है और करता रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि इन्होंने आपातकाल में लोकतंत्र की रक्षा न की होती तो आज हम जैसे लोग यहां मंत्री न होते। बहुभाषी सवांद समिति द्वारा बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित इमरजेंसी के 50 साल कार्यक्रम में सिंह ने कहा कि आपातकाल राजनीतिक पन्ने पर न मिटने वाला धब्बा है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि जिन्होंने संविधान को कुचल दिया वे ही आज संविधान की बात करते हैं। परिवहन मंत्री ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास बनाये रखकर आज लोकतंत्र की बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। आज भारत विश्वगुरु की राह पर है। आज भारतीय संस्कृति को पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है। आज तुलसी को पूरी दुनिया स्वीकार कर रही। कभी प्रधानमंत्री ने नमस्ते ट्रम्प कहा था। कोरोना में पूरी दुनिया नमस्ते करने लगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक स्वयंसेवक के रूप में मोदी ने लोकतंत्र व संविधान को सम्मान देने का काम किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सुशासन का उदाहरण देते हुए कहा कि आज माफिया उत्तर प्रदेश में थर्राते हैं। माफिया या तो प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं या फिर जेल में हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे करके दिखाया।

## अखिलेश की आज़म से मुलाकात वोटबैंक साधने की सियासतः भाजपा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के रामपुर जाकर मोहम्मद आज़म खान से मुलाकात पर योगी सरकार के मंत्रियों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की हैं और इसे मुस्लिम वोटबैंक साधने की सियासत करार दिया है। सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि 23 महीने तक जेल में रहे आज़म की सुध लेने की बजाय, अब जमानत के बाद अखिलेश 'घड़ियालू आंसू' बहाने रामपुर पहुंचे हैं। यह सपा के मुस्लिम वोटबैंक को साधने की सियासी मजबूरी है। राठौर ने कहा कि अखिलेश को 23 महीने तक आज़म खान की याद नहीं आई, जब वे जेल में थे। आज़म ने खुद कहा कि जेल में उनके परिवार की किसी ने सुध नहीं ली। अखिलेश ने रामपुर में आज़म का विकल्प खड़ा कर उनकी राजनीति खत्म करने की कोशिश की। अब वोटबैंक खिसकता देख वे आज़म से मिलने जा रहे हैं। यह महज स्टंटबाजी है। अखिलेश को न आज़म से लगाव है, न किसी और से, उनकी एकमात्र चिंता वोटबैंक है। दूसरों की परेशानी में अखिलेश पहुंच जाते थे, लेकिन आज़म से जेल में कभी नहीं मिले। दोस्ती में गांठ पड़ने के बाद उसका कोई मतलब नहीं रहता, यह आज़म भी समझते हैं। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा अखिलेश ने आज़म से मिलने में बहुत देर कर दी। उनकी पार्टी के नेता है मिलना तो बनता है लेकिन मैं फिर यह कह रहा हूं कि उन्होंने मिलने में बहुत देर कर दी। अगर उन्हें आज़म की चिंता होती, तो जमानत के तुरंत बाद मिलने जाते। अब वोटबैंक खिसकने का डर उन्हें रामपुर ले जा रहा है। सियासी हलकों में चर्चा का विषय बनी है। राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने कहा कि जब आज़म खान जेल में थे, तब सपा और अखिलेश यादव को उनकी याद नहीं आई। आज सपा नेता मुसलमानों को गुमराह करने की नीयत से रामपुर पहुंच रहे हैं। समाज देख रहा है कि यह एक राजनीतिक स्टंट है। उन्होंने सवाल उठाया कि सपा के शीर्ष नेता ने आज़म खान से आखिरी बार कब मुलाकात की थी। वे 2024 के लोकसभा चुनाव में मिले थे। अखिलेश को आज़म केवल वोट मांगने और मुसलमानों को गुमराह करने के लिए याद आते हैं। मंत्री ने दावा किया कि अखिलेश और आज़म के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। आज़म खान जेल में सालों रहे, लेकिन अखिलेश कभी उनसे मिलने नहीं गए। अब आगे बिहार और फिर यूपी के विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए अखिलेश मुसलमानों को गुमराह करने के लिए यह ढोंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा और अखिलेश यादव कभी मुसलमानों के हितों की बात नहीं करते, बल्कि उनका राजनीतिक इस्तेमाल करना अच्छी तरह से जानते हैं।

# प्रदेश में विकास कार्यों की गति अभूतपूर्व : एके शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज संत विनोबा इंटर कॉलेज, मादीसिपाह (मऊ) में नगर विकास एवं ऊर्ज़ा विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों की गति अभूतपूर्व है। हर क्षेत्र में जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान मादीसिपाह में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर 3.44 करोड़ की लागत से विभिन्न कार्यों का तथा नरई बांध, मऊ उपकेंद्र पर ?3.96 करोड़ की लागत से किए गए कार्यों का लोकार्पण किया गया। इन परियोजनाओं से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति और गुणवत्तापूर्ण बिजली वितरण में सुधार होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों, किसानों और व्यापारियों को सीधा लाभ प्राप्त होगा।इसी क्रम में नगर पंचायत अमिला में लगभग ?5 करोड़ की लागत से कुल 22 कार्यों का लोकार्पण तथा 2.43 करोड़ की लागत से कुल 24 कार्यों का शिलान्यास भी किया गया। इन कार्यों में पेयजल आपूर्ति, सीवरेज लाइन, सड़क निर्माण, नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग, प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं जनता के जीवन स्तर में सुधार और नगरों के समग्र विकास की दिशा में एक बड़ा कदम हैं।

अपने संबोधन में शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर कार्य कर रही है। मऊ सहित पूरे प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास को समान रूप से गति दी जा रही है। ऊर्ज़ा विभाग और नगर विकास विभाग मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर गांव, हर शहर का समेकित विकास हो। ऊर्ज़ा मंत्री ने बताया की विगत वर्ष में जनपद मऊ में 1160 ट्रांसफार्मर्स की क्षमता वृद्धि हुई है, 192 नए ट्रांसफार्मर लगे हैं एवं 33 केवी की ग्यारह नई लाइन भी लगाई गई है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व चेयरमैन गुलाब गुप्ता, क्षेत्रीय महामंत्री सुनील गुप्ता,गुलाब चंद्र,विनय जायसवाल, शुभम,दिग्विजय सहित अन्य गणमान्य तथा संबंधित अधिकारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई व्यापारियों की बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। व्यापार बंधु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं व्यावसायिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में लखनऊ नगर के व्यापारियों को हो रही विभिन्न विभागीय समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। व्यापारियों द्वारा बताया गया कि नगर निगम, विद्युत विभाग, नगर विकास, एलडीए, पुलिस, यातायात आदि विभागों से जुड़ी समस्याएँ निरंतर बनी रहती हैं। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि नगर निगम द्वारा एक बार अतिक्रमण हटाने के बाद कुछ ही दिनों में दोबारा दुकानें लग जाती हैं। हाल ही में रकाबगंज पुल पर लगे सब्जी के ठेलों को हटाया गया था, जो एक सप्ताह में ही फिर से लग गए हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली के त्यौहार को देखते हुए सड़कों पर बढ़ते ट्रैफिक और भीड़ के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए प्रत्येक चौराहे पर पुलिस की तैनाती और बाजारों में अतिरिक्त गश्त आवश्यक है। नादान महल रोड पिछले वर्ष जल निगम के द्वारा लाइन बिछाने का कार्य किया गया था जिसके लिए सड़क खोदी गई थी जो कि आज भी बनाई नहीं गई है उस पर आए दिन कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है जिसे तत्काल बनाया जाय। वहीं

पवन मनोचा ने बताया कि प्रकाश लाइट की समस्या पूरे शहर में बनी हुई है जिसे निदान कराया जाए। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमर नाथ मिश्र, वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, महामंत्री अनुराग मिश्रा, जितेंद्र सिंह चौहान, अरुण अवस्थी, आरिफ खा, राजू शुक्ला, सविता गोयल, लव अरोड़ा व रुबील आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# दशकों पुराने रास्ते पर दबंग व्यक्ति ने खड़ी कर दी दीवार, रास्ता बंद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### आम रास्ता बंद होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी, भारी रोष



रहीमाबाद/लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर मवईकलां गांव के एक दबंग व्यक्ति ने पांच दशक पुराने सार्वजनिक मार्ग पर पक्की दीवार खड़ी कर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया है। विरोध करने पर ग्रामीणों को गाली-गलौज करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है, जिससे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीण सुरेश सहित आधा दर्जन लोगों ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि यह रास्ता गांव का पुराना आम मार्ग है, जिससे होकर ग्रामीण वर्षों से आवागमन करते आ रहे हैं। गांव के ही निवासी मुन्नालाल ने बीती रात रास्ते पर दीवार खड़ी कर दी। सुबह जब ग्रामीण बाहर निकले तो रास्ता पूरी तरह बंद मिला। ग्रामीणों ने जब विरोध किया तो मुन्नालाल ने गाली-गलौज कर धमकियां दीं। कार्यवाहक प्रधान प्रीति मौर्य ने बताया कि यह मार्ग करीब पांच दशक पुराना सार्वजनिक रास्ता है। उन्होंने रास्ता अवरुद्ध करने वाले मुन्नालाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता उनके घरों से बाहर निकलने का एकमात्र मार्ग है। ऐसे में दीवार खड़ी होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन दबंग पर क्या कार्रवाई करता है या फिर ग्रामीणों की समस्या यूं ही बनी रहेगी।

# वाराणसी को मिलेगी कूड़े से निजात, 60 टन क्षमता वाले 'स्मार्ट वेस्ट स्टेशन' का शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी। महापौर अशोक कुमार तिवारी ने बुधवार को पीलीकोठी क्षेत्र में 'स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट ट्रांसफर स्टेशन' का लोकार्पण कर काशी की जनता को समर्पित किया।

इस स्थान पर पहले कूड़े का ढेर लगा रहता था और दुर्गंध फैलती थी। नगर निगम ने 5.48 करोड़ रुपए की लागत से इस स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन, धनेसरा तालाब का सौंदर्यीकरण और वाहन पार्किंग जैसे कार्य पूरे किए हैं। आईसीआईसीआई बैंक और आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने सीएसआर के तहत 1.28 करोड़ रुपए की धनराशि से इस स्टेशन के लिए दो कैप्सूल, दो कॉम्पैक्टर, एक स्टेटिक मशीन और एक हुक लोडर उपलब्ध कराए हैं। इस स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण से आदमपुर, कोतवाली और अन्य क्षेत्रों से निकलने वाले कूड़े को आधुनिक मशीनों के माध्यम से सीधे प्लांट तक ले जाया जाएगा, जिससे कूड़े का बिखराव रुकेगा। 60 टन क्षमता वाले इस स्टेशन में घरों और प्रतिष्ठानों से एकत्र कूड़े को कैप्सूल में कॉम्पैक्ट कर हुक लोडर के जरिए करसड़ा, रमना स्थित प्लांट में निस्तारण के लिए भेजा जाएगा। इससे शहर में कहीं भी कूड़ा बिखरा हुआ नहीं दिखेगा। उत्तर प्रदेश में इस तरह का स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन गाजियाबाद और गोरखपुर के बाद वाराणसी में तीसरा है। महापौर अशोक तिवारी ने बताया कि वाराणसी नगर निगम क्षेत्र में पहले 23 बड़े ढलावघर (कचरा डिपो) थे, जिनमें से 20 को समाप्त कर स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन में परिवर्तित कर दिया गया है। शेष तीन ढलावघरों को भी अगले एक महीने में समाप्त कर दिया जाएगा।

# बाजारों की सुचारु व्यवस्था के लिए बनेगी कार्ययोजना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वाणिज्य बंधुकी बैठक आयोजित हुई बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्त के नेतृत्व में आदर्श व्यापार मंडल की विभिन्न बाजारो के व्यापारी, पदाधिकारी शामिल हुए

व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने त्यौहारों दृष्टिगत बाजारों में व्यापार मंडल के स्थानीय पदाधिकारियों, पुलिस प्रशासन, ज़िला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक का रोड मैप बनाने की बात कही। जिलाधिकारी विशाख जी ने बैठक के लिए सहमति जताते हुए संबंधित अधिकारियों को त्योहारों के पूर्व बैठक करने के निर्देश दिए। आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने जिलाधिकारियों के सामने कई मुद्दे रखें तथा ज्ञापन सौंपा। बैठक में संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, प्रदेश मंत्री संदीप सिंह गौड़ , ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ,लखनऊ महामंत्री राजीव शुक्ला ,संजय त्रिवेदी, उपाध्यक्ष मसीह उद्यमा गाँधी, खजाना मार्केट के महासचिव राज किरण सिंह राठौर, भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ,नगर उपाध्यक्ष सुमित सिंह कई बाजारों के अध्यक्ष महामंत्री शामिल थे

# उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षित युवा हो रहे हैं आत्मनिर्भर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन का गठन उत्तर प्रदेश कौशल विकास नीति के तहत व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अधीन एक पंजीकृत समिति के रूप में किया गया है। मिशन का मुख्य उद्देश्य 14 से 35 वर्ष आयु वर्ग के अल्पशिक्षित या स्कूल छोड़ चुके युवाओं को अल्पकालिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आजीविका अर्जन के योग्य बनाना है। इसके अंतर्गत स्टेट स्किल डेवलपमेंट फंड प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (राज्य घटक), दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना तथा विश्व बैंक पोषित संकल्प परियोजना जैसी योजनाओं के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। संकल्प परियोजना के अंतर्गत विशेष रूप से महिलाओं, दिव्यांगजनों और अनुसूचित जाति/जनजाति के युवाओं के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में मिशन द्वारा अब तक 18 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिनमें से 7 लाख से अधिक को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 26,000 से अधिक छात्रों और 3,450 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। दिव्यांगजनों, महिला संरक्षण गृह की संवासिनियों, किशोर सुधार गृह के किशोरों एवं कारागार बंदियों सहित 2,862 लाभार्थियों को प्रशिक्षण देकर मुख्यधारा से जोड़ा गया है। मिशन के अंतर्गत लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल विकसित किया गया है, जिससे युवा किसी भी समय, किसी भी स्थान से निःशुल्क डिजिटल प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु हुनर हाथ जैसी परियोजनाओं की शुरुआत की गई है। इसके साथ ही HCL, IBM, MNNIT तथा IIIT प्रयागराज जैसे संस्थानों से साझेदारी कर युवाओं को उच्च तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है।

# मिशन शक्ति फ़ेज–5 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण गोष्ठी सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ही सशक्त समाज की नींव है : मुख्य विकास अधिकारी

प्रयागराज । पंचायती राज विभाग, जनपद प्रयागराज द्वारा मिशन शक्त फ़ेज-5 के तहत आज विकास भवन सरस केंद्र में विशेष महिला सशक्तिकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर की महिला ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी तथा पंचायत सहायिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के बहुआयामी योगदान को सम्मानित करना एवं उन्हें शासन व्यवस्था के प्रत्येक स्तर पर सशक्त रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि ৯महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ही सशक्त समाज की नींव है।৯ उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को अन्य महिलाओं व बालिकाओं के लिए रोल मॉडल बताते हुए उनसे समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। किसी भी लड़की या महिला के साथ छेड़छाड़ या असुरक्षा की स्थिति में तुरंत महिला हेल्पलाइन 1090 पर संपर्क करें, जहां तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाती है। मुख्य विकास अधिकारी ने महिला अधिकारियों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से गांवों में विकास, स्वच्छता, जनकल्याण योजनाओं का सफल क्रियान्वयन और सामाजिक जागरूकता में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती ललिता यादव, कामिनी सिंह, रुचि मल्होत्रा, स्मिता तृप्ति, दीप्ति मिश्रा, आँचल गौतम, पूजा शर्मा, विजेता गौतम, श्रेया यादव तथा लवली यादव को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य करना चुनौतीपूर्ण होते हुए भी इन महिलाओं ने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अ2047 के सशक्त निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका निर्णायक होगी। पुलिस विभाग की महिला अधिकारियों ने महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और अधिकारों से संबंधित विषयों पर जागरूक किया तथा हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समन्वय में जिला पंचायत राज अधिकारी श्री रविशंकर द्विवेदी की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। उन्होंने कहा कि ৯मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि महिलाओं की क्षमता, आत्मविश्वास और नेतृत्व को सम्मान देने का सशक्त माध्यम है। पंचायत स्तर की महिलाएं ग्रामीण भारत के वास्तविक परिवर्तन की अग्रदूत हैं। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारीगण, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला सलाहकार (स्वच्छ भारत मिशनग्रामीण) एवं जिला परियोजना समन्वयक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बार समिति की बैठक सम्पन्न

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा (अध्यक्ष, बार समिति) की अध्यक्षता में बुधवार को जनमिलन कक्ष में जिला स्तरीय बार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के प्रतिनिधि श मनीष कुमार शाण्डिल्य (डीसीपी नगर), प्रयागराज विकास प्राधिकरण के सचिव श अजीत कुमार सिंह, उप आबकारी आयुक्त प्रयागराज प्रभार राजेन्द्र प्रसाद तथा जिला आबकारी अधिकारी सुशील कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक में तीन बार अनुज्ञापन आवेदनों – न्यू जेड गार्डिन रेस्टोरेंट (एफएल7), रेडिसन प्रयागराज (एफएल6) और होटल पोलोमैक्स (एफएल6) – पर विचार किया गया। जिला स्तरीय बार समिति द्वारा विचारोपरांत मे0 प्रेसीडेंसी इंटरनेशनल होटल्स प्राइवेट लिमिटेड (रेडिसन प्रयागराज) को एफएल6 अनुज्ञापन की स्वीकृति प्रदान की गई, जबकि अन्य दो आवेदनों पर आवश्यक अभिलेख पूर्ण न होने के कारण कार्यवाही प्रक्रियाधीन रखी गई। बैठक का संचालन जिला आबकारी अधिकारी सुशील कुमार मिश्रा द्वारा किया गया

# फर्जीवाड़े से करोड़ों का ठेका हथियाने की साजिश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने सीएम को भेजा पत्र, एफआईआर कर जांच कराने की मांग

लखनऊ। धर्मनगरी अयोध्या में फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों रुपये के सरकारी ठेकों को हथियाने की बड़ी साजिश का मामला सामने आया है। अयोध्या के भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने इस पूरे प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर की है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि मेसर्स कृष्णा रेफ्रीजरेशन, लखनऊ नाम की फर्म ने कूट रचना कर फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर सीएण्ड डीएस में श्रेणी-ए का पंजीकरण कराया और अब उसी आधार पर अयोध्या में चार्जिंग बस स्टेशन सहित कई कार्यों को हड़पने की तैयारी में है। बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव सिंह के अनुसार, मेसर्स कृष्णा रेफ्रीजरेशन, प्रोपराइटर अरुण कुमार ने उप्र जल निगम (नगरीय) में विद्युत कार्य का फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाकर सिविल कार्य के लिए श्रेणी-ए का पंजीकरण करा लिया। जबकि नियमानुसार इस श्रेणी में पंजीयन के लिए कम से कम 5 करोड़ के तीन भवन संबंधी कार्य या 15 करोड़ के एक भवन कार्य का अनुभव जरूरी होता है।

उन्होंने बताया कि इस फर्म ने यूपीआरएनएन इलेक्ट्रिकल विंग वाराणसी से 27.27 करोड़ रुपए का विद्युत कार्य दिखाकर अनुभव का दावा किया, जबकि उसमें भवन निर्माण कार्य सम्मिलित नहीं था। बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने पत्र में यह भी लिखा कि स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत अलीगढ़ के रसलगंज में फसाड इम्प्रूवमेंट कार्य इसी फर्जी पंजीयन के आधार पर फर्म को दिया गया था। वहां कार्य की गुणवत्ता बेहद निम्न स्तर की पाई गई। इस संबंध में अलीगढ़ स्मार्ट सिटी के उपमहाप्रबंधक द्वारा दिनांक 20.09.2025 को जारी निरीक्षण रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया है कि फर्म द्वारा मानक से नीचे का कार्य किया जा रहा है। बीजेपी जिलाध्यक्ष ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि इसी फर्म ने अब अयोध्या में चार्जिंग बस स्टेशन कार्य के टेंडर में हिस्सा लिया है, और फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से कार्य प्राप्त करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जब अलीगढ़ में घटिया कार्य की पुष्टि हो चुकी है, तो ऐसे में इस फर्म को अयोध्या जैसे धार्मिक और संवेदनशील जिले में किसी भी प्रकार का कार्य नहीं दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत इस पूरे फर्जीवाड़े की जांच कराई जाए, फर्म का पंजीकरण तत्काल निरस्त किया जाए और एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाए। उन्होंने साथ ही यह भी अनुरोध किया है कि अयोध्या चार्जिंग बस स्टेशन का टेंडर निरस्त कर पुनः निविदा प्रक्रिया कराई जाए, ताकि अलीगढ़ जैसी पुनरावृत्ति न हो और सरकार की छवि धूमिल न हो। बीजेपी जिलाध्यक्ष ने इस पत्र की प्रतिलिपि नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा, प्रमुख सचिव नगर विकास, प्रबंध निदेशक उप्र जल निगम, और निदेशक सीएण्ड डीएस, लखनऊ को भी भेजी है, ताकि इस पूरे मामले पर तत्काल प्रभाव से विस्तृत जांच व आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## सूचना

श्री विपिन कुमार ने अपनी मूल पीजी डिग्री खो दी है, जो वर्ष 2021 की है, रोल नंबर 1920203101179 और एनरोलमेंट नंबर JS192020063 है। अगर किसी के पास इस बारे में कोई जानकारी है, तो कृपया संपर्क करें: 9653081476

# भेड़ी मंडी लालकुआं में उर्स सालाना के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लाल कुआं स्थित दरगाह के सालाना उर्स के मौके पर कैंट विधानसभा की समाजसेविका पूजा शुक्ला भसीन समाजवादी पार्टी लखनऊ ने दरगाह स्थित अपनी हाजिरी लगाई उनके साथ में समाजवादी पार्टी महानगर लखनऊ के निर्वाचन प्रभारी एडवोकेट कलीम रहमान भी उपस्थित रहे । जहां पर लखनऊ शहर और भारत के लिए अमन चैन की दुआ की गई और कव्वाली के मौके पर पार्षद दल समाजवादी पार्टी कामरान बेग साहब भी उपस्थित हुए। भेड़ी मंडी लालकुआं में उर्स मुबारक पर कव्वाली का कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित किया गया, जहां भारी मात्रा में लोग एकत्र हुए। बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती पूजा शुक्ला भसीन समाजसेविका कैंट विधानसभा लखनऊ से कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया। मुख्य आयोजक बाबा आकिल सईद एवं मोहम्मद कैफ और उनकी टीम द्वारा हर साल इस कार्यक्रम को बड़ी ही शानो शौकत से कराया जाता है।

# करणी सेना हमेशा महिला सम्मान के लिए खड़ी है : दुर्गेश सिंह दीपू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीजीआई (लखनऊ)। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह को प्रशासन ने वाई प्लस कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान की है। अब उनकी सुरक्षा में ग्यारह सुरक्षाकर्मी और दो कमांडो तैनात रहेंगे। यह कदम पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच चल रहे विवाद और बढ़ते तनाव को देखते हुए उठाया गया है। पवन सिंह और ज्योति सिंह के पारिवारिक विवाद ने न केवल सोशल मीडिया बल्कि भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में भी हलचल मचा दी है। इसी बीच श्री राजपूत करणी सेना ने ज्योति सिंह के समर्थन में खुलकर बयान जारी किया है। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने कहा,

करणी सेना हमेशा महिला सम्मान के लिए खड़ी रही है। अगर किसी महिला के साथ अन्याय होता है, तो संगठन चुप नहीं बैठेगा। हम ज्योति सिंह के साथ हैं और



**भोजपुरी स्टार पवन सिंह को मिली वाई प्लस सुरक्षा, पत्नी ज्योति सिंह विवाद पर करणी सेना खुलकर आई सामने**

जरूरत पड़ी तो सड़कों पर उतरेंगे।ङ्क

प्रशासन ने विवाद की गंभीरता और सोशल मीडिया पर बढ़ती चर्चाओं को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। लखनऊ पुलिस ने पवन सिंह की सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किए हैं। जहां-जहां पवन सिंह के सार्वजनिक कार्यक्रम या शूटिंग होगी, वहां पहले से सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। एजेंसियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि उनकी यात्रा या कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वाई प्लस सुरक्षा मिलने के बाद भोजपुरी फिल्म जगत में हलचल मच गई है। कई कलाकारों ने सोशल मीडिया पर इस फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। कुछ ने प्रशासन के कदम को उचित और जरूरी बताया, वहीं कुछ का मानना है कि यह विवाद अब मनोरंजन जगत से निकलकर सामाजिक और राजनीतिक मुद्दा बनता जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस-प्रशासन दोनों पक्षों की गतिविधियों पर करीबी नजर रखे हुए है। मामला जैसे-जैसे सुर्खियों में आ रहा है, वैसे-वैसे इससे जुड़े लोगों की सुरक्षा और बयानबाजी पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

# 150 बीघा क्षेत्रफल में चल रही 14 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए द्वारा अवैध प्लाटिंग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को प्रवर्तन जोन-2, जोन-3 और जोन-7 की टीमों ने मोहनलालगंज, काकोरी और दुबग्गा क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान लगभग 150 बीघा क्षेत्रफल में फैली 14 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर की गई। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी विराग करवरिया ने बताया कि ग्राम शिवढरा और सिठौली खुर्द (मोहनलालगंज) में नरेन्द्र यादव, जय प्रकाश, प्रदीप यादव, अशोक गुप्ता, सुल्ताना, यू.पी. सिंह, शंकर पासी, राजकुमार, नितिन मौर्या, सुखदीन रावत सहित अन्य लोगों द्वारा लगभग 51 बीघा क्षेत्रफल में बिना ले-आउट स्वीकृति के अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण की टीम ने मौके पर अभियान चलाकर सभी प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। वहीं, प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि काकोरी के ग्राम शिवरी में नियाज, टिंकू, नाजिम, राज, सियाराम, प्रवेश व अन्य द्वारा लगभग 23 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। इन प्रकरणों पर विहित न्यायालय से ध्वस्तीकरण आदेश प्राप्त होने के बाद टीम ने मौके पर जाकर अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इसी क्रम में प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि दुबग्गा थाना क्षेत्र के ग्राम बरावन कला में मोहम्मद रिवाजुल, मोहम्मद जेहरोल और आर.के. रियल एस्टेट के प्रबंधक द्वारा लगभग 75 बीघा क्षेत्रफल में दो स्थानों पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। एलडीए की टीम ने मौके पर पहुँचकर दोनों स्थलों पर कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया।

# नगराम: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का करोरा बाजार में पथ संचलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सैकड़ो की संख्या में आरएसएस कार्यकर्ताओं की रही भीड़

महिलाओं व व्यापारियों ने पथ संचलन के दौरान की पुष्प वर्षा



नगराम , लखनऊ। क्षेत्र के करोरा बाजार स्थित राम जानकी मंदिर परिसर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने पर खंड कार्यवाह गिरीश त्रिवेदी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला , मुख्य मार्ग पर महिलाओं एवं व्यापारियों द्वारा पथ संचलन कर रहे स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा की गई। गिरीश त्रिवेदी ने बताया कि आरएसएस की स्थापना 1925 में विजयदशमी के दिन नागपुर में हुई थी जिसका मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक अमित ने कहां की आरएसएस का कार्य किसी एक मंडल या प्रांत के लिए नहीं बल्कि पूरे हिंदुस्तान को सुसंगठित कर हिंदू समाज को आत्मरक्षा और सशक्त बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। उन्होंने 'पंच प्रण' का आवाहन किया , जिसमें सामाजिक समरसता , कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संतुलन, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्य शामिल है। अध्यक्ष आनंद स्वरूप महंत ने देशभक्ति को जीवन जीने का तरीका बताया , जिला संघ चालक वीरेन्द्र ने आरएसएस ही हिंदू समाज को उसकी वर्तमान स्थिति से गौरव के शिखर तक पहुंचा सकता है । जिला कार्यवाह अजीत ने देश की आवश्यकता बताते हुए शिक्षित व्यक्तियों से इसके समर्थन की अपील की । खंड कार्यवाह गिरीश त्रिवेदी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाले को सच्चा स्वयंसेवक बताया , मंडल कार्यवाह करोरा दीपक तिवारी ने भारत को महान बनाने के लिए अपनी संस्कृति अपनाने पर जोर दिया । ध्वज शिष्टाचार के बाद वाद्य यंत्रों की धुन पर शंखनाद करके करोरा गांव के मुख्य मार्गो पर पथ संचलन किया गया , गणवेश धारियों पर पुष्प वर्षा की बौछार होती रही । पथ संचलन के दौरान स्वदेश, मनीष, समर सिंह, वीरेंद्र शंकर मिश्रा , रूपेन्द्र ,रामदुलारे, अरुण मिश्रा, महेंद्र मिश्रा, अभिषेक, अंकित सैनी, अंकुर, दिलीप, दिनेश, अनुज समेत बड़ी संख्या में गणवेश धारी शामिल थे साथ ग्राम प्रधान सुधीर व नीरज त्रिवेदी एवं नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।

# नगराम: श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया श्री कृष्ण जन्म का प्रसंग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। मितौली गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पाँचवें दिन कथा वाचक श्री कृष्णानन्द मृदुल जी महाराज ने सुंदर-सुंदर झांकियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण जन्म का मनोहारी प्रसंग प्रस्तुत किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि कंस के अत्याचारों से परेशान मथुरा की जनता त्राहि-त्राहि कर रही थी। अत्याचारी कंस ने अपने ही पिता उग्रसेन को राजगद्दी से हटाकर स्वयं राजा बन बैठा और प्रजा पर अत्याचार करने लगा। इन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज , गौरव भारद्वाज ने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर कथा श्रवण किया। तत्पश्चात उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी और आशीर्वाद प्राप्त किया। यह कथा ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तगण कथा श्रवण करने के लिए उपस्थित हो रहे हैं।

# निराला नगर में आयोजित हुआ व्यापारी सम्मेलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर विधानसभा में निरालानगर स्थित जेसी गेस्ट हाउस में व्यापारी सम्मेलन कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की। मुख्य अतिथि एलएमसी मुकेश शर्मा, उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा ने उपस्थित वरिष्ठ व्यापारियों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश के व्यापारियों और उपभोक्ताओं को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने 12 और 28 प्रतिशत वाले जीएसटी स्लैब को समाप्त कर आम जनता को सीधा लाभ पहुंचाया है। केंद्र और प्रदेश सरकार व्यापारी वर्ग के विकास व समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। वहीं मुख्य अतिथि एलएमसी मुकेश शर्मा ने कहा कि भारत के लिए भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक वरदान के रूप में है 1 जुलाई 2017 को जीएसटी पूरे देश भर में लागू हुआ, यह भागीरथी प्रयास था क्योंकि हम सब भी व्यापार जगत से व्यापारी है। अभियान प्रदेश सहसंयोजक विधायक डॉ नीरज बोरा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधारों से व्यापारी वर्ग को राहत मिली है। कारोबार में पारदर्शिता आई है और राजस्व प्रणाली मजबूत हुई है। 2014 में जीएसटी लागू होने के बाद से देश में तरक्की के नए रास्ते खुले हैं। जीएसटी कम होने से व्यापार को गति मिलेगी और बाजारों में रौनक बढ़ेगी। उन्होंने व्यापारियों से इस राहत का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। जीएसटी ने देश में वन नेशन, वन टैक्स की अवधारणा को साकार किया है।

## निगोहां: तेज रफ्तार पिकअप डीसीएम में घुसी दो घायल



निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार दोपहर निगोहां कस्बे में तेज रफ्तार एक पिकअप आगे चल रही एक डीसीएम में जा घुसी घटना में पिकअप चालक समेत दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी मोहनलालगंज भेजा जहाँ से दोनों को ट्रामा रेफर कर दिया गया। लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही एक तेज रफ्तार पिकअप निगोहां कस्बे स्टेशन मोड़ के पास आगे चल रही एक डीसीएम में जा घुसी घटना के बाद डीसीएम मौके से भाग निकला। इस दौरान हाइवे पर जाम लग गया। वहीं घटना में पिकअप चालक समेत दो लोग घायल होकर बेहोश हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी मोहनलालगंज भेजा जहाँ से दोनों को ट्रामा रेफर कर दिया गया। घायलों में बछरावां के करन (22) व पिंटू (24) हैं। निगोहां पुलिस ने एनएचएआई की क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त पिकअप को हाइवे से हटाया जिसके बाद जाम से निजात मिल सका।

## जाम में फंसी कार से मोबाइल चोरी

सरोजिनी नगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को टप्पेबाजी का एक नया कारनामा देखने को मिला। यहां अमौसी मेट्रो के नीचे जाम में फंसी एक कार से टप्पेबाजों ने दो मोबाइल उड़ा लिया। कार चालक को मोबाइल चोरी की भनक लगने के बाद उसने स्थानीय थाने पर घटना की शिकायत दर्ज कराई है। एस ब्लॉक 801 सतलज अपार्टमेंट गोमती नगर थाना गोमती नगर विस्तार लखनऊ निवासी सौरभ द्विवेदी पुत्र श्याम बिहारी द्विवेदी ने बताया कि वह उन्नाव के नवाबगंज स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं। मंगलवार को जब वह यूनिवर्सिटी से लखनऊ अपने घर जा रहे थे इसी दौरान अमौसी मेट्रो के नीचे जाम में उनकी गाड़ी किया सोनेट रुक गई इसी बीच किसी ने उनकी गाड़ी को थपथपाया और जब वह थपथपाहट की ओर गाड़ी का बांए साइड का शीशा खोलकर देखने लगे तभी किसी ने उनकी गाड़ी में रखे दोनों फोन वनप्लस व मोटरोला फ्यूजन 60 को पार कर दिया। पीड़ित ने सरोजिनी नगर थाने पर लिखित शिकायत दर्ज कराकर कराई है।

## सड़क हादसे में गंभीर रूप घायल सिपाही ट्रामा सेंटर में भर्ती

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके में बुधवार को एक सिपाही सड़क हादसे में गम्भीर रूप से घायल हो गया। यहां हेड कांस्टेबल संजय कुमार निवासी लखीमपुर उम्र करीब 38 वर्ष पीएम कराकर ट्रामा सेंटर से लौट रहे थे तभी बंथरा के मधुबन ढाबा के पास हादसा हो गया जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया है जहां पर संजय की हालत नाजुक बनी हुई है। संजय कुमार बंथरा में टीवीएस शोरूम के पीछे किराए पर पत्नी व बच्चों के साथ रहते थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र के बंथरा निवासी रोहित सिंह की पत्नी निधि उर्फ साक्षी उम्र 28 वर्ष की बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक परिजन मौत की वजह करंट लगने से बता रहे हैं। लेकिन सच्चाई क्या है यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चलेगी। पुलिस का यह भी कहना है कि फिलहाल निधि के मायके वालों की ओर से भी अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं हुई है। ड्राइवर की नौकरी करने वाले निधि के पति रोहित के मुताबिक बुधवार की सुबह निधि ने खाना बनाया। इसके बाद वह बच्चे को लेकर उसे स्कूल छोड़ने चला गया। वापस लौटा तो निधि बिजली के तार में लिपटी पड़ी थी और उसके हाथ झुलसे हुए थे। उसने चीख पुकार की तो घर के अन्य लोग मौके पर आए पड़ोसी भी एकत्रित हुए। इसके बाद आनन–फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रोहित ने आशंका जताते हुए बताया कि निधि खाना बनाने के बाद सफाई कर दी इसी बीच वह घरेलू बिजली के तार की चपेट में आ ग?ई। निधि और रोहित से छह वर्ष की एक बेटी और एक बेटा है। उसकी शादी भी करीब सात साल पहले ही हुई थी।

## रस्सी के सहारे लटकता मिला युवक का शव

लखनऊ। गोसाईगंज के मोहल्ला सरायकरोरा में रस्सी के सहारे 25 वर्षीय युवक का शव लटकता हुआ पाया गया।जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया गया। इंस्पेक्टर गोसाईगंज के अनुसार सराय करोरा निवासी आलोक कुमार रावत का उसी के मकान के अंदर लटकता हुआ मिला। मृतक अविवाहित था।

# मोहनलालगंज में स्कूल वैन और कंटेनर में जोरदार टक्कर, चालक सहित तीन बच्चे घायल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज,लखनऊ।मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के डेहवा गांव के पास सैयदबाबा मोड़ के पास बुधवार की सुबह न्यू पब्लिक इंटर कॉलेज की स्कूल वैन और कंटेनर ट्रक की जोरदार टक्कर में चालक सहित दो बच्चे घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मोहनलालगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इको स्कूली वैन यू पी 32 ई एन 4142 और कंटेनर ट्रक यू पी 32आर एन 6438आमने-सामने भिड़ गए। वैन में दो बच्चे और चालक सवार थे।जिसमें छात्र 6 वर्षीय ऋषभ यादव पुत्र दिलीप यादव, निवासी नेवलखेड़ा, मोहनलालगंज दूसरा शाश्वत सिंह पुत्र योगेश सिंह, निवासी मोहनलालगंज तीसरा चालक गुडडू यादव, पुत्र भगोले यादव, निवासी शंकरखेड़ा, थाना मोहनलालगंज तीनों को हादसे में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने तत्काल तीनों को इलाज के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी दिलेश सिंह ने बताया कि मौके पर पुलिस फोर्स को भेज कर घायलों को मोहनलालगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सेंट जोसेफ कॉलेज में आयोजित हुई वार्षिक विज्ञान संगोष्ठी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सेंट जोसेफ कॉलेज के विज्ञान क्लब द्वारा वार्षिक विज्ञान संगोष्ठी 2025 का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य युवा मस्तिष्कों को विज्ञान के क्षेत्र में अपने विचारों को खोजने, व्यक्त करने और साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम को दो सत्रों में विभाजित किया गया था। संगोष्ठी का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों के प्रयासों और उपलब्धियों की सराहना की गई।

# नशे की लत में बर्बाद हो रहे गोण्डा के युवा

**जिले के युवा निकोटीन, कोकीन, कैफीन, कैनाबिस, हीरोइन जैसे नशीले और खतरनाक पदार्थ की चपेट में आ रहे है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। भाग-दौड़ भरी जिंदगी में मां-बाप के पास बच्चों के लिए समय नहीं होता। बच्चों को उचित व घरेलू शिक्षा नहीं मिल पाती जिस कारण वे रास्ता भटक गलत रास्ते पर चल पड़ते हैं।मादक पदार्थों का सेवन करने लगते हैं। पहले इसका सेवन फैशन या शौक से किया जाता जो अब धीरे-धीरे इसके आदि होते जा रहे हैं।शहर में एक युवा वर्ग ऐसा भी है,जो प्रति दिन नस में नशे की सूई लेता है।

निकोटीन, कोकीन, कैफीन, कैनाबिस, हीरोइन जैसे नशीले और खतरनाक पदार्थ की चपेट में आ जाते हैं। शहर में कई ऐसे जगह हैं जहां सुबह से लेकर शाम तक नशेड़ी नशा लेने के लिए भीड़ लगाए रहते हैं।

### चरम पर है नशे का कारोबार

शहर में नशा का कारोबार चरम पर है। देश के भविष्य कहे जाने वाले युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में हैं। खुद की जिंदगी के साथ परिवार को बर्बाद कर रहे हैं। अहम बात यह है कि इन्हें नशा करने का साजो सामान भी शहर में बड़े आराम से मिलते हैं। दैनिक जागरण ने जब शहर में इसकी पड़ताल की तो पाया कि कई युवा नशे की जद में आ गए हैं। अगर इन्हें नशे की सेवन से दूर रखा जाए तो उनकी जान पर बन आती है।इन युवाओं में अधिकतर कालेज छात्र शामिल हैं। साथ ही इन दिनों स्कूली छात्र भी नशे की जद में आ रहे हैं। कई युवाओं ने तो नशे की लत में पड़कर अपनी पढ़ाई छोड़ दी है।ऐसे बच्चों की तादाद अधिक है।छात्र शराब और सिगरेट ही नहीं बल्कि गांजा,कोकीन, चरस, हेरोइन, डेंडाराइट, स्मैक,थीनर,बोनफिक्स, फोर्टविन इंजेक्शन सहित अन्य नशीली दवाई का सेवन करते हैं।

### नशे के लिए युवा कर रहे चोरी

शहर में युवाओं के रगों में नशा बसते जा रहा है। इन दिनों नशे की जड़ मजबूत हो गई है।नशे की आग में युवाओं की जवानी सुलग रही है। नशे में पीड़ित ये कम उम्र के युवा चोरी,मारपी ट,छिनतई एवं लूटपाट जैसे अपराध की घटना को अंजाम दे रहे हैं। चंद रुपये की लालच में ये अपराध करते हैं।आंकड़ों पर गौर करें तो चोरी, लूटपाट सहित अन्य वारदात में युवा वर्ग ज्यादा शामिल है।

### आसानी से मिल जाता है नशे की दवाइयां

कैनविज टाइम्स की पड़ताल के दौरान जब नशे से पीड़ित युवक से बातचीत की तो उसने अपनी पहचान जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे मेडिकल स्टोर हैं जहां पर नशीली दवाइयां आसानी से मिल जाती है।इसके लिए कोडवर्ड का उपयोग करना पड़ता है।

### शहर में नशेड़ियों का अड्डा

सिविल लाइन जेल चौकी चौकी क्षेत्र में गायत्री पुरम कॉलोनी के पीछे बने नाले के पुलिया व जेल के आसपास पड़े खाली प्लाटों में शाम होते ही अंधेरे में नशे के तलबगारों का अड्डा लगता है।यहां बैठकर नशेड़ी शराब पीते हैं और फिर शराब की बोतले फोड़ते हैं।यहां पर शराब की बोतलें काफी मात्रा में जमा रहती है।इतना ही नहीं यहां युवक स्मैक व हिरोइन का नशा करते हैं।अल्यूमनियम की पतली चादर व पाउ डर रखकर उसे जलाकर सूंघते हैं और फिर व ही जला हुआ कागज पर पॉलीथिन छोड़कर चले जाते हैं।सिविल लाइन पुलिस चौकी क्षेत्र आसरा आवास सर्किट हाउस के बगल नशेडि य़ों का हब है।यहां पहुंचने के लिए आपको बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है क्योंकि आपके पैर में नंगी सूई चूभ सकती है।शहर से बाहर होने के कारण यहां किसी का ध्यान नहीं रहता।

# 9 से 18 अक्टूबर तक लगेगा स्वदेशी मेला




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास कें द्र,गोण्डा के तत्वावधान में आगामी 9 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक गांधी पार्क टाउन हाल,गोण्डा में भव्य ्रस्वदेशी मेला्र का आयोजन किया जाएगा।यह मेला दीपावली महोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहा है। मेले में स्थानीय हस्तशिल्पी,कारीगर और उद्य मी अपने स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी और बि क्री करेंगे।जिला प्रशासन ने ऐसे उद्यमियों के लिए निःशुल्क स्टाल उपलब्ध कराने की व्यव स्था की है,जिससे स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिल सके।उपायुक्त उद्योग कार्यालय के अनुसा र इस मेले का उद्देश्य ्रवोकल फॉर लोकल्र अभियान को गति देना और घरेलू उत्पादों को जनसामान्य तक पहुँचाना है।

# लोक नायक की पुण्यतिथि पर राष्ट्रकार्य करने का लिया सामूहिक संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। रूल ऑफ लॉ सोसाइटी के तत्वावधान में लोक नायक जयप्रकाश नारायण स्मृति (पुण्यतिथि) दिवस दीवानी न्यायालय परिसर स्थित कैम्प कार्यालय में मनाया गया। सोसाइटी पदाधिकारियों के अलावा उपस्थित अधिवक्ता, कानूनविद व संविधान विशेषज्ञों ने लोक नायक जयप्रकाश नारायण को युग नायक बताते हुए राष्ट्र को मजबूत एवं अखंड बनाये रखने का सामूहिक संकल्प लिया। लोक नायक जय प्रकाश नारायण (पुण्यतिथि) के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी ने जय प्रकाश नारायण को युग पुरूष बताते हुए उनके पदचिन्हों पर चलकर भारत को अखंड एवं मजबूत बनाये रखने का आवाहन किया। रूल ऑफ लॉ संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने लोकनायक को आधुनिक भारत का पथ प्रदर्शक बताया तथा उनके विचारों को युवाओं का आदर्श बताते हुए लोक तंत्र को मजबूत बनाने एवं विधि का शासन बेहतर तरीके से स्थापित किये जाने हेतु जन जागरण अभियान चलाये जाने की बात कही। संगोष्ठी का संचालन प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिलाध्यक्ष अनिल मिश्रा एडवोकेट ने किया । आयोजित संगोष्ठी में प्रमुख रूप से जिला संयोजक प्रमोद सिंह चौहान एडवोकेट ,पर्यावरणविद राकेश चंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट ,बसंत चौहान ,राकेश त्रिपाठी एडवोकेट ,आलोक शुक्ला एडवोकेट ,अभिषेक श्रीवास्तव एडवोकेट, संतोष त्रिपाठी एडवोकेट, संघ विचारक दिलीप गुप्ता ,अरविंद आर्या एडवोकेट व अभिषेक श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।समापन अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओ ने लोक नायक जय प्रकाश नारायण के पदचिन्हों पर चलकर भारत की एकता व अखंडता बनाये रखने के लिए राष्ट्रहित में सामुहिक रूप से समाजकार्य व राष्ट्रकार्य करने का सामुहिक संकल्प भी लिया।

## दीपावली पर तैयार कराए गए उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करें : जिलाधिकारी

मुरादाबाद । शहरी क्षेत्र में सक्रिय स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के आर्थिक रूप से सशक्तिकरण के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कैंप कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान स्थानीय स्तर पर तैयार कराए गए उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करके हस्तशिल्पियों और कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के संबंध में शासन स्तर से निर्देश है।जिलाधिकारी ने आगे कहा कि शहरी क्षेत्र में दिये, झालर, मोमबत्ती, अगरबत्ती आदि तैयार करने वाले स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न कार्यालय परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्टॉल स्थापित करने का अवसर दिया जाएगा ताकि यह समूह अपने उत्पादों की बिक्री कर सके तथा आर्थिक दृष्टिकोण से सशक्त बन सके।बैठक में एसडीएम सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ ही चिन्हित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भी मौजूद रहीं।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन, घटे जीएसटी दरों को बताया विकास का नया अवसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। जब सरकार ने जीएसटी कम किया, तो टैक्स कलेक्शन बढ़ा और देश की जीडीपी को नई रफ्तार मिली। यह बात नानपारा विधायक एवं अपना दल विधानमंडल दल के नेता रामनिवास वर्मा ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत आयोजित सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में सुधार से न केवल व्यापारियों बल्कि आम उपभोक्ताओं को भी राहत मिली है। पहले जहां पेपरवर्क और टैक्स की जटिलता बड़ी समस्या थी, वहीं अब सरकार ने सरल व्यवस्था के साथ नई जीएसटी स्लैब लागू की हैं, जिससे कारोबार को बढ़ावा मिला है। विधायक वर्मा ने उदाहरण देते हुए बताया कि अब ट्रैक्टर की कीमतों में करीब 50,000 की कमी आई है, मोटरसाइकिल पर 10,000 का लाभ उपभोक्ताओं को मिल रहा है, वहीं हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी 12% से घटकर शून्य कर दी गई है।दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर टैक्स दरें 18% से घटकर मात्र 5% रह गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है, और यह सब जनता के सहयोग से संभव हुआ है। श्री वर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव, चौपालों और चाय की दुकानों तक जाकर घटे हुए जीएसटी दरों की जानकारी लोगों को दें और स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग को बढ़ावा दें। कार्यक्रम के दौरान भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर बनो का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग एवं केंद्रीय मंत्री (अवध प्रांत भाजपा) विनोद पटेल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा नेता कृपा राम वर्मा, ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज एस.पी. सिंह, भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष रेखा पांडे, अनिल पांडे, रामस्वरूप अग्रवाल, अजय गुप्ता, सोहेल अहमद, मुशीर सेठ, प्रकाश वीर गुप्ता, आनंद श्रीवास्तव, ओम छापड़िया सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और व्यापारी वर्ग उपस्थित रहे।

# जमीन फर्जीवाड़ा: ईओडब्लू ने मसरूर अहमद को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में बड़े पैमाने पर हुए जमीन फर्जी वाड़े के मामले में आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईओडब्ल्यू की टीम ने इस मामले में फरार चल रहे गोंडा के रहने वाले आरोपी मसरूर अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मसरूर अहमद से आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन की टीम द्वारा पूछताछ की गई है कई अहम जानकारियां भी हाथ लगी है।मसरूर अहमद पर भूमाफियाओं के साथ मिलकर सरकारी और जनता की जमीनों के फर्जी अभिलेख तैयार करने और मूल दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने का आरोप है।इन फर्जी दस्तावेजों के सहारे गोंडा में बड़े पैमाने पर जमीन का फर्जी वाड़ा किया गया था।इस मामले में कई अन्य आरोपी पहले से ही बस्ती और गोंडा की जेलों में बंद हैं।तत्कालीन डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल ने इस पूरे मामले की एसआईटी जांच की सिफा रिश की थी।सरकार के निर्देश पर एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया, जो अब जमीन फर्जीवाड़े के सभी पहलुओं की जांच कर रहा है। इससे पहले, 12 अगस्त को भी आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन की टीम ने सरजू प्रसाद नामक एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस जमीन फर्जीवाड़े में शामिल आरोपियों की लगातार गिरफ्तारी की जा रही है। ईओडब्ल्यू द्वारा 50 से अधिक ऐसे मुकदमों की जांच जारी है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ राम लीला महोत्सव का हुआ समापन

**वायलेंट द म्यूजिकल बैंड एवं इंडियन आइडल के कलाकारों ने दी प्रस्तुति**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी के तत्वावधान में 14 दिवसीय राम लीला महोत्सव का मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हो गया।22 सितम्बर से शुरू हुए महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।सांस्कृतिक कार्यक्रम में इंडियन आइडल के कलाकार कुलदीप सिंह चौहान ने भक्ति,बॉलीवुड गीत संगीत से जलवा बिखेरा।कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल ने की। मंगलवार देर शाम राम लीला महोत्सव समापन कार्यक्रम के अंतर्गत वायलेंट द म्यूजिकल बैंड द्वारा शहर के घन्टाघर पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में इंडियन आइडल के चर्चित कलाकार कुलदीप सिंह चौहान सहित अन्य कलाकरों ने भक्ति गीत संगीत से कार्यक्रम में समा बांधा।श्रोताओ ने देर रात तक गीत संगीत का लुत्फ उठाया।सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ 14 दिवसीय राम लीला महोत्सव का समापन हो गया।कार्यक्रम में राम लीला महोत्सव में योगदान देने वाले पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह,कमेटी अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार,जिला प्रचारक अजय,विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय,संतोष अग्रवाल,जितेन्द्र अग्रवाल,राहुल रॉय, कमल शेखर गुप्ता,राकेश मित्तल,राज कमल गुप्ता,देवकुमार रस्तोगी,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,नन्हे लाल लोधी,विनय जैन,सुरेश गुप्ता,आनंद गुप्ता, के के सक्सेना,अंशुमान यज्ञसैनी,सुशील कुमार,एस पी मिश्रा,पुष्प नाथ तिवारी,मनोज मिर्ची,अजय सिंह,मनोज गुप्ता,वासु साहू,राहुल दीक्षित,के के मिश्रा,अशोक सैनी,सिद्धार्थ सिंह,हर्षित राज श्रीवास्तव,जगदम्बा सोनी,निशा शर्मा,एकता जायसवाल सहित अन्य राम भक्त मौजूद रहे।

# आज से पारले कंपनी क्षेत्र में हुआ गन्ना बुवाई का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । पारले कंपनी द्वारा आज क्षेत्र चदनापुर गांव से गन्ना बुवाई का शुभारंभ किया गया , बुवाई चदनापुर खैरा बाजार गांव के किसान श्री भागोले के खेत से सुरु हुई बुवाई का उद्घाटन पारले के एसोसिएट मुख्य गन्ना प्रबंधक जगतार सिंह द्वारा किसान के खेत पर जाकर फीता काटकर और नाली में गन्ने के टुकड़े डालकर किया गया , साथ ही किसानों को फूल माला भी पहनाई गई साथ ही अन्य काफी किसान भी बुवाई के समय मौजूद रहे श्री जगतार सिंह ने कहा की इस समय जो भी खाली खेत है उन्हें तत्काल तैयार करे और बुवाई करें जिससे इस समय गन्ने का जमाव 10 दिन के अंदर हो जायेगा और जमाव भी काफी अच्छा होगा । उन्होंने बताया कि खेत की तैयारी के समय ट्राइकोडर्मा का प्रयोग जैविक खाद में मिलाकर करे तथा स्वस्थ प्लाट से ही गन्ने का बीज बुवाई के लिए ले । अच्छे जमाव के लिए बीज शोधन हेक्सा टॉप एवं इमिडा कीटनाशक से करे साथ ही बुवाई से पहले नालियों में खाद एवं उर्वरक की सही मात्रा प्रयोग कर उसके बाद बुवाई करे , 2 इंच से अधिक मिटटी गन्ने के टुकड़ो पर ना डाले । उन्होंने बताया कि इस समय लेबर भी आसानी से उपलब्ध हो जाते है और पैदावार भी अच्छी मिलती है अतः अधिक से अधिक क्षेत्रफल में किसान इस समय गन्ना लगाए । गन्ने के साथ सहफसल जरूर ले जैसे - सरसो, आलू , लाही, सब्जियाँ बोनस के रूप में ले सकते है साथ ही अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियां 15023,14201,0118 ही लगाए बुवाई के लिए अभी से बीज सुरक्षित कर ले और जैसे -जैसे खेत खाली हो बुवाई करते जाए बुवाई के समय किसान भागोले नीरज, संतोष, सूरज आदि मौजूद रहे साथ ही कंपनी के अन्य अधिकारी गण अखंड प्रताप सिंह संजीत रमेश सिंह आदि भी उपस्थित रहे ।

# नशेड़ी बेटे ने पैसे के लिए पिता का फोड़ा सिर फिर खुद दे दी जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र के इस्लामपुर गांव में मंगलवार को एक नशेड़ी बेटे ने खौफ नाक वारदात को अंजाम दे दिया।शराब के लि ए पैसे न मिलने पर बेटे ने पहले अपने पिता का सिर फोड़ दिया। फिर खुद पर चाकू से ताब ड़तोड़ वार कर लिया। गंभीर रूप से घायल युव क को अस्पताल ले जाया गया।जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खोड़ारे पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अर्जुन (20) पुत्र तिलक राम के रूप में हुई है। अर्जुन नशे का आदी था। आए दिन घर में विवाद करता था। मंगलवार को उसने शराब पीने के लिए पिता से पांच सौ रुपये मांगे। लेकिन पिता के मना करने पर वह बौखला गया। गुस्से में उसने लकड़ी के पीढ़े से पिता के सिर पर हमला कर दिया। जि ससे तिलक राम गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद अर्जुन ने सब्जी काटने वाला चाकू उठाया और खुद की गर्दन पर वार करने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अर्जुन को एंबुलेंस से गौरा अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही

थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक अर्जुन नशे का आदी था।आए दिन परिजनों से झगड़ा करता था।नशे की हालत में ही उसने यह कदम उठा या गया फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पंच नामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।मामले की जांच की जा रही है।

## बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा-दीक्षा तक सरकार कर रही सहायता : रेनू गौड

फिरोजाबाद । मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 के अंतर्गत नारखी ब्लॉक में बुधवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ की अध्यक्षता में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक चलने वाले आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, महिलाओं और बच्चों ने प्रतिभाग किया।इस मौके पर महिला आयोग की सदस्या ने विस्तार से महिलाओं के लिए चल रहीं योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा-दीक्षा तक सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध करा रही है। जिससे हमारी महिलाएं मानसिक, शारीरिक और शैक्षिक रूप से सशक्त होकर देश के नव निर्माण में अपना योगदान दे सकें।इस अवसर पर महिला आयोग की सदस्य द्वारा कुछ गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई और उन्हें फल वितरित किया गया। साथ ही साथ महिला आयोग की सदस्य द्वारा नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन भी कराया गया।

# काली खोह पहाड़ी इलाके में कुएं से मिला शव मृतक की हुई पहचान, पुलिस जांच में जुटी

**थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि मृतक की पहचान हो चुकी है मामले की जांच की जा रही है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मीरजापुर । विंध्याचल थाना क्षेत्र के काली खोह पहाड़ी इलाके में बुधवार की शाम उस समय हड़कम्प मच गया जब करन वीर की बावली के पीछे लाला बारी के बगीचे में स्थित एक क्षतिग्रस्त कुएं से अज्ञात शव बरामद हुआ।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर शिनाख्त की प्रक्रिया शुरू कर दी।स्थानीय लोगों को बुलाने पर मृतक की पहचान अन्तू नाथ (36) निवासी लोहगरा गांव, थाना बारा, जनपद प्रयागराज के रूप में हुई। मृतक के भाई महेश नाथ ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की और बताया कि अन्तू नाथ कई वर्षों से काली खोह के बड़े बगीचे के पास रहकर मदारी का काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया गया कि वह कई दिनों से अपने डेरे से लापता था। जिसकी खोजबीन परिजन कर रहे थे।मृतक के भाई ने पहचान के दौरान बताया कि अन्तू नाथ के बाएं हाथ में छल्ला था और वह गेरूआ वस्त्र धारण किए हुए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि काली खोह पहाड़ी इलाके के क्षतिग्रस्त कुएं से शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान हो चुकी है। प्रारम्भिक जांच में मृतक के कई दिनों से गायब रहने की बात सामने आई है। अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है : डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



## एनआरएलएम के तहत वित्तीय समावेशन पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक प्रबंधक, बैंक सखी व मिशन प्रबंधक हुये सम्मानित

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार गौरीगंज में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद की सभी बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधक, जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक तथा बैंक सखी शामिल हुईं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आजीविका के अवसरों से जोड़ना है। उन्होंने बैंक शाखा प्रबंधकों से आग्रह किया कि स्वयं सहायता समूहों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने में सक्रिय सहयोग दें ताकि समूहों को ऋण सुविधा का लाभ मिल सके और वे अपने उद्यम को विस्तार दे सकें। उन्होंने कहा ल्लस्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं'। यदि इन्हें सशक्त किया जाय तो गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगी।कार्यक्रम का संचालन एनआईआरडी हैदराबाद से आये राष्ट्रीय संसाधन व्यक्ति (एनआरपी) द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित बैंक अधिकारियों को सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन से जुड़ी योजनाओं, बैंक लिंकेज प्रक्रिया और समूहों को ऋण उपलब्ध कराने की नवीन रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बैंक क्रेडिट लिंकेज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक शाखा प्रबंधकों, बैंक सखियों एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधकों को जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कहा कि स्वयं सहायता समूह केवल आर्थिक सशक्तिकरण ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी माध्यम हैं। उन्होंने सभी बैंकों से अनुरोध किया कि वे समूहों को योजनाओं का लाभ दिलाने में अग्रसर रहें। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, उपायुक्त स्वतः रोजगार प्रवीणा शुक्ला, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राजीव कुमार पाण्डेय, जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक, एवं जनपद की समस्त बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

# ब्लाक प्रमुख के आवास पर वाटर प्रूफ भगवारंग के पण्डाल में होगी श्रीमद भागवत कथा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## ब्लाक प्रमुख तिलोई के आवास पर सज रहा भक्ति का महाकुम्भ

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई के गांव पूरे दान सिंह वैस मजरे मेढ़ौना में आगामी ग्यारह अक्टूबर से होने वाली श्रीमद भागवत कथा की तैयारियां अपने अंतिम चरण पर है। मौसम के बदलते रुख को देखते हुये वाटर प्रूफ पंडाल लगाया गया है जिसमें तीस हजार भक्तों के एक साथ बैठने की व्यवस्था की गई है।श्रीमद भागवत कथा के यजमान एवं ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बताया कि आगामी ग्यारह अक्टूबर से प्रारम्भ होने वाली श्रीमद भागवत कथा में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज के मुखारबिंदु से नियमित दोपहर दो बजे से पांच बजे तक कथा का रसपान कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि ग्यारह अक्टूबर को कथा स्थल से भव्य कलश यात्रा राम जानकी मंदिर जमुरवां तक निकाली जायेगी जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल होगी।आयोजक ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि कथा स्थल के आसपास एक दर्जन पार्किंग स्थल बनाये गये हैं और मौसम के बदलते रुख को देखते हुये वाटर प्रूफ पंडाल लगाया गया है। आयोजक मुन्ना सिंह ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा में प्रदेश सरकार के कई मंत्री विधायकों के साथ ही आला अधिकारियों के आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की लगभग तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। ब्लाक प्रमुख तिलोई ने आम जनमानस से नियमित कथा श्रवण करने की अपील की है।इस मौके पर अखण्ड प्रताप सिंह, रामजी सिंह, दिग्विजय सिंह, शिव भूषण शुक्ला,सिद्धार्थ सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में नवजात बालिकाओं को वितरित की गई बेबी किट

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान के मार्गदर्शन एवं उपजिलाधिकारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के निर्देशन में बुधवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवजात बालिकाओं के जन्म का उत्सव मनाते हुए समाज में ल्लबेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओळ्ळ का संदेश प्रसारित करना और महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों व योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर गायत्री देवी द्वारा नवजात बच्चियों को बेबी किट प्रदान की गई तथा अभिभावकों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में आवेदन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को जन्म से लेकर स्नातक शिक्षा तक विभिन्न चरणों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला मिशन कोऑर्डिनेटर ऋषि कुमार ने महिला कल्याण विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं – जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, महिला सहायता योजना, विधवा पेंशन योजना आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की स्टाफ नर्स, धात्री माताएं, महिलाएं, तथा चिकित्सालय कर्मी उपस्थित रहे।

## गांधी स्टेडियम में संपन्न हुई त्रिदिवसीय जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

पीलीभीत। शहर के गांधी स्टेडियम में आयोजित त्रिदिवसीय 69वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के समापन समारोह में बुधवार को माहौल उत्साह और ऊर्जा से भर गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का संचार करते हैं। मैदान में पसीना बहाने वाला खिलाड़ी जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास और लगन के साथ ऊँचे लक्ष्य तय करने का आह्वान किया।समारोह में विधायक ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जनपद पीलीभीत की धरती खेल प्रतिभाओं से समृद्ध है ।

# दर्दनाक सड़क हादसा दो बाइको की भिड़ंत,ग्राम प्रधान की मौत दौड़ी शोक की लहर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।बण्डा नेशनल हाइवे पूरनपुर थाना क्षेत्र में डिग्री कॉलेज के निकट बुधवार को शाम करीब 4 बजे तेज गति से आ रही बाइको की आमने सामने टक्कर हो गई बाइक पर सवार करीब 40 वर्षीय ग्राम प्रधान की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया घुघंचिचाई थाना क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया भूपसिंह निवासी ग्राम प्रधान रामकुमार प्रजापति पुत्र रामचंद्र लाल प्रजापति बुधवार को किसी कार्य से ब्लॉक में आए हुए थे। दोपहर करीब शाम चार बजे वे अपना काम निपटाकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे।जैसे डिग्री कॉलेज के नज़दीक पहुंचे सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक घुघंचिहाई निवासी अमरजीत पुत्र ख्यालीराम से उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर हो गई राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी और दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया ग्राम प्रधान रामकुमार की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों की टीम उन्हें बचाने के लिये दौड पड़ी सीपीआर देकर उन्हें बचाने की कोशिश की पर डॉक्टरों की कोशिश नाकाम साबित हुई काफी देर बाद चिकित्सा अधिकारी मनीष शर्मा भी मौके पर पहुंचे तब तक ग्राम प्रधान दम तोड़ चुके थे। हादसे की खबर मिलते ही विद्यायक बाबूराम पासवान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, अधिवक्ता एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय पांडे,विद्यायक पुत्र रिक्की पासवान,प्रफुल्ल मिश्रा,प्रधान महेश यादव, ध्रुव सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य विचित्र सिंह, सहित कई ग्राम प्रधान, सचिव अवनीश कुमार परिजन अस्पताल पहुंचे प्रधान की मौत की खबर सुनते ही गांव मे शोक के लहर दौड़ गई है।

## एक लाख बीस हजार के अवैध पटाखा के साथ कारोबारी गिरफ्तार

अमेठी । थाना संग्रामपुर पुलिस ने दीपावाली के त्यौहार पर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये अवैध पटाखा कारोबारियों के खिलाफ शिकंजा कसने की शुरूआत कर दी है। पुलिस ने एक युवक के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध पटाखा बरामद किया है जिसकी कीमत एक लाख बीस हजार हजार रुपया बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत अवैध पटाखों के निर्माण, भण्डारण व बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना संग्रामपुर के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह मय हमराह द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति,वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि विशेषरगंज कस्बे में रामगढ़ रोड पर एक व्यक्ति अपने घर पर अवैध रूप से पटाखों को बेचनें हेतु रखे हुए है।उक्त सूचना के अनुसार बताये गए स्थान से पुलिस टीम द्वारा दीपक पुत्र स्वर्गीय यज्ञ नरायन निवासी ग्राम कस्बा विशेषरगंज थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से तीन बोरी में विभिन्न अवैध पटाखों को बरामद किया गया।

# समाजवादी पार्टी की पीडीए पंचायत यात्रा पहुंची मुरादपुर एवं पटिहन गांव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर।समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में पूरनपुर विधानसभा के ग्राम मुरादपुर और पटिहन में भव्य पीडीए यानि पिछड़ा,दलित, अल्पसंख्यक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। सभा का मुख्य उद्देश्य समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना रहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने की, जबकि संचालन पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश वर्मा जी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ल्लराजूळ्ळ ने कहा कि ''समाजवादी पार्टी ही वह ताकत है जो गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान और वंचित वर्गों की सच्ची आवाज़ बनकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए मिशन ही सामाजिक न्याय की नई दिशा तय करेगा और समाज के हर तबके को बराबरी का अधिकार दिलाने का काम करेगा।श्री राजू ने आगे कहा कि आज सत्ता में बैठे लोग जनता को भ्रमित कर रहे हैं, लेकिन जनता अब जागरूक है और बदलाव का मन बना चुकी है। समाजवादी पार्टी का हर कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर सच्चाई की लड़ाई लड़ रहा है।इस अवसर पर पूर्व विधायक अरशद खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग को साथ लेकर चलती है और भाईचारे की राजनीति में विश्वास रखती है।पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि संगठन की मजबूती ही समाजवादी आंदोलन की ताकत है।सपा नेता ओम शर्मा ने कहा कि जनता आज महंगाई, बेरोजगारी और अन्याय से त्रस्त है।ऐसे में समाजवादी पार्टी ही एकमात्र विकल्प बनकर उभर रही है।महिला सभा की विधानसभा अध्यक्ष मीता सिंह एवं नगर अध्यक्ष मीनू शर्मा ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने सदैव महिलाओं को सम्मान और अवसर दिए हैं।पंचायत में सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि आने वाले चुनाव समाज के भविष्य को तय करेंगे, और हर कार्यकर्ता को मिशन मोड में लगकर समाजवादी पार्टी को विजय दिलानी होगी।सभा के अंत में कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए जय समाजवाद जय अखिले और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया इस दौरान प्रमुख रूप से अनिल शर्मा,सतीश वर्मा. छैलबिहारी,हरीशचंद्र,विनोद गौतम.अजय पाल चौहान.माया प्रसाद गौतम. मीनू शर्मा. रामपाल शर्मा. बाहर अली. बसंत भारती. अनिल शर्मा. ओम शर्मा. कालीचरण यादव. राम कृष्ण भारती आदि सैकड़ो लोग उपस्तिथ रहे।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत बेसिक स्कूल में मनाया गया महिला सशक्तिकरण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बेसिक के कंपोजिट स्कूल गढ़ाकला में मिशन शक्ति के अंतर्गत स्कूल की बालिकाओं और महिला कर्मचा रियो को शासन द्वारा कार्यक्रम मिशन शक्ति में महिला सशक्तीकरण के बारे मे थाना सेहरा मऊ उत्तरी के उप निरीक्षक चमन सिंह अपनी टीम कांस्टेबल पारुल और कांस्टेबल प्रिंस कुमार के साथ विधालय में आकर छात्राओं और महिलाओं को जानकारी दी और पम्पलेट सभी को बांटे और मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला हेल्प लाइन, एम्बुलेंस, पुलिस हेल्प लाइन नम्बर की जानकारी दी उप निरीक्षक चमन सिंह ने छात्राओं को बताया कि अगर आपको कोई परेशान करे तो तुरन्त उक्त हेल्प लाइन नंबर को डायल करे और सरकार से सहयता ले इस अवसर पर स्कूल इंचार्ज मंजू रानी ,सहायक अध्यापक , सोहन आगनबाड़ी कार्यकतरी सुनीता देवी ,राम प्रताप, नोडल संकुल शिक्षक हुकुम सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे नोडल संकुल शिक्षक हुकूम सिंह ने सभी को बताया कि किसी भी छात्रा को डरने की जरूरत नहीं है तुरन्त कॉल हेल्प लाइन नंबर पर करके सरकार से सहायता ले और ऐसे कार्यक्रम होने से महिलाओ को अपने अधिकारों जानकारी मिलेगी और निडर बनेगी और इसी के साथ नोडल संकुल शिक्षक हुकुम सिंह ने पूरी पुलिस टीम को कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया है।

## जिला अस्पताल में मरीजों की लगी लंबी लाइन मरीजों के साथ औषधि वितरण कर्मचारी कर रहे अभद्रता

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइनें लग गई हैं।खासकर मौसम बदलने के कारण। अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के बावजूद मरीजों की संख्या बढ़ रही है। एक दिन की ओपीडी में सैकड़ों मरीजों की संख्या आम बात है,लेकिन मौजूदा समय में यह संख्या लगभग हजारों तक पहुंच गई है। अधिकतर मरीज खांसी, बुखार और स्किन इन्फ़ेक्शन से पीड़ित हैं। मरीजों को लंबी लाइनों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। औषधि वितरण कर्मचारियों द्वारा मरीजों के साथ अभद्र व्यवहार की खबरें भी सामने आ रही हैं। अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।औषधि वितरण कर्मचारियों द्वारा मरीजों के साथ की गई अभद्र व्यवहार के खिलाफ जल्द ही मरीजों ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से शिकायत करने की बात कही है।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

पीलीभीत।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार पीलीभीत को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में नगर पंचायत में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने की मांग की है।सुभासपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कैफ रजा की अध्यक्षता में यह ज्ञापन दिया गया हैं। जिले में बुखार से अधिक मृत्यु हो चुकी है।पूरे जिले की नगर पालिकाएं नगर पंचायते और ग्राम पंचायतों में मच्छरों के रोकथाम के लिए दवा छिड़कबाई जाए और साफ सफाई दुरुस्त कराई जाए इस मौके पर जुल्फिकार अली प्रदेश सह प्रभारी राजू वर्मा, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष अजहर खान, मंडल अध्यक्ष मीडिया प्रभारी सहित अन्य कई कार्यकता उपस्थित रहे हैं।

## कजरा कजरी धान खरीद में धांधली का आरोप, संयुक्त किसान मोर्चा ने हाईवे पर रोका बाहरी धान मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के कजरा कजरी–खुटार बार्डर पर बुधवार सुबह दस बजे संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बाहरी जनपदों से लाए जा रहे धान को रोककर विरोध जताया। किसान नेताओं का आरोप है कि स्थानीय मंडियों में पहले से ही क्षेत्रीय किसानों का धान नहीं खरीदा जा रहा, जबकि बाहर से आ रहे धान लाकर बेचा जा रहा है। इससे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। विरोध के दौरान किसान हाईवे पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। मौके पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही सेहरामऊ पुलिस, एसडीएम, मंडी सचिव और पुलिस बल मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत कर समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

## पांच दिवसीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि महायज्ञ के लिए निकली कलश यात्रा

कुड़वार सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय 24 कुंडीय महायज्ञ के लिए कार्यक्रम स्थल गायत्री प्रज्ञा धाम से कलश यात्रा निकाली गई। बुधवार को स्थानीय कस्बे के गायत्री प्रज्ञा धाम से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाओं ने कलश लेकर भक्ति मय माहौल में डीजे व वाहनों के साथ नगर क्षेत्र का भ्रमण किया। कस्बे में भ्रमण के बाद कलश यात्रा आदि गंगा गोमती के तट पर पहुंची। जहा महिलाएं कलश में जल लेकर वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। कलश यात्रा में भाजपा की काशी प्रांत की महिला मोर्चा उपाध्यक्ष बबिता तिवारी भी महिलाओं के साथ शामिल हुई। वही यात्रा का संचालन दयाराम अग्रहरी, आयोजक आशीष अग्रहरि आदि ने किया। यात्रा में राम सूरत तिवारी, शशि कांत तिवारी, सत्य नारायण पांडेय, नरेंद्र तिवारी, सुभाष तिवारी सहित गणमान्य लोग शामिल रहे।

# प्रेम प्रसंग में युवक की पीट–पीट कर हत्या, मचा कोहराम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कुड़वार सुल्तानपुर। निमंत्रण से वापस लौटे पति ने पत्नी को गांव निवासी युवक के साथ घर में देखते ही आपा खो दिया। और युवक की लाठी डंडे से पीट पीट कर हत्या कर दी। साथ ही पत्नी को मारकर लहूलुहान कर दिया। घायल पत्नी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। वही मृतक प्रेमी के शव को पुलिस मर्चरी भेजकर विधिक कार्यवाही में जुटी है। मामला बंधुआ कला थाना क्षेत्र के बबुरी गांव से जुड़ा है। जहां मंगलवार देर शाम निमंत्रण से वापस लौटे रमेश(30)दत्तक पुत्र बाबू लाल कोरी ने अपने घर में गांव निवासी विशाल(18)पुत्र विनोद कोरी को अपनी पत्नी वंदना के साथ विषम परिस्थिति में देख लिया। इतना देखते ही पति रमेश आपा खो बैठा और पत्नी व गांव निवासी युवक पर लाठी डंडे, कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। मारपीट में गांव निवासी युवक विशाल की मौके पर मौत हो गई। जबकि घायल पत्नी वंदना का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक विशाल के शव का पंचनामा करके मर्चरी भेज दिया। मृतक विशाल अपने भाइयों अरुण व अंशु के बीच का था। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की मां गीता व बहनों अंतिमा,शांतिमा का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के पिता पंजाब में रहकर मजदूरी करते है। घटना की सूचना पर घर पहुंचने वाले है। पुलिस मृतक की मां गीता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर रही है। प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि प्रेम प्रसंग के चलते पति ने गांव निवासी युवक की हत्या कर दी। साथ ही पत्नी को पीट पीट कर लहू लुहान कर दिया। जिसका इलाज चल रहा है।

# दुर्गापूजा भंडारे से लौट रही कार अनियंत्रित होकर नहर में गिरी, एक की मौत दूसरा लापता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय थाना क्षेत्र के ग्राम दक्खिनगांव में मंगलवार की देर रात दुर्गा पूजा भंडारे से लौट रही एक स्विफ्ट डिजायर कार शारदा सहायक नहर खन्ड सोलह में गिर गई, जिसमें सवार चार लोगों में से एक की मौत हो गई जबकि एक युवक अभी तक लापता है। जानकारी के मुताबिक संतोष यादव पुत्र राजित राम यादव पप्पू यादव पुत्र सुखराम यादव निवासी ग्राम धमथुवा जिला अयोध्या मित्रसेन यादव पुत्र जानकी यादव ग्राम दक्षिण गांव थाना बल्दीराय बिल्लू यादव पुत्र लोधे यादव ग्राम नीखी ब्राहिमपुर अयोध्या मंगलवार की रात करीब 9:40 बजे भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर कार से दक्षिण गांव लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार दक्खिनगांव नहर पुल के पास पहुंची, चालक ने सड़क की पटरी पर चढ़ाने का प्रयास किया, तभी कार अनियंत्रित होकर नहर में समा गई। घटना के बाद दुर्गा पूजा देख कर आते ग्रामीणों ने शोर मचाकर बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से तीन लोगों को बाहर निकाला गया, एक युवक अब तक लापता है। निकाले गए घायलों में से मित्रसेन यादव की सीएचसी बल्दीराय ले जाते समय मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम ने बचाव कार्य शुरू किया नहर के गहरे पानी में लापता पप्पू यादव का पता अभी तक नही चल सका है ग्रामीणों की मदद से लापता युवक की तलाश जारी है।घटनास्थल पर भारी भीड़ जुटी हुई है, और पूरे क्षेत्र में मातम व अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। लापता यूवक की की जा रही है तलाश घटना में एक यूवक की मौत की बाद दूसरे लापता यूवक पप्पू यादव के शव की तलाश के लिए एन डी आर एफ की टीम नहर के गहरे पानी में लगी है समाचार लिखे जाने तक शव का पता नही चल सका था।

## चाट फिरोजपुर में बच्चों के विवाद को सुलझाना पड़ा भारी, महिला पर धारदार हथियार से हमला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव चाट फिरोजपुर में बुधवार को बच्चों के मामूली विवाद के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई। गांव निवासी द्रोपती पत्नी हरीबाबू ने बताया कि उसकी देवरानी पूनम के बच्चे को गांव के ही सुनील के बच्चे से झगड़ा हो गया था। उसने विवाद बढ़ता देख दोनों बच्चों को अलग कर दिया। इसी बात से नाराज होकर सुनील, पूरनलाल, अजय, गंगा देवी और सुमन ने मिलकर द्रोपती के घर में घुसकर उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी–डंडों से पिटाई करने के साथ ही धारदार हथियार मारकर उसे घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर आरोपी वहां से भाग निकले। घायल द्रोपती ने घटना की सूचना पुलिस को दी है और हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## कंटेनर की टक्कर से उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक सड़क हादसे में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला बमनपुरी निवासी प्रदीप शुक्ला वुधवार सुबह करीब दस बजे बाइक से कहीं जा रहे थे। जैसे ही वे बंडा बस स्टैंड के पास पहुंचे, तभी एक कंटेनर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में प्रदीप शुक्ला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## पूरनपुर बॉर्डर पर संयुक्त किसान मोर्चा ने रोका खुटार से आने वाला धान,धरना प्रदर्शन जारी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। असम हाइवे पर कजरी के निकट संयुक्त किसान मोर्चा ने बुधवार को धरना प्रदर्शन किया धान लेकर आने वाले वाहनों को बॉर्डर पर ही रोक दिया किसानों का कहना था कि गैर जनपदों से धान पूरनपुर क्षेत्र में आता है इस पर रोक लगाई जाए गैर जनपदों से पीलीभीत जा रहे धान को बंद करने की मांग करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के किसानों ने बुधवार को बॉर्डर पर ही ट्रैक्टर ट्रालियां,गाड़िया,व ट्रकों को व गैर जनपद के किसानो की रोक दिया जिससे जाम की लम्बी कतार लग गई जानकारी पाकर पूरनपुर के एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, पूरनपुर मंडी सचिव सर्वेश शुक्ला, सेहरामऊ उत्तरी थाना प्रभारी संजय कुमार, खुटार थाना प्रभारी आरके रावत मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता कर समझाने की भरपूर कोशिश की कई घंटे तक चली वार्ता के बाद भी किसान धरने से हटने को तैयार नहीं हुए किसानों का कहना था कि गैर जनपदों से धान पूरनपुर क्षेत्र में आता है इससे यहां के किसानों को धान बिक्री करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है जब तक धान के आने पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा, वे लोग न तो धरना समाप्त करेंगे और न ही खुटार की ओर से आने वाले धान भरे ट्रक और ट्रॉलियों को पूरनपुर जाने देंगे व बाहर के किसानों के आने वाले धान पर रोक नहीं रहेगी अगर कोई व्यापारी बाहर से भेजता है तो इसके लिए किसान यूनियन के छह सदस्यों के साथ मंडी की एक टीम जांच करेगी किसान नेताओं ने जिला प्रशासन से तुरंत बाहरी धान की आवक पर रोक लगाने और स्थानीय किसानों के धान को प्राथमिकता से खरीदने की मांग की उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा जाम के कारण राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आवागमन सुचारु कराने का प्रयास किया। अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि मंडी समितियों में जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। देर शाम तक प्रशासन और किसान नेताओं के बीच वार्ता जारी रही, और कई धान से लदे ट्रकों को अस्थायी रूप से वहीं रोका गया है।

## परदेश से माह भर पहले आया था पति

कुड़वार कैनविज टाइम्स संवाददाता। हत्या कांड का आरोपी पति रमेश माह भर पहले मुंबई से घर आया था। वह मुंबई में रहकर मजदूरी करता है। आरोपी के कोई संतान नहीं है। इसकी पहली शादी 12 साल पहले मनियारी गांव में हुई थी लेकिन कुछ दिनों में ही संबंध विच्छेद हो गया। जिसके बाद 07 साल पहले उमरपुर लंभुआ निवासी वंदना से शादी किया था। जिसकी सात साल के वैवाहिक जीवन में कोई संतान नहीं है। उसकी मां की पहले ही मौत हो गई है। वृद्ध पिता बाबू लाल अपनी बहू के साथ घर में रहता था।

## सम्पादकीय

# 'कफ सिरप कांड' से गंभीर सबक लेने की जरूरत

'कफ सिरप' से नौनिहालों की मौत का सिलसिला थमने की बजाय बढ़ता जा रहा है। हालांकि ताबड़तोड़ छापेमारी, धरपकड़, गिरफ्तारियां भी साथ-साथ हो रही हैं। इस कांड की चर्चा भारत में ही नहीं, दुनिया के दूसरे देशों में हो रही है। दिल-दहला देने वाली 'कफ सिरप' की घटना के गर्भ से उपजे इस अक्षम्य अपराध ने भारत में कुकुरमुत्तों की तरह सक्रिय नकली फार्मा कंपनियों की ओर दुनिया का ध्यान करा दिया है। जाली फार्मा कंपनियों का जाल इस समय देश में फैला हुआ है। नकली दवाइयों के निर्माण में अभी तक चीन बदनाम था। पर, तीन वर्ष पहले जब भारतीय फार्मा कंपनियों द्वारा निर्मित नकली कफ सिरप के पीने से अफ्रीकी देशों में 50 से भी अधिक बच्चों की जब मौत हुई तो दुनिया की नजरों में भारत आ गया। ताजा घटना ने इन चर्चाओं को और हवा दे दी है। विदेशी अखबारों में भी कफ सिरप कांड की खबरें प्रमुखता से छप रही हैं। इससे भारतीय फार्मा कंपनियों की साख को काफी धक्का पहुंचा है। खबरें ऐसी भी हैं कि कुछ देशों ने पहले से करार दवाइयों के ऑर्डरों को निरस्त करना भी शुरू कर दिया है। अफ्रीकी देश तो पहले से ही चौकन्ने हैं। भारत में बनीं कफ सिरप पीकर जब अफ्रीकी बच्चों की मौत हुई तब इसे लेकर केंद्र सरकार ने जुर्माने सहित तमाम कठोर कदम उठाए थे। कई फार्मा कंपनियों को ब्लैकलिस्ट और कइयों के लाइसेंस निरस्त किए गए थे। लेकिन दोबारा ऐसी कंपनियां सक्रिय हो गई हैं जिससे अफ्रीका जैसी घटना की पुनरावृत्ति भारत में हुई है। राजस्थान-मध्य प्रदेश में कथित रूप से कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत के मामलों ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। ऐसी खबरें आती हैं कि नकली दवा के सेवन से मरीजों की किडनियां खराब हुईं, जिससे उनकी मौत भी हुई। सभी जानते हैं कि भारत में जेनेरिक दवाओं के वितरण में बड़ा घपला है। आमजन से लेकर सरकारें भी इस सच्चाई से वाकिफ होती हैं कि दवा क्षेत्र में बड़े माफिया सक्रिय हैं लेकिन इनके खिलाफ की गई हर कार्रवाई बौनी साबित हुई है। भारत में निर्मित दवाओं की गुणवत्ता काफी समय से सवालों के घेरे में है। जेनेरिक दवाओं के वितरण में भारत में करीब 15 से 20 हजार औषधि केंद्र संचालित हैं। जबकि, इनकी संख्या इस साल के अंत तक 25 हजार तक पहुंचाने का लक्ष्य केंद्र सरकार ने निर्धारित किया हुआ है। लेकिन इनके भीतर कितना गड़बड़झाला है, जिसकी भनक मरीजों को जरा भी नहीं है। फार्मा कंपनियों और कमीशनखोरों को अच्छे से पता होता है कि मरीज दवाओं के नाम पर हर वह चीज गटक जाएंगे जो उन्हें दी जाएगी और उन्हें इसका पता भी नहीं चलेगा। कमोबेश, हो भी कुछ वैसा ही रहा है। बहरहाल, मौजूदा 'कफ सिरप' कांड ने न सिर्फ स्वास्थ्य सिस्टम को हिलाया है, बल्कि पूरा देश सोचने पर मजबूर है। कफ सिरप के नाम पर भारत में बीते कई वर्षों से मासूमों को जहर पिलाया जा रहा है। भांड़ा तब फूटा जब दर्जन भर के करीब बच्चे मौत के मुंह में समा गए। इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी कोई जिम्मेदारी नहीं ले रहा। दवाओं के नाम पर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ से बड़ा अपराध दूसरा नहीं हो सकता। गलत दवा लिखने वाले चिकित्सकों पर कड़ा एक्शन हो और मुनाफा कमाने के भूखे विक्रेताओं पर सरकारी चाबुक चले- ऐसी कल्पना सभी करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य ऐसा होता नहीं। भारत में 3,000 से अधिक दवा कंपनियां रजिस्टर्ड हैं जिनके पास 10,500 से अधिक विनिर्माण इकाइयां हैं। यह उद्योग जेनेरिक दवाओं के निर्माण और आपूर्ति पर केंद्रित है। दवा निर्माण में भारत वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान रखता है लेकिन अपने काले कारनामों के चलते ये फार्मा कंपनियां सभी की नजरों में आ गई हैं। भारतीय फार्मा उद्योग का कुल बाजार साल 2030 तक 130 मिलियन अमेरिकी डॉलर और साल 2047 तक 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय दवा कंपनियों से केंद्र सरकार को वित्त वर्ष 2025 में करीब 11 फीसदी अधिक राजस्व हासिल हुआ।

# अंडमान-निकोबार के विकास में रोड़ा बनती कांग्रेस

**अंडमान-निकोबार द्वीप समूह का निकोबार क्षेत्र आरक्षित जैवमंडल (बायोस्फीयर) क्षेत्र में आता है। इसे 2013 में विशेष जैवमंडल का दर्जा दिया गया था। भारत में कुल 18 जैवमंडल क्षेत्र हैं, उनमें से एक निकोबार जनजातीय (आदिवासी) आरक्षित वन-भूमि की श्रेणी में है। इस समुद्री क्षेत्र में विशेष प्रजाति के लैदरबैक कछुए, खारे पानी में रहने वाले मगरमच्छ, निकोबारी केकड़े खाने वाले मकाक और प्रवासी पक्षी शामिल हैं। जिनका इस बहुआयामी विकास परियोजना से प्रभावित होना तय है। निर्माणाधीन पोतांतरण टर्मिनल, ऊर्ज़ा संयंत्र, हवाई अड्ढा और आवासीय भवन भी बनाए जा रहे हैं। उत्तरी और मध्य अंडमान के बीच सड़क सुविधा को बेहतर बनाने के लिए दो बड़े पुल निर्माणाधीन हैं और यहां के राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है।**

प्रमोद भार्गव

महान निकोबार ढांचागत परियोजना के विकास में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी रोड़ा बन रही हैं। इस परियोजना पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने एक अंग्रेजी अखबार में लिखे लेख में कहा है कि 'शोम्पेन और निकोबारी जनजातियों का अस्तित्व इस परियोजना के चलते दांव पर है। भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एक विशिष्ट पारिस्थितिकी तंत्र के विनाश की अनुमति नहीं दे सकती। हमें न्याय के इस उपहास और राष्ट्रीय मूल्यों के साथ इस विश्वासघात के विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए।' इसके पहले राहुल गांधी ने भी जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम को लिखे पत्र में इस परियोजना पर आपत्ति जताई थी। विडंबना देखिए मां-बेटे को एक अत्यंत संरचनात्मक विकास परियोजना पर तो आपत्ति है लेकिन उन्हें कभी आदिवासियों के ईसाई और इस्लामीकरण पर आपत्ति नहीं होती है। दोनों के मुख से कभी नहीं सुना गया कि जबरन धर्मांतरण कतई न्यायसंगत नहीं है।

दूरांचल में समुद्र तटीय क्षेत्रों में भारत विकास की दृष्टि से पीछे रहा है। उन तटीय क्षेत्रों पर भी हमने ध्यान नहीं दिया, जो देश के लिए नई आर्थिकि और चीन जैसे देश से चुनौती के लिए सामरिक दृष्टि से अहम हो सकते हैं। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह इस नाते अछूता है। इस परिप्रेक्ष्य में हम इस क्षेत्र को एक तो प्रसिद्ध सेल्यूलर जेल के नाम से जानते हैं, जो अब राष्ट्रीय स्मारक है। दूसरे उन जनजातियों के लिए जानते हैं, जो आज भी भारत की मुख्यधारा का हिस्सा नहीं बन पाई हैं। नतीजतन अपनी परंपरागत प्राकृतिक अवस्था में रहकर प्रकृति से ही गुजर-बसर कर रही हैं। किंतु अब इस उपेक्षित क्षेत्र की तस्वीर बदलने जा रही है। सिंगापुर की तर्ज पर निकोबार के तट का विकास केंद्र सरकार बड़ी मात्रा में धन का निवेश करके 'महान निकोबार द्वीप परियोजना' (जीएनआई) के अंतर्गत कर रही है। 75 हजार करोड़ की इस बृहद परियोजना के तहत कई परियोजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने की तैयारी है।

निकोबार द्वीप समूह 10 हजार 44 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला है। बंगाल की खाड़ी में पोत परिवहन को नया आयाम देते हुए 10 हजार करोड़ रुपए की लागत से एक पोतांतरण बंदरगाह (ट्रांसशिपमेंट पोर्ट) का निर्माण करने की योजना निर्माणाधीन है। यह बंदरगाह विकास से जुड़ी गतिविधियों के बड़े केंद्र के रूप में विकसित होगा। विकास के इसी क्रम में चेन्नई से अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तक तेज इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने वाली देश की पहली समुद्री ऑप्टिकल फाइबर परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 अगस्त 2022 को कर चुके हैं। देश की मुख्य भूमि से 2312 किसी दूर तक तार को समुद्री जल के भीतर बिछाया गया है। इस कठिन और चुनौतीपूर्ण कार्य में 1224 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इस बंदरगाह को समुद्री जल मार्ग की प्रमुख गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। वैसे भी यह क्षेत्र दुनिया के कई पोतांतरण बंदरगाहों की तुलना में काफी प्रतिस्पर्धा दूरी पर स्थित है। बदलती जरूरतों के परिप्रेक्ष्य में पूरी दुनिया यह मानकर चल रही है कि जिस देश में हवाई अड्ढों और बंदरगाहों का नेटवर्क और कनेक्टिविटि जितनी बेहतर होगी, इक्कीसवीं सदी के व्यापार में वही देश अग्रणी रहेंगे। ऐसे में इस दूरांचल में ढांचागत सुविधाएं बढ़ेंगी तो अंचल का विकास तो होगा ही, अन्य भारतीयों से समरसता भी बढ़ेगी।

एक बार जब यह बंदरगाह बन जाएगा तो यहां बड़े-बड़े देशी-विदेशी जहाज भी रुकने लगेंगे। इससे समुद्री व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ेगी और युवाओं को नए रोजगार पैदा होंगे। अकुशल मजदूरों को भी काम-धंधा मिलेगा। इस द्वीप पर विकसित किए जा रहे माल-परिवहन के दो रणनीतिक कंटेनर पोतांतरण टर्मिनल के दो भौगोलिक फायदे होंगे। पहला, यह व्यस्त पूर्वी-पश्चिमी अंतरराष्ट्रीय जहाज रानी मार्ग के निकट है। अतएव शुरू होने के बाद यह पोतांतरण की बेहतर सुविधा देगा, नतीजतन व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी। दूसरे, इस क्षेत्र में आधुनिक ढंग से निर्मित जहाजों से माल उतारने-चढ़ाने की सुविधाएं बंदरगाह पर उपलब्ध होंगी, इस कारण बड़े जहाजों की आवाजाही बढ़ेगी। फिलहाल भारत के ज्यादातर बंदरगाहों पर बड़े जहाज बंदरगाह के प्लेटफॉर्म तक नहीं पहुंच पाते हैं। अतएव छोटे जहाजों में माल उतार व लादकर गंतव्य तक पहुंचने का अतिरिक्त श्रम व मजदूरी लगती है। इस प्रक्रिया में माल का खर्च बढ़ जाता है।

अंडमान-निकोबार प्रशासन ने कुछ समय पहले ही महान निकोबार द्वीप की दक्षिणी खाड़ी में मुक्त व्यापार भंडारण क्षेत्र विकसित करने के लिए कंटेनर पोतांतरण टर्मिनल के लिए प्रक्रिया आरंभ की है। इससे भारतीय पोत परिवहन को कोलांबो (लंका), सिंगापुर और मलेशिया के क्लांग बंदरगाह में पोतांतरण का नया विकल्प हासिल होगा। दरअसल वर्तमान में भारत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता के लिए एक दृढं संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। साथ ही वैश्विक स्तर पर विनिर्माण और वस्तुओं की आपूर्ति की कड़ी में अहम भागीदारी कर खुद को एक विश्वसनीय कारोबारी के रूप में स्थापित करने में लगा है। इससे भारत को समुद्र में देशी-विदेशी यातायात और समुद्री संपदा से आर्थिकी और रोजगार के नए मार्ग खुलेंगे। चीन के निकट होने के कारण इस बंदरगाह का सामरिक रूप में भी रणनीतिक व कूटनीतिक उपयोग किया जा सकेगा।

विकास पूर्ण हो जाने पर यहां मछली पालन एक्वाकल्चर और सीवीड फॉर्मिंग का कारोबार बढ़ेगा। भारत के व्यापारी ही नहीं दुनिया के कई देश इस परिप्रेक्ष्य में व्यापार की बड़ी संभावनाएं देख रहे हैं। इस दृष्टि से पोर्टब्लेयर में एक पायलट परियोजना शुरू की गई थी, जिसके परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। गुजरात के भावनगर स्थित 'केंद्रीय नमक व समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान' पिछले कई वर्शों से काम कर रहा है। भारत में लगभग 8,118 किमी समुद्र तटीय क्षेत्र है। इस पूरे क्षेत्र में मछलियों और समुद्री शैवाल व एल्गी का बड़ी मात्रा में प्राकृतिक रूप से उत्पादन होता है। प्रधानमंत्री 'मत्स्य संपदा योजना' के अंतर्गत 640 करोड़ रुपए इस संपदा को सुगम खाद्य पदार्थ में बदलने के लिए दिए गए हैं। अंडमान-निकोबार से लेकर समुद्र तटीय मछुआरों की हालत भी मैदानी क्षेत्रों में फैले गरीब व पराश्रित किसानों जैसी ही है। इन तटवर्ती क्षेत्रों में मछली पकड़कर आजीविका चलाने वाले मछुआरों की संख्या करीब आठ करोड़ है। बड़ी नदियों से मछली पकड़ कर गुजारा करने वाले भी करीब तीन करोड़ मछुआरे हैं। गोया, तय है अंडमान-निकोबार क्षेत्र में तटवर्ती मछुआरों को इस क्षेत्र के विकास का सीधा लाभ मिलेगा। मछली और सीवीड का कारोबार बढ़ेगा, जिससे इस समुदाय की समृद्धि बढ़ेगी।

अंडमान-निकोबार द्वीप समूह का निकोबार क्षेत्र आरक्षित जैवमंडल (बायोस्फीयर) क्षेत्र में आता है। इसे 2013 में विशेष जैवमंडल का दर्ज़ा दिया गया था। भारत में कुल 18 जैवमंडल क्षेत्र हैं, उनमें से एक निकोबार जनजातीय (आदिवासी) आरक्षित वन-भूमि की श्रेणी में है। इस समुद्री क्षेत्र में विशेष प्रजाति के लैदरबैक कछुए, खारे पानी में रहने वाले मगरमच्छ, निकोबारी केकड़े खाने वाले मकाक और प्रवासी पक्षी शामिल हैं। जिनका इस बहुआयामी विकास परियोजना से प्रभावित होना तय है। निर्माणाधीन पोतांतरण टर्मिनल, ऊर्ज़ा संयंत्र, हवाई अड्ढा और आवासीय भवन भी बनाए जा रहे हैं। उत्तरी और मध्य अंडमान के बीच सड़क सुविधा को बेहतर बनाने के लिए दो बड़े पुल निर्माणाधीन हैं और यहां के राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है।

इस कारण पर्यावरणविद् यह आशंका जता रहे हैं कि इससे यहां के प्राचीन वर्षावनों को भारी क्षति होगी। इन्हें हानि होगी तो कई दुर्लभ प्राणी व वनस्पतियों की प्रजातियां और इस भू-भाग का मानसून भी प्रभावित होगा। यही नहीं, निकोबार द्वीप समूह में गिनती के रह गए जो जनजातीय समूह आदिम अवस्था में रहते हैं, उनका नैसर्गिक जीवन प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इनमें शोम्पेन और निकोबारी वनवासी जनजातियां शामिल हैं। इनकी संख्या करीब 1761 है। निकोबार में एक विशेष प्रजाति का- न उड़ सकने वाले पक्षी मेगापॉड का भी घर है। दरअसल, यह विकास गलाथि खाड़ी और कैम्पबेल खाड़ी राष्ट्रीय उद्यानों की दस किमी परिधि में होना है, जो पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। हालांकि भारतीय प्राणी सर्वेक्षण और अंडमान-निकोबार प्रशासन के वन एवं पर्यावरण विभाग ने दावा किया है कि परियोजना से वन और प्राणियों को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। मैंग्रोव वृक्षों का संरक्षण और दस हेक्टेयर में फैली मूंगा चट्टानों की 20,668 बस्तियों में से 16,150 बस्तियों की सुरक्षा मूल स्थान से खिसका कर की जा रही है। अतएव पर्यावरणविदों और सोनिया राहुल की आपत्तियां बेवजह हैं। यदि कुछ पर्यावरणीय हानि उठानी भी पड़ती है तो इसे इसलिए स्वीकारा जाना चाहिए, क्योंकि यह बृहद परियोजना राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिक उद्देश्यों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसके तहत सैन्य-नागरिक उपयोग के लिए आवागमन के श्रेष्ठ उपाय किए जा रहे हैं। यहां के अधिकतर विकास कार्य भी नौसेना के नियंत्रण में होने हैं। महान निकोबार द्वीप देश के सुदूर और दुर्गम क्षेत्र का दक्षिणी भाग है। यहां से बंगाल की खाड़ी, दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी एशियाई सागर क्षेत्र में भारत को सामरिक और व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण व उपयोगी नियंत्रण की सुविधा इस क्षेत्र के संपूर्ण विकास के बाद हासिल हो जाने की उम्मीद है। दरअसल, इसी दक्षिण सागर में चीन का जबरदस्त हस्तक्षेप है। चीन का प्रमुख व्यापार और साम्राज्यवादी दबदबा इसी मलक्का-जलडमरूमध्य में सबसे ज्यादा है। लंका तो यहां से निकट है ही, इंडोनेशिया का सुमात्रा द्वीप भी बमुश्किल 90 किमी की दूरी पर है। यह स्थल मलक्का-जलडमरूमध्य के पश्चिमी प्रवेश द्वार के करीब है। खाड़ी से तेल ले जाने वाले और पश्चिम में वस्तुओं का निर्यात करने वाले चीनी जहाज मलक्का जलडमरू मध्य से ही गुजरते हैं। अतएव निकोबार द्वीप पर सैन्य सामग्री व युद्धपोतों को रखने एवं बनाने के लिए डॉकयार्ड भी यहां बनाए जा सकते हैं। साफ है, जब युद्धपोत यहां खड़े किए जाएंगे तो मिसाइलें भी स्थापित करने के उपाय किए जाएंगे। अतएव परियोजना के माध्यम से यह ढांचागत उपाय भारत की सामरिक रणनीति का भी हिस्सा है।

# समय के साथ बदल रहा है डाक विभाग

विश्व डाक दिवस (9 अक्टूबर) पर विशेष

**रमेश सर्राफ धमोरा**

पूरी दुनिया में 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1874 में इसी दिन यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का गठन करने के लिए स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न में 22 देशों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था। 1969 में जापान के टाकियो शहर में आयोजित सम्मेलन में विश्व डाक दिवस के रूप में इसी दिन को चयन किये जाने की घोषणा की गयी थी। 01 जुलाई 1876 को भारत यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बनने वाला भारत पहला एशियाई देश था। जनसंख्या और अंतरराष्ट्रीय मेल ट्रैफिक के आधार पर भारत शुरू से ही प्रथम श्रेणी का सदस्य रहा है।

भारत में डाकघर का इतिहास ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के समय से शुरू होता है जब रॉबर्ट क्लाइव ने 1766 में पहली डाक व्यवस्था स्थापित की। वॉरेन हेस्टिंग्स ने 1774 में कोलकाता में पहला डाकघर खोला और 1854 में लॉर्ड डलहौजी ने भारत में एक राष्ट्रीय डाक सेवा की शुरुआत की। आज भारतीय डाक दुनिया के सबसे बड़े डाक नेटवर्क में से एक है जो बैंकिंग, बीमा और अन्य सेवाओं के साथ आम आदमी का भरोसेमंद साथी है। 01 अक्टूबर 1854 को भारतीय डाक विभाग की स्थापना के साथ भारत में पहली बार डाक टिकट भी जारी किया गया था। विश्व डाक दिवस का मकसद देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में डाक क्षेत्र के योगदान के बारे में जागरुकता पैदा करना है। दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष 150 से ज्यादा देशों में विविध तरीकों से विश्व डाक दिवस आयोजित किया जाता है। भारतीय डाक प्रणाली का जो उन्नत और परिष्कृत स्वरूप आज हमारे सामने है, वह लंबे सफर की देन है। अंग्रेजों ने डेढ़ सौ साल पहले अलग-अलग हिस्सों में अपने तरीके से चल रही डाक व्यवस्था को एक सूत्र में पिरोने की पहल की थी। उन्होने भारतीय डाक को नया रूप-रंग दिया। पर अंग्रेजों की डाक प्रणाली उनके सामरिक और व्यापारिक हितों पर केंद्रित थी।

हमारे देश में पहले डाक विभाग का इतना अधिक महत्व था कि फिल्मों तक में डाकिये पर कई मशहूर गाने फिल्माये गये हैं। मगर अब नजारा पूरी तरह से बदल चुका है। इंटरनेट के बढ़ते प्रभाव ने डाक विभाग के महत्व को बहुत कम कर दिया है। आज लोगों ने हाथों से चिट्ठियां लिखना छोड़ दिया है। अब ई-मेल, वाट्सएप व सोशल मीडिया, इंटरनेट के माध्यमों से मिनटो में लोगो में संदेशों का आदान प्रदान हो जाता है।

आज डाक में लोगों की चिट्ठियां तो गिनती की ही आती है। मनीआर्डर भी बन्द ही हो गये हैं। मगर डाक से अन्य सरकारी विभागों से सम्बन्धित कागजात, बैंको व अन्य संस्थानो के प्रपत्र काफी संख्या में आने से डाक विभाग का महत्व फिर से एक बार बढ़ गया है। डाक विभाग कई दशकों तक देश के अंदर ही नहीं बल्कि एक देश से दूसरे देश तक सूचना पहुंचाने का सर्वाधिक विश्वसनीय, सुगम और सस्ता साधन रहा है। लेकिन इस क्षेत्र में निजी कम्पनियों के बढ़ते दबदबे और फिर सूचना तकनीक के नये माध्यमों के प्रसार के कारण डाक विभाग की भूमिका लगातार कम होती गयी है। वैसे इसकी प्रासंगिकता पूरी दुनिया में आज भी बरकरार है। भारत में डाक विभाग के महत्व को मशहूर शायर निदा फाजली के शेर -सीधा-साधा डाकिया जादू करे महान, एक ही थैले में भरे आंसू और मुस्कान - से समझा जा सकता है। शायर निदा फाजली ने जब यह शेर लिखा था उस वक्त देश में संदेश पहुंचाने का डाक विभाग ही एकमात्र साधन था। डाकिये के थैले में से निकलने वाली चिट्ठी पढ़कर कोई खुश होता था तो कोई दुखी। कुछ वर्ष पूर्व तक डाक विभाग हमारे जनजीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होता था। गांव में जब डाकिया आता था तो बच्चे-बूढ़े सभी उसके साथ डाक घर की तरफ इस उत्सुकता से चल पड़ते थे कि उनके भी किसी परिजन की चिट्ठी आयेगी। डाकिया जब नाम लेकर एक-एक चिट्ठी बांटना शुरू करता तो लोग अपनी या अपने पड़ोसी की चिट्ठी ले लेते व उसके घर जाकर उस चिट्ठी को बड़े चाव से देते थे। उस वक्त शिक्षा का प्रसार ना होने से अक्सर महिलायें अनपढ़ होती थी। इसलिये चिट्ठी लाने वालों से ही चिट्ठियां पढ़वाती भी थी और लिखवाती भी थी। कई बार चिट्ठी पढने-लिखने वाले बच्चों को ईनाम स्वरूप कुछ पैसा या खाने को गुड़, पताशे भी मिल जाया करते थे।

## सेहत मंत्र

# मानसून में बढ़ सकता है जोड़ों का दर्द

मानसून एक ऐसा मौसम होता है, तो हड्डियों के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। इन दिनों में आपकी हड्डियों में अधिक दर्द होता है, जिससे कभी-कभी अपने दैनिक काम करना भी काफी मुश्किल हो जाता है। नमी के स्तर में बदलाव, वायुमंडलीय दबाव, तापमान में अचानक बदलाव और वर्षा के कारण मानसून शुरू होते ही बहुत से लोगों को जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में अकड़न और चोट के दर्द का अनुभव होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उच्च आर्द्रता का स्तर रक्त को गाढ़ा कर सकता है, रक्त वाहिकाओं में रक्तचाप बढ़ा सकता है, और रक्त पंप करने के लिए किसी के शरीर को अधिक मेहनत कर सकता है। मानसून के दौरान जोड़ों के दर्द को मैनेज करने का सबसे अच्छा उपाय व्यायाम है। नियमित रूप से स्ट्रेचिंग और शारीरिक गतिविधियां इस तरह के दर्द को रोक कर रखेंगी। इस मौसम में लंबे समय तक बैठे रहने से बचना चाहिए। यदि काम के लिए लंबे समय तक बैठने की आवश्यकता है, तो सुनिश्चित करें कि आप हर आधे घंटे में खड़े हों और चलें। गर्म पानी से नहाने से रक्त संचार बेहतर होता है और मानसून के दौरान जोड़ों का दर्द कम होता है। इसलिए, हॉट शॉवर लें। ऐसा करने से बारिश के मौसम में जोड़ों के दर्द और परेशानी से निपटने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, तेल लगाएं और रक्त परिसंचरण को बढ़ाने के लिए जोड़ों के क्षेत्र में धीरे से मालिश करें। अगर आप मानसून में भी एसी का अधिक प्रयोग करते हैं, तो यह आपके जोड़ों की समस्या को बढ़ा सकता है और आपको दर्द हो सकता है। इसलिए, मानसून में एसी का इस्तेमाल करने से बचें। बरसात के मौसम में जोड़ों के दर्द को प्रबंधित करने के लिए पानी की मात्रा का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है। यदि आप पर्याप्त पानी पीते हैं तो यह आपको जोड़ों की लोच बनाए रखने में मदद करेगा। जिससे आपको अपेक्षाकृत कम दर्द होगा।

## धर्म मंत्र

# हनुमान जी की पूजन से शांत हो जाएगा शनिदेव का गुस्सा

शनिवार का दिन शनिदेव और हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए बहुत अच्छा दिन माना जाता है। इस दिन हनुमान जी की पूजा करने से दुख और भय से राहत मिलती हैं तो वहीं शनिदेव भी प्रसन्न होते हैं। हिंदू धर्म ग्रंथों में लिखा हैं, कि शनिदेव ने हनुमान जी के एक बार वचन दिया था और कहा था कि जो इंसान आपकी आराधना करेगा इसकी मैं हमेशा रक्षा करुंगा। इसी वजह से हनुमान जी के भक्तों पर शनिदेव की भी कृपा बनी रहती हैं। शनिदेव कभी भी हनुमानजी की पूजन करने वाले भक्तों का नुकसान नहीं करते हैं। तो फिर दोस्तों हर शनिवार को शनिदेव की पूजा के साथ श्री हनुमान जी की पूजा भी करें। अगर मंदिर नहीं जा पा रहे हैं तो घर में ही पूजन करें। सच्चे मन से आराधना करने पर श्री हनुमान जी जरुर प्रसन्न होते हैं और उनके भक्तों को हमेशा शुभ फल की प्राप्ति होती हैं। शनिवार के दिन सूर्योदय के समय स्नान करने के बाद श्री हनुमते नमः का मंत्र जाप करें। शनिवार को सुबह के समय तांबे के लोटे में जल और सिंदूर मिश्रित कर श्री हनुमान जी को अर्पित करें। लगातार दस शनिवार ऐसा करें और श्री हनुमान जी को गुड़ का भोग जरुर लगाएं। हर शनिवार को श्री हनुमान जी के चालीसा का पाठ जरुर करें। 10 शनिवार तक श्री हनुमान जी के मंदिर में या घर में श्री हनुमान जी के चित्र पर केले का प्रसाद चढ़ाएं। चमेली के तेल में सिंदूर मिलाकर श्री हनुमान जी को अर्पित करने से श्री हनुमान जी प्रसन्न होते हैं। यह उपाय शनिवार के साथ मंगलवार भी किए जा सकते हैं।

## पर्यटन



# ताजमहल के बाद पर्यटकों की खास पसंद खूबसूरत छत्रपति शिवाजी टर्मिनस

छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन विश्व की धरोहरों में शामिल विलक्षण धरोहर है। यह भारतीय रेलवे के इतिहास के साथ-साथ देश की विरासत को पहचान देने वाला मध्य रेलवे का मुख्यालय एवं एक महत्वपूर्ण स्थल भी है जो चहुओर रेलवे के तीव्र विकास के लहराते परचम का केंद्रीय स्टेशन है। तीन देशों भारतीय हिन्दू-मुगल कला, ब्रिटेन की ब्रितानी कला और इटली की इतावली कला की से निमित एवं सुसज्जित भवन अपने निर्माण से 141 वर्ष बीतने पर भी बेजोड़ तकनीकी विशेषताओं के साथ आज भी शान से खड़ा है। भारतीय रेलवे ने न केवल इसकी कला और खूबसूरती को सहेज कर रखा हुआ है वरन साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं, अत्यधिक आधुनिक सुविधाओं के साथ ग्रीन एनर्जी से भी लेस कर दिया हैं। भारतीय रेलवे की नींव रखने वाला छत्रपति शिवाजी टर्मिनस आज भारतीय रेलवे की शक्ति और प्रतिष्ठा का प्रतीक बन गया है। मुम्बई घूमने आने वालों का इसे देखना पचली वरीयता होती है, खूबसूरती में यह ताजमहल के बाद दूसरे नम्बर पर आता है। तत्कालीन समय में यह एशिया की सबसे बड़ी इमारत थी। इसकी बहुविध विशेषताओं की वजह से यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति ने इसे 2 जुलाई 2004 को अद्भुत स्टेशन को विश्व धरोहर में शामिल कर इसका महत्व प्रतिपादित दुगुनित कर दिया। इस टर्मिनस का निर्माण 20 जून 1878 को आरंभ किया गया जिसका निर्माण कार्य 10 वर्षों में पूर्ण किया गया। ब्रिटिश वास्तुकार एफडब्ल्यू स्टीवेंस ने इसका डिजाइन किया था। इस से पूर्व वह यूरोप गया और 10 माह तक उसने कई स्टेशनों का अध्यन किया। इसमें लंदन के सेंट पेंक्रास स्टेशन की झलक दिखाई देती है। इस की रचना मध्यकालीन इटालियन मॉडल पर आधारित विक्टोरियन गोथिक डिजाइन के अनुसार है।

# डीएम की पत्नी ने फीता काटकर किया देवा कार्तिक मेला का शुभारम्भ

## श्वेत कबूतर उड़ाकर दिया शांति का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवा बाराबंकी। 'जो रब है वही राम' का दुनिया को संदेश देने वाले हाजी वारिस अली शाह के वालिद सैय्यद कुर्बान अली शाह की याद में लगने वाले देवा में लगने वाला फागुनी मेला 2025 का भव्यतम आगाज़ बुधवार को हुआ। देवा स्थित शेख हसन द्वार पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की धर्मपत्नी शैलजा त्रिपाठी ने फीता काटकर एवं श्वेत कबूतर उड़ाकर देवा मेला एवं प्रदर्शनी की शुरूआत की। श्वेत कबूतर शांति का प्रतीक माने जाते हैं। फीता काटने के बाद डीएम सपत्नीक मेला में प्रविष्ट हुये। बैन्ड की धुन और स्काउट गाइड बच्चों की अगुवाई में उन्होनें मेला में लगी दुकानों को देखा। फिर, मेला कोतवाली की ओर से होते हुये वह मेला समिति पाण्डाल पहुंचे। जहां सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। मेला में सुरक्षा व्यवस्था के तगड़े इंतजाम किये गये। देवा नहर से वाहनों का डॉयवर्जन किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा सुन्दर रंगोली भी बनाई गई। आपको बता दें कि, देवा मेला एवं प्रदर्शनी का समापन आगामी 17 अक्टूबर को किया जायेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि, देवा मेला हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है। रब और राम के होने का संदेश हाजी वारिस अली शाह ने दिया था। देवा मेला एवं प्रदर्शनी में सायंकाल पांच बजे बहार सुगम संगीत द्वारा अनुपम प्रस्तुति दी गई। उद्घाटन दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, देवा मेला एवं प्रदर्शनी सचिव एडीएम अरूण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, देवा मेला समिति के सदस्य गण उपजिलाधिकारी नवाबगंज, देवा नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिक मौजूद रहे।







### देवा मेला के पहले दिन भक्ति और देशभक्ति के रंग में डूबा ऑडिटोरियम

देवा बाराबंकी। विख्यात देवा मेला के पहले दिन बुधवार को ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई। गणपति बप्पा मोरया के भजन से शुरू हुए कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को भक्ति रस में रंग दिया। स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी की पत्नी शैलजा त्रिपाठी ने एलईडी मंच पर दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद बहार सुगम संगीत प्रभाग के छात्रों ने गणेश श्लोक प्रस्तुत कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। निर्देशक प्रभात नारायण दीक्षित ने कव्वाली ल्लजो रब है वही राम है मेरे वारिस ने सबसे कहाङ्क के जरिए सांप्रदायिक एकता का संदेश दिया।

शिवराजे म्यूजिकल बैंड के कलाकारों — कार्तिकेय कैलाश दीक्षित, गुंजन तिवारी, विभोर तिवारी और आराध्या शर्मा — ने बॉलिवुड गीतों का मैशअप प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। संगीत संगत में अंजीत द्विवेदी (ऑक्टोपैड), सत्येंद्र दास (सिंथेसाइजर), अंशुमान द्विवेदी (नाल), शुभांकर (बांसुरी) और कार्तिकेय (गिटार) रहे।

इसके बाद अरुणोदय पब्लिक स्कूल बाराबंकी के छात्रों ने कोलकाता रेप कांड पर भावनात्मक नाटिका प्रस्तुत की, जिसने दर्शकों को गहराई से झकझोर दिया। छात्राओं ने समाज में महिला सुरक्षा, न्याय और संवेदनशीलता का सशक्त संदेश दिया। संयोजन विजय सिंह ने किया, जबकि शाज़िया अल्वी, माया सिंह, अंशिका, काव्या आदि मौजूद रहीं।

बाला जी का बचपन सत्यप्रेमी नगर के नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने गणेश वंदना ल्लगणपति बप्पा मोरयाङ्क की मनमोहक प्रस्तुति दी। आकर्षक वेशभूषा में सजे बच्चों ने सबका दिल जीत लिया।

कार्यक्रम में नन्दिता चौधरी, सिमरत कौर, महिमा सोनी, साक्षी निगम, मान्या तिवारी, आदरिका शुक्ला, स्वर्णा सक्सेना, ओजस्वी वर्मा, निहारिका मिश्रा, रितिका वर्मा, अलंकृता सिंह, वर्णिका वर्मा, निष्ठा जैन, आमिना अरशद, आद्रिका तिवारी, अमानत, शगुन वर्मा, काशवी जैन, अमाया वर्मा व आराध्या दीक्षित शामिल रहीं।

इसके अलावा बालाजी अकादमी बंकी के छात्रों ने पहलगाम अटैक पर आधारित नृत्य नाटिका के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और धार्मिक सौहार्द का सशक्त संदेश दिया। प्रस्तुति में यह दिखाया गया कि जब भारत पर संकट आता है, तो हर धर्म के लोग एकजुट होकर उसका सामना करते हैं।

इस प्रस्तुति में मान्या सैनी, अंशिका, आलिया, पंखुड़ी, फराज, अतुल, रुद्रांश, अनूप, रागिनी, रिया, सृष्टि, आराध्या सहित कई छात्रों ने हिस्सा लिया। निर्देशन अना खान, समन सिद्दीकी, हादीया, अकरम, नारायणी श्रीवास्तव, श्रेया जयसवाल, अहमर शाहबाज और पियूष मौर्य ने किया।

देवा मेला के पहले दिन कला, संस्कृति, भक्ति और देशभक्ति के रंगों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### दादा मियाँ की मज़ार पर एहतिहासिक चादर पेश की गई

देवा , बाराबंकी । दुनिया को अमन भाईचारा और शांति का संदेश देने वाले महान सूफ़ी संत हज़रत सय्यद हाजी वारिस अली शाह के पिता हज़रत सय्यद क़ुर्बान अली शाह दादा मियाँ की नुमाइश ग्राउंड स्थित मज़ार पर उनके सज्जादानशीन हाजी सय्यद उस्मान गनी शाह की ओर से एहतिहासिक चादर पेश की और दुनिया मे अमन चैन ख़ुशहाली के लिए दुआ की गई। इसी के साथ कार्तिक देवॉ मेला के दौरान दादा मियाँ के सालाना उर्स मे होने वाले धार्मिक प्रोग्रम्मो कार्यक्रम का आरम्भ हो गया है ।

दादामियाँ की याद में लगने वाले एहतिहासिक देवा मेला मे दादा मियाँ की मज़ार पर सज्जादानाशीन आस्ताना दादा मियाँ हाजी सय्यद उस्मान गनी शाह की ओर से एहतिहासिक चादर पेश होने के साथ ही धार्मिक प्रोग्रामो की शुरुआत हो गई ।

एहतिहासिक देवॉ मेला के अवसर पर दादामियाँ की मजार पर चढाई जाने वाली चादर बाद नमाज़ जोहर दरगाह दादा मियाँ के सज्जादानाशीन हाजी सय्यद उस्मान गनी शाह के निवास दरगाह हज़रत सय्यद अली अहमद शाह उर्फ़ कल्लन मियाँ से पूरी अकीदत व एहतेराम के साथ रवाना हुई । चादर मे शामिल अकीदतमंदो ने सर्वप्रथम आस्ताना वारिस अली शाह पर हाज़री दी इसके बाद चादर दरगाह दादा मियाँ पहुँची जहाँ पर एतिहासिक चादर पेश की गई इसके बाद फ़ातिहा खवानी के बाद शिज़रा पढ़ा गया और मुल्क में भाईचारा, शांति क़ायम रहने के लिए दुआ की गई ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सैय्यद अयान गनी , हफ़िज़ुद्दीन,आलमगीरशाह,अनवरशाह, समी वारसी, अख़्तर वारसी जियाउददीन वारसी आदि लोग मौजूद थे।

### मिलाद शरीफ़ और ज़िक्र शोहदाए करबला आज

देवा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। एतिहासिक कार्तिक उर्स दादामियॉ के अवसर पर आस्ताना हज़रत सय्यद क़ुर्बान अली शाह दादा मियाँ के सज्जादानशीन हाजी सय्यद उस्मान गनी शाह के निवास स्थित दरगाह सय्यद अली अहमद शाह उर्फ़ कल्लन मियाँ पर 9 अक्टूबर को बाद नमाज़ जोहर जलसा मिलाद शरीफ़ और ज़िक्र शोहदाए करबला का आयोजन किया जाएयगा । हाजी सय्यद उस्मान गनी की अध्यछता में होने वाले प्रोग्राम मे स्थानीय और बाहरी मौलाना ख़िताब करेंगे । इसके अलावा शायर नात पाक पेश करेंगे।

### लापता युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के झिलगी मजरे हसुवापारा गांव निवासी राधेश्याम का 35 वर्षीय पुत्र लवकुश मंगलवार शाम को भोजन के बाद किराना की दुकान पर पान-मसाला लेने गया था। देर तक वह वापस घर नहीं लौटा तो परिवारजन ने उसकी तलाश शुरू की।रात-भर तलाश के बाद उसका कोई पता नहीं चला।सुबह उसका शव बाग मे पेड़ से लटकता मिला।गांव वालों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रिपोर्ट के अनुसार कारवाई होगी।

### संदिग्ध हालात में फंासी से लटकता मिला युवक का शव

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे तुला मजरे सनौली में उस समय हड़कंप मच गया जब एक बंद घर से तेज दुर्गंध आने लगी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर थाना अध्यक्ष अंकित त्रिपाठी पुलिस टीम और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरनाथ वर्मा के साथ पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से जब घर का दरवाज़ा खोला गया तो अंदर का नज़ारा देख सबके होश उड़ गए। कमरे के अंदर एक युवक का कई दिन पुराना सड़ा-गला शव फंासी के फंदे से लटका मिला।

मृतक की पहचान राहुल (उम्र लगभग 19 वर्ष) पुत्र अजय के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, अजय का परिवार कुछ दिन पहले घर बंद कर कहीं चला गया था। चर्चाओं की मानें तो परिवार में कुछ दिन पहले आपसी विवाद हुआ था, जिसके बाद राहुल ने यह कदम उठाया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुकामी पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। गांव में इस घटनाक्रम की चर्चा जोरों पर है।

### स्थापना दिवस विजयादशमी का महाउत्सव

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा बड्डूपुर स्थित सुभाष मैरिज लॉन में आरएसएस के स्थापना दिवस के उपलक्ष में विजयादशमी उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीरामचंद्र जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार और द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर (गुरूजी) के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासनपूर्वक उपस्थित रहे। विभाग विचारक अयोध्या कृष्णचंद्र ने संघ के मूल सिद्धांत, अनुशासन एवं संगठन की कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य चरित्र निर्माण, समाज समरसता और राष्ट्र सेवा के माध्यम से भारत को सशक्त बनाना है। भव्य उत्सव के उपरांत स्वयंसेवकों का पंथ संचलन निकाला गया जो महमूदाबादऽकुर्सी मार्ग से होते हुए नगर के मुख्य मार्गों पर गुजरा। घोष दल की धुन पर स्वयंसेवक ल्लसंगठन बढ़े चलो, भला हो जिसमें देश का३ङ्क जैसे गीतों के साथ कदमताल करते हुए चले। पूरे मार्ग में स्थानीय लोगों ने फूल वर्षा कर 'भारत माता की जय' के जयघोष से स्वागत किया।

### किराना दुकान से एक लाख नगदी चोरी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी- देवा मार्ग पर त्यागी दास आश्रम कुटी के निकट मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने ग्राम प्रधान की किराना दुकान का शटर तोड़ कर एक लाख की नकदी सहित कीमती सामान उठा ले गए। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित दुकानदार के तहरीर देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।पुलिस जांच में जुटी।

### बिजली चोरी पर लगाम लगाने को बरेली में बड़ी कार्रवाई, 110 उपभोक्ताओं पर केस दर्ज

बरेली । बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए बुधवार को ऊर्जा विभाग की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के निर्देश पर जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में सघन मॉस रेड अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी और एसएसपी बरेली के सहयोग से भारी पुलिस बल की मौजूदगी में तड़के सुबह 6 बजे से अभियान की शुरुआत हुई। मुख्य अभियंता (वितरण) बरेली क्षेत्र-प्रथम ज्ञान प्रकाश के निर्देशन में ग्रामीण और नगरीय दोनों क्षेत्रों में कुल 17 टीमों ने कार्रवाई की। इस दौरान स्वाले नगर, बानखाना, केलाबाग, कुतुबखाना, शाहदाना, नवादा शेखान, मठकी चौकी, किला और अन्य इलाकों में 676 संयोजनों की जांच की गई। इनमें से 110 उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़े गए। सभी के कनेक्शन काटकर विद्युत अधिनियम की धारा 135 व 138(बी) के तहत मुकदमे दर्ज किए गए। करीब 65 लाख रुपये के राजस्व निर्धारण नोटिस भी जारी किए गए। अभियान के दौरान स्वाले नगर के पार्षद अलीम खान सुल्तानी फर्जी मीटर लगाकर बिजली चोरी करते मिले। जिनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई गई। विभागीय टीम ने साफ कहा कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे ताकि बिजली चोरी पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। मुख्य अभियंता (वितरण) बरेली क्षेत्र-प्रथम ज्ञान प्रकाश ने बताया कि ल्लविद्युत चोरी रोकना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सृजनशीलता को दिशा देते हैं सांस्कृतिक मंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। पीजी कॉलेज रामनगर में भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ से संबद्ध श्रीलोधेश्वर सांस्कृतिक क्लब का भव्य शुभारंभ देवी गीत समागम के साथ हुआ।कार्यक्रम का उद्घाटन ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट एवं प्रबंध समिति सचिव सुश्री गुंजिता अग्रवाल व सदस्य रानी मृणालिनी सिंह ने दीप प्रज्वलन व फीता काटकर किया।छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देवी गीतों व नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।मुख्य अतिथि ने कहा कि सांस्कृतिक मंच विद्यार्थियों की सृजनशीलता और आत्मविश्वास को दिशा देता है। प्राचार्य प्रो कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने छात्रों से समाज में कला व संगीत के माध्यम से सकारात्मक संदेश देने का आह्वान किया।



### हत्यारोपित को आजीवन कारावास न्यायालय ने 26 हजार रुपये के अर्थदंड की भी सुनाई सजा

मीरजापुर। थाना कछवां क्षेत्र में हुए हत्या के एक पुराने मामले में न्यायालय ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपित को आजीवन कारावास और 26,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस की प्रभावी पैरवी और गवाहों के सशक्त बयान के आधार पर यह फैसला आया। मामला 28 अप्रैल 2022 का है, जब थाना कछवां क्षेत्र के गोधना गांव निवासी जीतलाल पाल पुत्र आत्माराम पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पिता आत्माराम पाल की कुछ लोगों ने लाठी-डंडे और फावड़े से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ की और नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी सच्चिदानंद तिवारी, विवेचक उप निरीक्षक राम स्वरूप वर्मा, कोर्ट मुहर्रिर आरक्षी वेद प्रकाश यादव, मुख्य आरक्षी हवलदार सिंह यादव, तथा पैरोकार मुख्य आरक्षी निजाम अली द्वारा प्रभावी पैरवी की गई।

## प्रशासनिक सजगता से शारदीय नवरात्र, रामलीला और दुर्गा पूजा महोत्सव शांति और श्रद्धा से संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी । शारदीय नवरात्र, रामलीला एवं दुर्गा पूजा महोत्सव जैसे भव्य धार्मिक आयोजनों के दौरान हैदरगढ़ में पूरे उत्सव का माहौल श्रद्धा, भक्ति और प्रशासनिक सजगता का संगम बन गया। प्रशासन ने इस बार सुरक्षा और अनुशासन को लेकर विशेष रूप से तैयारी की थी। हाल के दिनों में अन्य जनपदों में हुई अव्यवस्थाओं और विवादों को देखते हुए बाराबंकी प्रशासन पहले से ही पूरी तरह सतर्क था।उपजिलाधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा, पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह और प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल के नेतृत्व में सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए व्यापक ल्लहोमवर्कङ्क पहले से किया गया था। इस तैयारी की झलक सबसे पहले रामबरात के दौरान देखने को मिली, जहाँ ड्रोन कैमरों की सहायता से पूरे मार्ग पर निगरानी रखी गई। हजारों की भीड़ के बीच भी पुलिस और प्रशासन का संयमित एवं व्यवस्थित संचालन एक अनुकरणीय उदाहरण रहा।रामबरात के बाद आयोजित जागरण कार्यक्रमों, रामलीला मंचन, और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन तक हर आयोजन में प्रशासन की सक्रियता बनी रही। सुरक्षा व्यवस्था इतनी सटीक थी कि कहीं भी अव्यवस्था या अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।विसर्जन यात्रा की शुरुआत विजय हनुमान मंदिर से हुई, जो मुख्य चौराहे से होते हुए सरयू घाट के विसर्जन स्थल तक पहुंची। इस यात्रा में देर रात तक भक्तों का उत्साह बना रहा। इस दौरान एसडीएम राजेश विश्वकर्मा, सीओ समीर कुमार सिंह, थाना प्रभारी अभिमन्यु मल्ल, नायब तहसीलदार सौरभ सिंह और लेखपाल दीपचंद्र शर्मा की टीम लगातार मौजूद रही और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी।देर रात तक चली इस यात्रा में भीड़-भाड़ के बावजूद पुलिस व प्रशासनिक अमले की सतर्कता ने यह साबित कर दिया कि संगठन और तैयारी के साथ किसी भी बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सकता है।स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस मुस्तैदी की सराहना करते हुए कहा कि ल्लइस बार पर्वों में न सिर्फ धार्मिक रंग था, बल्कि सुरक्षा और अनुशासन की मिसाल भी देखने को मिली।

## सड़क निर्माण में मानकों की उड़ाई जा रही धज्जियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। भदैयां ब्लॉक के जादीपुर ग्रामसभा में दशकों पुरानी सड़क की मरम्मत के नाम पर भ्रष्टाचार और लापरवाही का खेल चल रहा है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार की ओर से सड़क की सफाई किए बिना ही गिट्टी बिछाई जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क मंडी समिति मार्ग के रूप में जानी जाती है और वर्षों से खराब हालत में थी। मरम्मत कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने राहत महसूस की थी,लेकिन घटिया निर्माण देखकर नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की मिट्टी की मोटी परत हटाए बिना सीधे गिट्टी डाली जा रही है, ऐसे में आगे डाला जाने वाला तारकोल कितने दिन टिकेगा,इस पर संदेह है।मंगलवार को सड़क के किनारे सफाई कार्य के दौरान विधायक के



समर्थक शैलेंद्र मिश्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कार्य रुकवाया।इस पर ठेकेदार हिमांशु सिंह के सहयोगी आकाश सिंह ने बताया कि विधायक समर्थक के कहने पर काम रोका गया था।वहीं,विधायक सीताराम वर्मा ने कहा कि उन्हें निर्माण कार्य की जानकारी नहीं थी,वह स्थिति की जांच कराएंगे। हैरानी की बात यह है कि बुधवार की सुबह बिना मानक और निरीक्षण के पुनः निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया।ग्रामीणों का कहना है कि न ठेकेदार गुणवत्ता पर ध्यान दे रहा है, न जनप्रतिनिधि जवाबदेही निभा रहे हैं।

## जीवन अनमोल है हेलमेट अवश्य पहनें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में बुधवार को छात्र छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया।

क्या बोले विद्यार्थी –छात्राओं ने बताया कि सड़क पर सदैव बायीं ओर चले, सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करें। रैली के दौरान छात्र छात्राओं ने गांधीगिरी भी की। बिना हेलमेट वाहन चालक को रोककर पुष्प भेंट किए।बताया कि पुलिस के चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट अवश्य पहनें। इस अवसर पर प्रवक्ता कुमार नंदन प्रधान, श्रीमती योगिंदर कौर, नीलेश सिंह, नीरज



यादव सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# बेहतरीन खिलाड़ियों को मिले सीएट क्रिकेट रेटिंग अवॉर्ड्स

एजेंसी

## संजू सैमसन बने ‘टी20आई बैटर ऑफ द ईयर




मुंबई । मुंबई में 27वें सीएट क्रिकेट रेटिंग (सीडीआर) अवॉर्ड्स में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बेहतरीन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। रोहित शर्मा ने चैंपियंस ट्रॉफी जीत के लिए सुर्खियां बटोरीं। इस समारोह में सबसे ज्यादा चमक संजू सैमसन के नाम रही, जिन्हें ‘मेंस टी20आई बैटर ऑफ द ईयर’ चुना गया। संजू सैमसन का टी20 क्रिकेट में प्रदर्शन पिछले एक वर्ष में शानदार रहा है। एशिया कप के स्टार्स अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा को पीछे छोड़ते हुए सैमसन ने अपनी बेहतरीन निरंतरता, निडर बल्लेबाज़ी और मैच पलट देने की क्षमता से सबको प्रभावित किया। मिडिल ऑर्डर में पारी को संभालने और मैच फिनिश करने की उनकी कला ने उन्हें भारतीय टी20 टीम का अहम हिस्सा बना दिया है। यह अवॉर्ड उनके करियर का एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है, जो उनके मैच जीताने वाले योगदान और टीम में बढ़ते महत्व को दर्शाता है।ख्र वरुण चक्रवर्ती को ‘मेंस टी20आई बॉलर ऑफ द ईयर’ का अवॉर्ड मिला। श्रेयस अय्यर को व्हाइट-बॉल क्रिकेट में लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए ‘सीएट जियोस्टार अवॉर्ड’ से नवाज़ा गया। ओडीआई श्रेणी में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को ‘बैटर ऑफ द ईयर’ और मैट हेनरी को ‘बॉलर ऑफ द ईयर’ का सम्मान मिला। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को चैंपियंस ट्रॉफी जीत के लिए विशेष मोमेंटो प्रदान किया गया। महान बल्लेबाज़ ब्रायन लारा और भारत के पूर्व स्पिनर बी. एस. चंद्रशेखर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इंग्लैंड के जो रूट को ‘इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर’ और हैरी ब्रुक को ‘मेंस टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर’ चुना गया। भारतीय महिला टीम की स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना को ‘बैटर ऑफ द ईयर’ और दीप्ति शर्मा को ‘बॉलर ऑफ द ईयर’ के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। दोनों खिलाड़ी महिला विश्व कप में व्यस्त होने के कारण समारोह में शामिल नहीं हो पाईं।

# जिला स्तरीय अंडर-11 और अंडर-13 बैडमिंटन प्रतियोगिता 10 अक्टूबर को

एजेंसी



धर्मशाला । जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ द्वारा 10 अक्टूबर को धर्मशाला के इंडोर स्टेडियम में एक दिवसीय अंडर-11 एवं अंडर-13 आयु वर्ग की एकल एवं युगल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अंडर-11 आयु वर्ग के लिए कट ऑफ डेट 1 जनवरी 2015 तथा अंडर 13 आयु वर्ग के लिए 1 जनवरी 2013 रखी गई है। इस प्रतियोगिता में एकल एवं युगल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे तथा प्रतियोगिता का आयोजन 10 अक्टूबर को सुबह 7 से शुरू कर दिया जाएगा। जिन खिलाड़ियों ने अपना पंजीकरण इस प्रतियोगिता के लिए करवाना है वह सभी खिलाड़ी 9 अक्टूबर तक दोपहर 12 बजे तक जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के दूरभाष नंबर 7018084234 पर संपर्क करके अपना पंजीकरण करवा सकता है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में जो भी खिलाड़ी भाग लेंगे उनके खाने की व्यवस्था जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ द्वारा किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में एकल मुकाबले में पहले चार स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी तथा युगल मुकाबले में विजेता एवं उपविजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जोकि शिमला में 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है उसमें जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ का नेतृत्व करेंगे। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ द्वारा 11 अक्टूबर को सुबह राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता शिमला के लिए टीम को रवाना किया जाएगा।

# भारत अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर यूथ टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती

एजेंसी

मैकाय (ऑस्ट्रेलिया) । भारत अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को दूसरे यूथ टेस्ट में हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। ग्रेट बैरियर रीफ एरेना में खेले गए मुकाबले में भारत ने 81 रनों का लक्ष्य 13 ओवर से भी कम में हासिल कर लिया और 7 विकेट से जीत दर्ज की। यह दौरा भारत अंडर-19 टीम के लिए बेहद सफल रहा। टीम ने पूरे दौरे में सभी 5 मुकाबले जीते, जिनमें तीन वनडे और दो टेस्ट शामिल थे। भारत की जीत में वेदांत त्रिवेदी ने नाबाद 33 रन की पारी खेली और चौका लगाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। कप्तान आयुष म्हात्रे ने 13 रन, विहान मल्होत्रा ने 21 रन और राहुल कुमार ने नाबाद 13 रन बनाए। हालांकि वैभव सूर्यवंशी बिना खाता खोले आउट हो गए। वेदांत त्रिवेदी दौरे के सबसे सफल बल्लेबाज रहे। उन्होंने वनडे में 173 रन और टेस्ट में 198 रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी ने टेस्ट में 133 रन बनाकर दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वनडे में भी 124 रन के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 135 रन बनाए। जवाब में भारत ने पहली पारी में 171 रन बनाकर 36 रनों की बढ़त हासिल की और इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 116 रनों पर समेट दिया। गेंदबाजी में नमन पुष्पक और हेनिल पटेल ने तीन-तीन विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से विकेटकीपर एलेक्स ली यंग ने सर्वाधिक 38 रन बनाए।

# दिल्ली टेस्ट में जडेजा और राहुल के पास 4,000 रन पूरे करने का सुनहरा मौका

एजेंसी



नई दिल्ली । भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट मैच 10 अक्टूबर से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले से पहले टीम इंडिया के दो स्टार बल्लेबाज रवींद्र जडेजा और केएल राहुल टेस्ट क्रिकेट में 4,000 रन पूरे करने के करीब पहुंच चुके हैं। भारत सीरीज़ में पहले ही 1-0 की बढ़त बनाए हुए है।

पिछले अहमदाबाद टेस्ट में शानदार 104* रन की नाबाद पारी और चार विकेट लेकर ‘प्लेयर ऑफ द मैच’ बने रवींद्र जडेजा इस समय अपने करियर के बेहतरीन फॉर्म में हैं। वह अब तक 86 टेस्ट में 3,990 रन बना चुके हैं और इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें सिर्फ 10 रन की जरूरत है। उनका औसत 38.73 का है, जिसमें 6 शतक और 27 अर्धशतक शामिल हैं। इस साल जडेजा ने 7 टेस्ट में 659 रन बनाए हैं, औसत 82.37 रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज़ में उन्होंने 516 रन बनाए और कई अहम पारियों से टीम को मज़बूती दी।

दूसरी तरफ केएल राहुल ने अहमदाबाद टेस्ट में अपने घरेलू मैदान पर नौ साल बाद शतक लगाया था। वह भी 4,000 रन के आंकड़े से बस 111 रन दूर हैं। राहुल ने अब तक 64 टेस्ट में 3,889 रन बनाए हैं, औसत 36.00 है। उनके नाम 11 शतक और 19 अर्धशतक दर्ज हैं, जबकि उनका सर्वोच्च स्कोर 199 रन है। इस साल राहुल ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 7 मैचों में 649 रन बनाए हैं, औसत करीब 50 का रहा है। इस दौरान उन्होंने तीन शतक और दो अर्धशतक जड़े हैं, जबकि उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 137 रहा। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज़ में 532 रन बनाकर उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट प्रदर्शन किया। 10 अक्टूबर से शुरू हो रहे दिल्ली टेस्ट में अब सभी की निगाहें इन दोनों खिलाड़ियों पर रहेंगी, जो एक ही मैच में ऐतिहासिक 4,000 रन का आंकड़ा छू सकते हैं।

## शंघाई मास्टर्स 2025: थकान और चोट से जूझते हुए जोकोविच क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

शंघाई । नोवाक जोकोविच ने थकान और टखने की चोट के बावजूद जबरदस्त जुझारूपन दिखाते हुए मंगलवार को स्पेन के जौमे मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से हराकर शंघाई मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ 38 वर्षीय सर्बियाई स्टार टूर्नामेंट में रिकॉर्ड पांचवां खिताब जीतने की दिशा में आगे बढ़ते रहे हैं, जबकि कई शीर्ष वरीय खिलाड़ी पहले ही बाहर हो चुके हैं। मैच के निर्णायक सेट में जोकोविच कुछ समय के लिए बेहद थके हुए और चोटिल नज़र आए, जिससे लगा कि वे मुकाबला पूरा नहीं कर पाएंगे। लेकिन उन्होंने हिम्मत जुटाई और तीसरे सेट में अपने प्रतिद्वंद्वी को दो बार तोड़ते हुए जीत दर्ज की। मैच के बाद जोकोविच ने चीनी दर्शकों से कहा, ‘थैंक यू, थैंक यू, आई लव यू और कोर्ट से लगभग तुरंत बाहर चले गए। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने शानदार शुरुआत की थी और चौथे गेम में ब्रेक हासिल किया, लेकिन जल्द ही उन्हें मेडिकल ब्रेक लेना पड़ा जब नेट की ओर दौड़ते समय उनका बायां टखना फिसल गया।

# झांसी के सौरभ आनंद मलेशिया में जोहोर कप में दिखाएंगे अपनी हॉकी का जौहर

एजेंसी



झांसी । मलेशिया में 11 से 18 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे सुल्तान ऑफ जोहोर कप में झांसी शहर के युवा हॉकी खिलाड़ी सौरभ आनंद कुशवाहा अपनी हॉकी का दम दिखाएंगे। उनके पिता भजन गायक हैं। वह इसे ईश्वर की कृपा बताते हैं। उन्होंने बताया कि उनके दो बेटे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम में फॉरवर्ड की भूमिका में सौरभ खेलते हुए दिखेंगे। सौरभ इससे पहले जूनियर एशिया कप की स्वर्ण पदक जीतने वाली जूनियर भारतीय टीम में रहे हैं। सौरभ ने कुछ दिन पूर्व झांसी प्रवास के दौरान खेल विश्लेषक बृजेंद्र यादव से बात करते हुए बताया था कि टीम की तैयारी हमारी टीम के कोच हॉकी लीजेंड श्रीजेश के मार्गदर्शन में बेहतर रही है और भारत में आयोजित होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी को लेकर हमारे लिए जोहार कप में मजबूत टीमों के खिलाफ प्रदर्शन बेहद अहम रहेगा। कैंप में सभी ने बहुत मेहनत और लगन के साथ प्रैक्टिस की है। सौरभ ने बताया कि टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में हमने कांस्य पदक जीता था और इस साल उस प्रदर्शन को और बेहतर कर पदक का रंग बदलने का प्रयास रहेगा। भारतीय टीम मंगलवार को बेंगलुरु हवाई अड्डे से मलेशिया के लिए रवाना हुई। टीम 11 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद 12 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से, 14 अक्टूबर को पाकिस्तान से, 15 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से और 17 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने राउंड-रॉबिन स्टेज को समाप्त करेगी। अंक तालिका की शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी, जो 18 अक्टूबर को खेला जाएगा। झांसी महानगर के नई बस्ती मोहल्ले में रहने वाले सौरभ के पिता केशवानन्द कुशवाहा ने बताया कि वह कभी पान का खोखा लगाते थे। बाद में भगवान के कीर्तन गाने लगे।

अन्य बच्चों को खेलता देख उनका मन भी होता था कि उनके बच्चे हॉकी खेलें। आज उनके दो बेटे अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी हैं। 2016 में शिवम आनंद व सौरभ आंनद दोनों ने देश के लिए खेला है। उन पर ईश्वर की कृपा है।

# एशेज सीरीज से बाहर हो सकते हैं पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ को मिल सकती है कप्तानी

एजेंसी



सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम को एशेज सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है। कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस के सीरीज से बाहर रहने की संभावना है। कमिंस की कमर की स्ट्रेस इंजरी पूरी तरह ठीक नहीं हुई है, जिसके चलते वे न केवल शुरुआती मैच, बल्कि संभवतः पूरी सीरीज़ से भी बाहर रह सकते हैं।

ऑस्ट्रेलियाई अखबार सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार ताज़ा स्कैन में यह सामने आया है कि 32 वर्षीय कमिंस की चोट में सुधार तो हुआ है, लेकिन वह गेंदबाजी शुरू करने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ 21 नवंबर से शुरू होने वाली एशेज सीरीज़ के शुरुआती मैचों में उनकी अनुपस्थिति तय मानी जा रही है। कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ को कप्तानी सौंपी जा सकती है। कमिंस ने आखिरी बार जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 की टेस्ट सीरीज़ में हिस्सा लिया था। इसके बाद वह दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज़ में नहीं खेले और भारत के खिलाफ आगामी वनडे और टी20 सीरीज़ से भी बाहर रहेंगे। उनकी जगह तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को टीम में शामिल किए जाने की संभावना है, जो मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के साथ तीसरे पेसर के रूप में खेल सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया 2018 से एशेज की ट्रॉफी अपने पास रखे हुए है, जबकि इंग्लैंड को 2011 के बाद से ऑस्ट्रेलियाई ज़मीन पर कोई टेस्ट जीत नहीं मिली है। इस बार इंग्लैंड की नज़र सूखे को खत्म कर जीत दर्ज करने पर होगी।

# संक्षिप्त समाचार

## जडेजा और सिराज ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट रैंकिंग

नई दिल्ली। भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी टेस्ट रैंकिंग हासिल की है। अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज़ के पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के बाद जडेजा को बड़ा फायदा हुआ है।

भारत की एकमात्र पारी में 104 नाबाद रन बनाने वाले जडेजा टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में चार पायदान की छलांग लगाकर 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके करियर में यह अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। इससे पहले उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 29वीं थी। जडेजा अब 644 रेटिंग अंक पर पहुंच गए हैं। वहीं, दूसरी पारी में चार विकेट झटकने से उन्होंने ऑलराउंडर रैंकिंग में भी शीर्ष पर अपनी बढ़त को 125 अंकों तक मजबूत कर लिया है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी इंग्लैंड दौरे के अच्छे प्रदर्शन को जारी रखते हुए चार विकेट (4/40) और तीन विकेट (3/31) झटके। इसके दम पर वह गेंदबाजी रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं और 700 रेटिंग अंकों के पार पहुंच गए हैं।ग इसके अलावा, भारतीय बल्लेबाज के.एल. राहुल और ध्रुव जुरेल को भी रैंकिंग में बढ़त मिली है। दोनों ने शतक जड़े थे — राहुल चार स्थान ऊपर उठकर 35वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि जुरेल 20 स्थान ऊपर चढ़कर 65वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बाएं हाथ के कलाई स्पिनर कुलदीप यादव को दो किफायती विकेटों का इनाम मिला है और वे सात स्थान ऊपर बढ़कर 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज की ओर से इस मुकाबले में कोई खास प्रदर्शन नहीं हुआ। कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक नहीं लगा सका और न ही कोई गेंदबाज दो से अधिक विकेट ले पाया। आईसीसी पुरुष टी20 खिलाड़ी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने फरवरी 2024 के बाद पहली बार टॉप-10 बल्लेबाजों में वापसी की है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज़ में पहले मैच में 85 रन और तीसरे मैच में नाबाद 103 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड के टिम रॉबिन्सन ने पहले मैच में नाबाद 106 रन की पारी खेली और 58 स्थानों की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यूएई में खेले गए टी20 सीरीज़ में बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को 3-0 से हराया। बांग्लादेश के बल्लेबाज सैफ हसन ने तीसरे मैच में नाबाद 64 रन बनाए और पहली बार टॉप-20 बल्लेबाजों में जगह बनाई। तंजीद हसन 43वें से 37वें और परवेज हुसैन 71वें से 53वें स्थान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के स्टार ऑलराउंडर राशिद खान ने पहले दो मैचों में शानदार गेंदबाजी करते हुए (4/18 और 2/29) गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है, जो जून पिछले साल के बाद उनकी सर्वश्रेष्ठ पोजीशन है। उनके साथी नूर अहमद आठ स्थान की छलांग लगाकर 17वें और मुजीब उर रहमान छह स्थान बढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के गेंदबाजों में तंजीम हसन साकिब नौ स्थान चढ़कर 33वें, शोरफुल इस्लाम 21 स्थान चढ़कर संयुक्त 49वें, और प्लेयर ऑफ द सीरीज़ नासुम अहमद 131वें से 44वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## स्पेन के अनुभवी डिफेंडर जोर्डी आल्बा सीज़न के अंत में पेशेवर फुटबॉल से लेंगे संन्यास

मियामी । बार्सिलोना और स्पेन की राष्ट्रीय टीम के अनुभवी डिफेंडर जोर्डी आल्बा ने घोषणा की है कि वह मौजूदा सत्र के अंत में पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेंगे। स्पेनिश लेफ्ट-बैक आल्बा 2023 से मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी के लिए खेल रहे हैं। इस दौरान उन्होंने क्लब के लिए 14 गोल और 38 असिस्ट दर्ज किए हैं। उनके योगदान से इंटर मियामी ने लीग्स कप और सपोर्टर्स’ शील्ड जैसे खिताब अपने नाम किए। आल्बा ने क्लब की वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, ‘यह एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय है, जिस पर मैं लंबे समय से विचार कर रहा था। मुझे लगता है कि अब सही समय है एक नया व्यक्तिगत अध्याय शुरू करने का और अपने परिवार के साथ समय बिताने का, इतने सालों की पेशेवर फुटबॉल की मांगों के बाद। उन्होंने आगे कहा, ‘मैं इंटर मियामी में अपने समय से बेहद खुश हूं और प्रशंसकों के समर्थन के लिए आभारी हूं। टीम की सफलताओं का हिस्सा बनना और क्लब की प्रगति के साथ जुड़ना मेरे लिए सम्मान की बात है। अब मेरा लक्ष्य है कि मैं सीज़न को सर्वश्रेष्ठ तरीके से समाप्त करूं और प्लेऑफ़ में टीम को अपना सर्वस्व दूं। आल्बा ने अपने करियर की शुरुआत वलेंसिया से की थी और इसके बाद बार्सिलोना के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। बार्सिलोना के साथ उन्होंने छह ला लीगा खिताब, कई घरेलू कप, यूईएफए चैंपियंस लीग और फीफा क्लब विश्व कप जीते।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए मलेशिया रवाना

एजेंसी

बेंगलुरु ।भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम मंगलवार शाम केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, बेंगलुरु से मलेशिया के लिए रवाना हो गई, जहां 11 से 18 अक्टूबर 2025 तक सुल्तान ऑफ जोहोर कप का 13वां संस्करण खेला जाएगा। भारत ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था और इस बार टीम का लक्ष्य एक कदम आगे बढ़ते हुए फाइनल में स्थान बनाना है। अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के संतुलित मिश्रण से सजी यह टीम शीर्ष अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 11 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ करेगी, जिसके बाद 12 अक्टूबर को न्यूजीलैंड, 14 अक्टूबर को पाकिस्तान, 15 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया और 17 अक्टूबर को मेज़बान मलेशिया से भिड़ेगी। लीग चरण के बाद शीर्ष दो टीमें 18 अक्टूबर को फाइनल में आमने-सामने होंगी।

रवाना होने से पहले भारतीय टीम के कप्तान रोहित ने कहा, ‘हम सुल्तान ऑफ जोहोर कप में खेलने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट खास है क्योंकि इसमें दुनिया की सबसे मजबूत जूनियर टीमें हिस्सा लेती हैं। पिछले साल हम ब्रॉन्ज मेडल लेकर लौटे थे, लेकिन इस बार हमारा लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर फाइनल तक पहुंचना है। टीम का माहौल बेहद सकारात्मक है और हर खिलाड़ी देश के लिए सर्वश्रेष्ठ देने को तैयार है।ङ्क

उन्होंने आगे कहा, ‘पिछले कुछ हफ्तों में हमने बेंगलुरु में अपने ट्रेनिंग कैंप में बहुत मेहनत की है – खासकर स्पीड, स्ट्रक्चर और फिनिशिंग पर ध्यान दिया है। कोचिंग स्टाफ ने हमें अच्छी तरह तैयार किया है और टीम में एकजुटता की भावना मजबूत हुई है।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने रिकवरी करके हरे निशान में अपनी जगह बना ली। हालांकि पहले आधे घंटे का कारोबार होने के बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक हरे निशान में बने रहे। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.28 प्रतिशत और निफ्टी 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाइटन कंपनी, टीसीएस, टेक महिंद्रा, ट्रेंट लिमिटेड और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 4.16 प्रतिशत से लेकर 0.81 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर सिप्ला, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के शेयर 0.83 प्रतिशत से लेकर 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,107 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,183 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 924 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 12 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 27.24 अंक की कमजोरी के साथ 81,899.51 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक ने थोड़ी देर में ही हरे निशान में अपनी जगह बना ली। लगातार हो रही खरीदारी के कारण पहले आधे घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक उछल कर 82,257.74 अंक के स्तर तक पहुंच गया।

# शाह एक दिन मोदी के मीर जाफर बनेंगे : ममता

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए गृह मंत्री अमित शाह की तुलना मीर जाफर से कर दी है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि अमित शाह देश ''कार्यवाहक प्रधानमंत्री'' की तरह काम कर रहे हैं। बीते दिनों बाढ़ से तबाह उत्तरी बंगाल से लौटने के बाद कोलकाता एयरपोर्ट के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, ममता बनर्जी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुजारिश करना चाहती हैं कि वे अमित शाह पर ज्यादा भरोसा न करें, क्योंकि एक दिन वे मीर जाफर बन कर उन्हें धोखा दे सकते हैं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण करवाने को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना कर रही थीं। ममता ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, ''ये सरकार देश को खत्म कर देगी। मैंने कई सरकारें देखी हैं लेकिन ऐसी अहंकारी और

### वो कार्यवाहक प्रधानमंत्री की तरह बर्ताव कर रहे, पीएम उन पर भरोसा ना करें

तानाशाह सरकार कभी नहीं देखी। उन्हें याद रखना चाहिए कि आज ये सत्ता में हैं, कल नहीं भी रह सकते हैं। उनके पार्टी के नेता ने कहा है कि बंगाल में 8 लाख वोटर का नाम काट देंगे। आप खुद बताइए बंगाल में अभी बारिश, बाढ़, त्योहार सब कुछ हैं। ऐसे में वे 15 दिन के अंदर एसआईआर करवाने की बात कर रहे हैं। इसमें बीजेपी का भी कमीशन होगा। ममता बनर्जी ने आगे अमित शाह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ये सब अमित शाह का खेल है। वो एक्टिंग प्राइम मिनिस्टर की तरह काम कर रहे हैं। लेकिन मुझे दुख है कि प्रधानमंत्री भी सब जानते हैं।'' ममता ने कहा, मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहूंगी कि अमित शाह पर हमेशा भरोसा मत करिए। एक दिन वे आपके बड़े मीर जाफर बन जाएंगे। पहले से ख्याल रखिए।

# पश्चिम बंगाल में सरकार तालिबानी मानसिकता वाली : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राज में राजनीतिक हिंसा को संस्थागत, सामान्य और वैध बना दिया गया है और जन प्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं हैं।

पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम बंगाल में पिछले 24 घंटों में एक और भाजपा विधायक पर हुए हमले के बाद तृणमूल कंग्रेस का एक नया अर्थ उभर कर सामने आया है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कंग्रेस नहीं, बल्कि तालिबानी मानसिकता वाली सरकार काबिज है। उन्होंने राज्य में राहत एवं बचाव अभियान में लगे पार्टी नेताओं पर हमले की घटनाओं की जोरदार निंदा करते हुये ममता बनर्जी सरकार की कड़े शब्दों में आलोचना की।

श्री पूनावाला ने कहा कि एक तरफ इतनी




बड़ी आपदा और त्रासदी पश्चिम बंगाल को घेरे हुए है। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री लोगों की चिंता करने के बजाय आत्ममुग्ध होकर जश्न मना रही है और उनकी पार्टी तृणमूल कंग्रेस के कार्यकर्ता वहां लोगों के कल्याण में जुटी भाजपा नेताओं के साथ हिंसक तरीके से मारपीट कर रहे हैं। उनकी एक तस्वीर सामने आई है कि एक तरफ लोगों के घर डूबे हुए हैं और वह उस बीच समारोह में जश्न के मूड में दिख रहीं हैं।

श्री पूनावाला ने कहा कि भाजपा सांसद और आदिवासी नेता खगेन मुर्मू पर हमले के बाद मंगलवार को एक और विधायक और आदिवासी समाज से आने वाले मनोज कुमार उरांव पर भी जानलेवा हमला किया गया। उन्होंने कहा कि तृणमूल के लोगों ने उनके साथ वहां पर महिलाओं और केंद्रीय सुरक्षा बलों को भी नहीं बख्शा ।

उन्होंने कहा '' हमारे चीफ व्हिप शंकर घोष पर भी जानलेवा हमला किया गया। पिछले 24 घंटों में आप सभी ने देखा कि भाजपा के जन प्रतिनिधियों के साथ वहां किस प्रकार तीन -तीन हिंसा की घटनाएं हुई है । सांसद खगेन मुर्मू को तो लहूलुहान कर दिया गया, उनका सिर फट गया है, उनकी आंख जाते-जाते बची हैं और वे आईसीयू में भर्ती हैं। उन्हें देखने गयी मुख्यमंत्री कहती है कि उनके कान के नीचे थोड़ी सी चोट लगी है। भाजपा प्रवक्ता ने पश्चिम बंगाल में भाजपा जनप्रतिनिधियों पर हुए हमलों पर विपक्षी दलों द्वारा संवेदना व्यक्त नहीं करने पर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वोट चोरी का आरोप लगाने वाले राहुल गांधी के घर में तो वोटों की महाचोरी हो रही है।

# मणिपुर जल जीवन मिशन में हुआ है बड़ा घोटाला, मामले की हो न्यायिक जांच : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मणिपुर में जल जीवन मिशन को लेकर सरकारी स्तर पर जो दावे किये जा रहे हैं जमीनी हकीकत उसके ठीक विपरीत है और इसमें बड़ा घोटाला होने के स्पष्ट संकेत हैं इसलिए इस मामले की व्यापक स्तर पर न्यायिक जांच कराई जानी चाहिए।

कांग्रेस के लोकसभा सदसय प्रोफ़ेसर बिमोल अकोइजम ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मणिपुर में जल जीवन मिशन योजना में बहुत बड़ा घोटाला हो सकता है। दिशा समिति की बैठकों में वह बराबर इस पर नज़र रखते आए हैं और वास्तविक स्थिति तथा दावों को लेकर जो आंकड़े दिये जा रहे हैं उसमें जमीन आसमान का अंतर है।

मणिपुर के लोकसभा सदस्य ने कहा कि संसद में उन्होंने इसको लेकर सरकार से सवाल पूछकर आग्रह किया था कि वह बताए कि कितने घरों में पानी के कनेक्शन दिए गए हैं। इस पर सरकार ने अपने उत्तर में कहा था कि अगस्त 2019 में योजना शुरु हुई उससे पहले, मणिपुर में लगभग 26,000 यानी 5.74 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों में नल के पानी के कनेक्शन थे। इस योजना के शुरू होने के बाद कनेक्शन पाने वाले ग्रामीण परिवारों की संख्या बढ़कर 3,33,539 हो गई और फिर गत 28 जुलाई तक राज्य के 4,51,619 ग्रामीण परिवारों में से 3,59,459 यानी 79.59) ग्रामीण परिवारों को नल के पानी की आपूर्ति उपलब्ध कराई गयी है। उन्होंने सरकार से इस योजना को लेकर जिलावार ब्यौरा मांगा था जिसमें बताया गया कि 1202 करोड़ रुपये योजना पर खर्च हुए हैं जिसमें से केंद्र का हिस्सा 1078.82 करोड़ रुपये और राज्य का हिस्सा 124.03 करोड़ रुपये है। उन्होंने क्षेत्र का दौरा करने के दौरान पाया कि गांव में जल से नल कनेक्शन की जो वास्तविक स्थिति है उसमें और आंकड़ों में बडा फर्क है। जितने कनेक्शन दिये गये हैं उनमें से किसी में भी नल से पानी की आपूर्ति चालू नहीं थी और यह स्थिति खुद ही आधिकारिक दावों का खंडन करती है। प्रो बिमोल ने कहा ''यह एक बहुत बड़ा घोटाला है और मैंने मणिपुर उच्च न्यायालय में इसको लेकर एक मामला दायर किया है।

# इलेक्ट्रिक ट्रक बैटरी के इस्तेमाल से परिवहन क्षेत्र में आएगी क्रांति : गडकरी

एजेंसी

सोनीपत/नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में ईंधन के नये उपायों के इस्तेमाल से परिवहन क्षेत्र में तेजी से बदलाव आ रहा है और अब इलेक्ट्रिक बैटरी से चलने वाले ट्रकों के संचालन से इस क्षेत्र में जबरदस्त क्रांति आएगी और माल ढुलाई का काम सस्ता, प्रदूषणरहित और ज्यादा आसान हो जाएगा।

श्री गडकरी ने बुधवार को हरियाणा में सोनीपत के गांव पांची गुजरान में देश के पहले वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक ट्रक बैटरी स्वैपिंग और चार्जिंग स्टेशन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रकों के लिए इलेक्ट्रिक बैटरी के निर्माण से परिवहन की दर बहुत कम हो जाएगी। जिस दर पर बड़े ट्रक डीजल ईंधन से चलते हैं उसके मुकाबले बहुत कम दाम पर अब इलेक्ट्रिक ट्रक अपने गंतव्य तक पहुंच पाएंगे और इससे लॉजिस्टिक खर्च बहुत कम हो जाएगा। इससे ट्रांसपोर्टर का बहुत पैसा बचेगा और इसका सीधा फायदा उपभोक्ता को होगा। श्री गडकरी ने कहा कि इस समय पेट्रोल डीजल आदि ईंधन का बड़े स्तर पर आयात किया जाता और इस पर 25 लाख करोड़ रुपए खर्च होते हैं। इस कारण देश में वायु प्रदूषण की भी समस्या पैदा होती है। अब ट्रांसपोर्ट में बड़े ट्रक जब बैटरी से चलेंगे तो उससे पर्यावरण को नुकसान नहीं होगा और सस्ते दाम पर सामान को एक जगह से दूसरी जगह भी पहुंचाया जा सकेगा। उनका कहना था कि सड़कें अच्छी बन गई हैं और इसके कारण दिल्ली से देहरादून की दूरी दो घंटे में, दिल्ली से जयपुर तीन घंटे में और दिल्ली से अमृतसर चार घंटे में पहुंचा जा सकता है। इससे परिवहनआसान हो रहा है। सड़क निर्माण में भी क्रांति आ रही है और किसानों के पराली जैसे बेकार उत्पादों का प्रयोग सड़क बनाने में किया जा रहा है। श्री गडकरी ने इस क्रांति से किसानों को हो रहे फायदे का जिक्र करते हुए कहा ''मैं भी किसान हूं। हरियाणा के किसान बेहतरीन काम कर रहे हैं। किसान अन्नदाता हैं। अब हमने तय किया है कि किसान सिर्फ अन्नदाता नहीं रहेगा। किसान ऊर्जादाता, ईंधनदाता, कोलतारदाता, विटमिनदाता, ईंधनदाता और हाइड्रोजन प्रदाता भी बनेगा। किसान को अब पराली जलानी नहीं पड़ेगा बल्कि उसे बिटमिन में मिलाकर सड़क का निर्माण किया जाएगा। नागपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहले एक किलोमीटर सड़क का निर्माण पराली को बिटमिन में मिलाकर सड़क बनाया गया है। इस तरह की 400 परियोजनाएं आ रही हैं। एक किलोमीटर की इस सड़क को परीक्षण में बहुत अच्छा पाया गया है। अब पराली जलाई नहीं जाएगी बल्कि उसका इस्तेमाल आने वाले दिनों में सड़क निर्माण के लिए किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पेट्रोल तथा डीजल जैसे ईंधन के कारण देश के पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है लेकिन उन्हें इस बात की खुशी है कि भारत तेजी से वैकल्पिक ईंधन की ओर बढ़ रहा है और आने वाला समय डीजल-मुक्त परिवहन का होगा। उनकी सरकार ने ईंधन के विकल्प के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और उसी का परिणाम है कि वह आज यहां देश के पहले वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक ट्रक बैटरी स्वैपिंग और चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन कर रहे हैं। समारोह में केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी तथा अन्य कई प्रमुख लोग मौजूद थे। श्री गडकरी ने कहा कि पराली से सड़कों के निर्माण की जो प्रक्रिया चल रही है वह किसानों के लिए क्रांतिकारी साबित होगी और उन्हें पराली जलानी नहीं पड़ेगी। देश में 50 लाख टन पराली से जैव ईंधन बनाने का काम किया जा रहा है। इससे न सिर्फ प्रदूषण की स्थिति में कमी आएगी बल्कि किसानों की आमदनी भी बढ़ जाएगी। कृषि यंत्रों के लिए भी फ्लेक्सी इंजन विकसित किए जा रहे हैं और इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक से परिवहन क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ रहा है जिसके कारण बैटरियों की कीमत में 50-60 फीसदी तक गिरावट आई है।

# शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ सामाजिक समरसता को लेकर कटिबंध : सुरजीत कुमार

नई दिल्ली। भगवान बाल्मीकि जयंती शिव बालेश्वर मंदिर सेक्टर 2 रोहिणी दिल्ली में भव्य रूप से मनाई गई....जिसमें हम सबके प्रेरणा स्त्रोत मा.मिलिंद परांडे संगठन महामंत्री (विश्व हिंदू परिषद ), का उद्बोधन रहा उन्होंने कहा की हम सब एक ही ऋषि की संताने हैं समय काल खण्ड में जो असमानताएं/कटुताऐ आ गई हैं उन्हें दूर करने का काम हम सब का हैं विश्व हिंदू परिषद सामाजिक समरसता पर काम कर रही है । समाज को एक सूत्र में बांधने का काम बड़ी तेजी से हो रहा है इसके अच्छे परिणाम जल्द देखने को मिलेंगे.. भगवान महर्षि वाल्मीकि केवल लेखन में ही दक्ष नहीं थे बल्कि वे स्वयं 64 युद्ध कलाओं में भी परांगत थे । उन्होंने लव और कुश को युद्ध कलाएं सिखाई , रामायण को कैसे गा कर सुनाया जा सकता है उन्होंने लव और कुश को सिखाया । वे स्वयं आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे इसीलिए उन्होंने प्रभु राम को एक आदर्श राजा के रूप में प्रस्तुत




किया । विश्व हिंदू परिषद भगवान महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ेगा.. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजीत कुमार ने कहा हम सब का उद्गम एक जगह से हुआ है और हम सबको एक जगह ही जाना है तो फिर ..ऊंच-नीच जाति -पाति का कोई अर्थ नहीं है हर जन समान है जब ईश्वर ने कोई असमानता नहीं दिखाई तो हम कौन होते हैं समाज को बांटने वाले... राष्ट्रीय हित में अपनी परंपराओं को बांधते हुए राष्ट्र को आगे बढ़ने का काम शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ कर रही है.. उन्हें भगवान वाल्मीकि की जयंती की सबको बधाई दी.. और गुरु रविदास मंदिर तुगलकाबाद दिल्ली की जगह को सरकार ने समाज को 23/9/25 को सौंप दिया.. इसके लिए सरकार का अभिनंदन ...और समाज को बधाई दी। कार्यक्रम में साध्वी रेणुका का भी आशीर्वचन मिला.. कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ प्रचारक मा.भाला, सुबोध प्रांत संगठन मंत्री (विश्व हिंदू परिषद), ओंकार प्रांत समरसता प्रमुख (विश्व हिंदू परिषद), मनोज कुमार आजाद अध्यक्ष दिल्ली प्रांत (गुरु रविदास विश्व महापीठ), विक्रमत राष्ट्रीय मंत्री (गुरु रविदास विश्व महापीठ), अशोक राष्ट्रीय महामंत्री (ज्वेलर्स संघ), मधुसूदन शर्मा भगत सिंह कृष्णा पासवान, धारा सिंह, रामजीत, चंद्र कुमार, दिनेश शर्मा, विजय मल्होत्रा, कृष्ण भारद्वाज, सुखविंदर नरेंद्र कुमार विनय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## निर्वाचन आयोग ने पोस्टल बैलट को लेकर जारी किये अहम दिशा- निर्देश

पटना। भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी करते हुये पोस्टल बैलट से मतदान करने की विशेष व्यवस्था की घोषणा की है। निर्वाचन आयोग ने जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत यह प्रावधान अधिसूचित किया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता और मानक स्तर की दिव्यांगता वाले मतदाता अब पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने घर से मतदान कर सकेंगे। ऐसे मतदाताओं को इसके लिये फॉर्म 12-कभरकर, चुनाव की अधिसूचना जारी होने के 5 दिनों के भीतर अपने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के माध्यम से रिटर्निंग ऑफिसर को जमा करना होगा। बाद में विशेष रूप से गठित पोलिंग टीमें उनके घर जाकर वोट एकत्र करेंगी, जिससे इन नागरिकों को बूथ पर जाकर वोट डालने की आवश्यकता नहीं होगी। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि फायर सर्विस, स्वास्थ्य सेवा, बिजली, ट्रैफिक नियंत्रण, एम्बुलेंस, विमानन और लंबी दूरी की रोड ट्रांसपोर्ट सेवाओं जैसे अत्यावश्यक सेवाओं में कार्यरत कर्मचारी, जो चुनाव के दिन ड्यूटी पर होंगे वे भी पोस्टल बैलेट का उपयोग कर सकेंगे। ऐसे कर्मचारी अपने विभाग के नामित नोडल अधिकारी के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। इस बार आयोग ने चुनाव कवरेज के लिये अधिकृत मीडिया प्रतिनिधियों को भी 'अनुपस्थित मतदाता' की श्रेणी में शामिल किया है।

# पेज एक का शेष

### वैश्विक निवेशकों ...

जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा, ''इसलिए मैं पूरे विश्वास से कहता हूं - यह भारत में निवेश करने, नवाचार करने और मेक-इन-इंडिया के लिए सबसे अच्छा समय है। विनिर्माण से लेकर सेमीकंडक्टर तक, मोबाइल से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स तक और स्टार्टअप्स तक, हर क्षेत्र में भारत में ढेर सारी संभावनाएं हैं, ढेर सारी एनर्जी (ऊर्जा) है। श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में - मोबाइल, टेलीकॉम, इलेक्ट्रॉनिक्स और पूरे टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम में - जहां भी वैश्विक स्तर पर अड़चन आ रही हैं, वहां भारत के पास दुनिया को समाधान प्रदान करने का मौका है। इसी संदर्भ में उन्होंने सेमीकंडक्टर का उदाहरण दिया और कहा कि यह पहले कुछ गिने-चुने देशों तक सीमित थी, और पूरी दुनिया आपूर्ति स्रोत का विविधीकरण और विस्तार चाहती थी। आज भारत ने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। भारत में इस समय 10 सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्रों पर काम हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों के विनिर्माण, दूरसंचार नेटवर्क की डिजाइन और आपूर्ति के क्षेत्र में वैश्विक कंपनियां विश्वसनीय भागीदारों की तलाश कर रही हैं, जो बड़े पैमाने पर काम करने की शर्त और भरोसा दोनों पर खरी उतरें। उन्होंने भारत की कंपनियों से इस जरूरत को पूरा करने के लिए आगे बढ़ने का आह्वान किया और कहा कि मोबाइल के चिपसेट्स और बैटरियों से लेकर, डिस्प्ले और सेंसर बनाने के और अधिक काम देश के भीतर ही करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में पहले से कहीं ज्यादा डाटा सृजित हो रहा है। इसलिए डाटा भंडारण, हिफाजत और अपने देश की सूचना पर अपने संप्रभु अधिकार जैसे सवाल बहुत महत्वपूर्ण हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि डेटा सेंटर्स और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करके भारत एक वैश्विक डाटा केन्द्र बन सकता है। श्री मोदी ने कहा कि उद्योग से जुड़े विषयों पर स्टार्टअप्स के युवा, अकादमिक क्षेत्र, अनुसंधान संस्थानों, अनुसंधान बिरादरी और नीति निर्माता मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस जैसा प्लेटफॉर्म ऐसे संवाद शुरू करने में उपयोगी हो, तो शायद लाभ अनेक गुना बढ़ जायेगा। यह सम्मेलन और दूरसंचार क्षेत्र में भारत की सफलता आत्मनिर्भर भारत की सोच की ताकत को बताती है। पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए श्री मोदी ने कहा, ''मैंने जब 'मेक इन इंडिया' की बात कही थी, तो कुछ लोग कैसे इसका मजाक उड़ाते थे। शक-संदेह में जीने वाले लोग कहते थे कि भारत उन्नत तकनीक वाली चीजें कैसे बनायेगा? क्योंकि उनके दौर में नई टेक्नोलॉजी को भारत तक आने में कई दशक लग जाते थे। देश ने उसका जवाब दिया।'' उन्होंने कहा जो देश कभी 2जी को लेकर परेशान रहता था, आज उसी देश के लगभग हर जिले में 5जी नेटवर्क पहुंच चुका है। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 2014 की तुलना में छह गुना बढ़ चुका है। मोबाइल विनिर्माण में 20 गुना और इसके निर्यात में 127 गुना की वृद्धि हुई है। मोबाइल बनाने के काम में लाखों प्रत्यक्ष रोजगार पैदा हुए हैं। उन्होंने एक बड़ी स्मार्टफोन कंपनी की हालिया रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि आज 45 भारतीय कंपनियां उस एक बड़ी कंपनी की आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी हैं। इससे करीब 3.5 लाख रोजगार देश में पैदा हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में कितनी ही कंपनियां बड़े स्तर पर विनिर्माण कर रही हैं। श्री मोदी ने हाल में शुरू किए गये 'मेड इन इंडिया' 4जी मोबाइल नेटवर्क स्टैक को देश की बड़ी स्वदेशी उपलब्धि बताया और कहा कि अब भारत दुनिया के उन पांच देशों में शामिल हो गया है, जिनके पास यह सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि इससे 2030 के भारत, यानी 'भारत 6जी विज़न' को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। श्री मोदी ने कहा, ''आज भारत में एक जीबी वायरलेस डेटा की कीमत एक कप चाय के दाम से भी कम है।'' उन्होंने हल्के-फुलके अंदाज में कहा कि चाय का उदाहरण देना उनकी आदत है। उन्होंने कहा, ''प्रति उपभोक्ता मोबाइल डाटा के उपयोग में हम दुनिया के अग्रिम देशों में आते हैं। इसका अर्थ है कि भारत में डिजिटल संपर्क सुविधा अब कोई विशेषाधिकार या लग्जरी नहीं है। यह भारतीयों के जीवन का एक अटूट हिस्सा है।'' उन्होंने कहा कि तकनीकी क्रांति का सामना करने के लिए बहुत लंबे समय से एक मजबूत कानूनी और आधुनिक नीतिगत बुनियाद की जरूरत महसूस हो रही थी। इसके लिए आजादी के पहले के भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम और इंडियन वायरेलस अधिनियम की जगह दूरसंचार अधिनियम बनाया गया। उन्होंने कहा, ''यह नया कानून विनियामक का ही नहीं, बल्कि एक सहायता देने वाले की तरह काम करता है।'' श्री मोदी ने कहा कि डिजिटल भारत की सफलता की कहानी का नेतृत्व देश की प्रौद्योगिकी के साथ चलने वाली सोच ने किया है, युवाओं ने, देश की प्रतिभाओं ने किया है और इसे देश के नवप्रवर्तकों तथा स्टार्टअप्स ने गति प्रदान की है। यह इसलिए मुमकिन हो पाया है क्योंकि आज सरकार देश की प्रतिभा और क्षमता के साथ पूरी ताकत से खड़ी है। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आईएमसी का यह आयोजन अब सिर्फ मोबाइल या दूरसंचार तक सीमित नहीं रहा है। सिर्फ कुछ वर्षों में यह एशिया का सबसे बड़ा डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम बन गया है।

### प्रभु श्रीराम को समर्पित था...

मूर्तियों के अनावरण के माध्यम से भारत की उत्तर-दक्षिण परंपरा एक सूत्र में बंधी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम की नगरी अयोध्या अब केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण की केंद्र स्थली बन रही है। उन्होंने कहा कि निर्मला सीतारमण का यह दौरा भारत की सांस्कृतिक एकता और समरसता का सशक्त प्रतीक है। बृहस्पति कुंड परिसर में स्थापित सुंदर पत्थर की बेंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कुछ देर के लिए विराम लेते हुए बैठे। शांत सरोवर, मधुर वातावरण और सुव्यवस्थित परिसर को निहारते हुए उन्होंने उस पल में अयोध्या की सौंदर्य व सांस्कृतिक गरिमा का आनंद अनुभव किया। मुख्यमंत्री ने बेंच की कलात्मक बनावट और परिसर के सौंदर्यीकरण की सराहना करते हुए कहा कि बृहस्पति कुंड अब श्रद्धा और सौंदर्य का आदर्श संगम बन चुका है।

### जुबीन गर्ग मौत...

महंत को भी गिरफ्तार किया गया और 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। जांचकर्ता अब संभावित गड़बड़ी की जांच कर रहे हैं और उन्होंने अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए वित्तीय अनियमितताओं और नाव पर सवार सभी लोगों के संवाद रिकॉर्ड को भी इसमें शामिल किया है। रिपोर्टों के अनुसार, जुबीन के निजी सुरक्षा अधिकारियों के खातों के जरिये लगभग एक करोड़ रुपये स्थानांतरित किए गए और इस खुलासे के बाद मामले की जांच तेज कर दी गयी है। लोगों के बढ़ते दबाव के मद्देनजर असम सरकार ने जुबीन गर्ग की मौत से जुड़ी परिस्थितियों की स्वतंत्र जांच के लिए गुवाहाटी उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सौमित्र सैकिया की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग का गठन किया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि सरकार पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करेगी तथा किसी भी व्यक्ति,चाहे वह किसी भी पद या रिश्ते का हो, दोषी पाए जाने पर बख्शा नहीं जायेगा। इस बीच जुबीन की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग ने पूरी जांच के दौरान स्थिर एवं संयमित रूख दर्शाया है । इस सप्ताह के शुरू में उन्होंने अपने पति की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस को लौटा दी थी और कहा था कि इसे अब व्यक्तिगत दस्तावेज नहीं रहना चाहिए तथा जांचकर्ता ही इसे सार्वजनिक रूप से जारी करने का निर्णय ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें जारी जांच पर पूरा भरोसा है और उम्मीद है कि सच्चाई सबके सामने आएगी। हाल के बयानों में उन्होंने ज़ुबीन की मौत की वजह बनी घटनाओं पर संदेह व्यक्त किया है और यह खुलासा किया है कि गायक दवा ले रहे थे । उन्होंने यह भी कहा कि हो सकता है कि जुबीन को उनकी इच्छा के विरुद्ध कार्यक्रम में ले जाया गया हो। एसआईटी गायक की मौत के कारणों की कड़ियों को जोड़ने में लगी है। इस मामले ने असम के सांस्कृतिक परिदृश्य को हिलाकर रख दिया है और पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

### प्रदेश के सभी जिलों...

शुभारम्भ एमएसएमई मंत्री ने कहा कि जिलों में स्वदेशी मेले का उद्घाटन संबंधित जिलों के प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक और जिला प्रमुखों की मौजूदगी में किया जाएगा। जिला प्रशासन और एमएसएमई विभाग के सहयोग से इन आयोजनों को स्थानीय स्तर पर भव्य स्वरूप देने की तैयारी की गई है। राज्य सरकार का उद्देश्य केवल उत्पादों की प्रदर्शनी तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे कारीगरों और उद्यमियों को आर्थिक सहयोग एवं बाजार से सीधा जुड़ाव दिलाना है। इसी उद्देश्य से छोटे उद्यमियों को निःशुल्क स्टॉल देने की व्यवस्था की गई है ताकि वे अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा सकें। स्वदेशी अपना की अपील की श्री सचान ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने ही प्रदेश के हस्तशिल्प, मिट्टी के दीये, कपड़े, खादी उत्पाद, हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री और पारंपरिक वस्त्र खरीदेंगे, तो इससे प्रदेश के गांवों और कारीगरों की खुशहाली बढ़ेगी। जब गांव समृद्ध होंगे, तभी प्रदेश का विकास सशक्त रूप में होगा।

### शाह ने स्वदेशी...

तकनीकी कंपनी है जो क्लाउड-आधारित व्यावसायिक सॉफ़्टवेयर के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखती है। इसकी शुरूआत 1996 में श्रीधर वेम्बू और टोनी थॉमस ने की थी। ज़ोहो के प्रमुख मैसेजिंग ऐप 'अराटाई' पर पिछले तीन दिन में नए साइन-अप में भारी वृद्धि देखी गई है जो प्रतिदिन 3,000 से बढ़कर 3,50,000 हो गई है। इसने ऐप को सोशल नेटवर्किंग श्रेणी में भारत में एप्पल ऐप स्टोर के शीर्ष पर पहुंचा दिया है।

### शक्ति प्रदर्शन के...

मजबूत करने के लिए गठबंधन पर काम कर रहे हैं, मायावती ने दोहराया है कि उनकी पार्टी न तो भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के साथ, न ही कांग्रेस के नेतृत्व वाले भारत के गठबंधन के साथ और न ही किसी अन्य मोर्चे के साथ गठबंधन करेगी। बसपा बिहार विधानसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ रही है, हालाँकि उसने 2020 के चुनाव में सात दलों के साथ गठबंधन किया था और एक सीट हासिल की थी। कार्यकर्ता यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि क्या मायावती 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी रणनीति में बदलाव करेंगी। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के मुताबिक़, दलित समुदाय के राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए 1984 में शुरू की गई बसपा, नब्बे के दशक की शुरुआत में एक महत्वपूर्ण ताकत के रूप में उभरी। पार्टी संस्थापक कांशीराम द्वारा दलित समुदाय को संगठित करके शुरू किए गए आक्रामक अभियान के परिणामस्वरूप दलित कांग्रेस से बसपा की ओर आकर्षित हुए। 1993 के विधानसभा चुनाव में, जब राम मंदिर आंदोलन अपने चरम पर था। बसपा ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके राजनीतिक पर्यवेक्षकों को चौंका दिया। दलित-ओबीसी-मुस्लिम फॉर्मूले ने बसपा-सपा गठबंधन सरकार को सत्ता में ला खड़ा किया। दलितों पर अपनी मज़बूत पकड़ के साथ, बसपा ने सपा और भाजपा पर अपनी शर्तें थोप दीं। 1995 में, बसपा ने सपा से गठबंधन तोड़कर भाजपा के साथ सरकार बना ली। बसपा ने 1996 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस के साथ गठबंधन में लड़ा, लेकिन विधानसभा में अपनी सीटें बढ़ाने में असफल रही। 1997 में, बसपा ने फिर से भाजपा के साथ गठबंधन करके सरकार बनाई। 2002 के विधानसभा चुनाव में उसने दलित-ओबीसी-मुस्लिम फॉर्मूले पर चुनाव लड़ा और अपनी सीटों की संख्या 65 से बढ़ाकर 98 कर ली, लेकिन वह पूर्ण बहुमत से कोसों दूर रही। बाद में, मायावती ने भाजपा के समर्थन से सरकार बनाई और अगस्त 2003 में इस्तीफा दे दिया। बसपा को एहसास हो गया था कि दलितों के समर्थन से बसपा उत्तर प्रदेश में सत्ता हासिल नहीं कर पाएगी। फिर उन्होंने 2007 में पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाने के लिए दलित-उच्च जाति के फॉर्मूले, जिसे सोशल इंजीनियरिंग कहा जाता है, पर काम करना शुरू कर दिया। 2012 के विधानसभा चुनाव में, बसपा ने दलित-मुस्लिम फॉर्मूले पर काम किया, लेकिन सत्ता गँवा दी। 2017 के विधानसभा चुनाव में, उसने दलित-ओबीसी फॉर्मूले पर काम किया, लेकिन वह अपनी गिरती हुई सीटों को रोकने में नाकाम रही। 2022 के विधानसभा चुनावों में, मायावती ने दलित-ब्राह्मण फॉर्मूले पर फिर से काम करने की कोशिश की, लेकिन केवल एक सीट ही जीत पाईं। 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा अपना खाता भी नहीं खोल पाई और सपा-कांग्रेस गठबंधन उसके दलित समर्थन आधार में सेंध लगाने में कामयाब रहा। 2027 का विधानसभा चुनाव मायावती के लिए बेहद अहम है क्योंकि एक और हार न केवल उनकी पार्टी के मूल जनाधार को कम कर देगी, बल्कि राज्य की राजनीति में बसपा के लिए अंत का रास्ता भी साबित हो सकती है। सपा का पीडीए फॉर्मूला और आज़ाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आज़ाद का उदय, दलितों पर पकड़ बनाए रखने के लिए बसपा के लिए एक और चुनौती साबित हुआ है। बसपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा, ''9 अक्टूबर को पार्टी प्रमुख का संदेश निश्चित रूप से कार्यकर्ताओं में उत्साह भरेगा और उन्हें उत्तर प्रदेश में खोई ज़मीन वापस पाने के लिए काम करने की दिशा देगा। बसपा सभी समुदायों का समर्थन हासिल करने के लिए 'सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय' के फॉर्मूले पर काम कर रही है। पार्टी अपना जनाधार वापस पाने के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में कैडर कैंप आयोजित कर रही है। पाल ने कहा, ''हमारा ध्यान उन युवाओं पर है जो प्रतिद्वंद्वी दलों द्वारा भटकाए जा रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को शिविरों में शामिल होने का निर्देश दिया गया है ताकि युवाओं को पार्टी संस्थापक कांशीराम और पार्टी प्रमुख मायावती के संघर्षों से अवगत कराया जा सके।

### वायु सेना के सटीक...

होने की उम्मीद है। इन परिस्थितियों में आधुनिक युद्ध में वायु शक्ति प्रमुख कारक होगी।'' उन्होंने युद्ध और मानवीय मिशनों, दोनों में साहस, पेशेवर कुशलता और राष्ट्र सेवा की विशिष्ट विरासत के लिए भारतीय वायुसेना की प्रशंसा की। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने मानवीय सहायता और आपदा राहत मिशनों के दौरान भरोसेमंद मददगार के रूप में भारतीय वायुसेना की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ''भारतीय वायुसेना ने संघर्ष क्षेत्रों में फंसे नागरिकों को बचाकर और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करके लगातार अपनी पहुंच और सहायता का हाथ बढाया है। '' उन्होंने कहा कि दशकों से भारतीय वायुसेना वीरता के प्रतीक के रूप में देश के आसमान की सुरक्षा के साथ साथ प्राकृतिक आपदाओं के दौरान नागरिकों की सहायता करती रही है।

# युवाओं को श्री गुरु तेग बहादुर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए : सिरसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का कहना है कि युवाओं को श्री गुरु तेग बहादुर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार नवंबर में गुरु साहिब के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लाल किले पर तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित करेगी। यह बातें मंत्री सिरसा ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार श्री गुरु तेग बहादुर जीः जीवन, शहादत और विरासतङ्क में कहीं।



यह आयोजन गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है, जिसमें देश-विदेश के प्रमुख इतिहासकार, विद्वान और शिक्षाविद गुरु साहिब के जीवन, दर्शन और बलिदान पर अपने विचार साझा कर रहे हैं।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री सिरसा ने कहा, ध्लमेरे लिए यह गर्व का क्षण है कि जिस कॉलेज से मैंने शिक्षा पाई, उसी कॉलेज में आज गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और संदेश पर इतना महत्वपूर्ण सम्मेलन देखने का अवसर मिला। गुरु साहिब का जीवन साहस और करुणा, आध्यात्मिक स्वतंत्रता और सार्वभौमिक भाईचारे का अद्भुत संगम है। उन्होंने बताया कि सरकार गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में 'गुरु तेग बहादुर स्टडी सेंटर' स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है ताकि गुरु साहिब के जीवन, दर्शन और योगदान पर गहन अध्ययन और शोध को बढ़ावा दिया जा सके। आगामी योजनाओं का जिक्र करते हुए सिरसा ने कहा, ध्लप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार नवंबर में लाल किले पर तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित करेगी- वही स्थल जहां गुरु साहिब ने महान शहादत दी थी। इस अवसर पर प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और लेजर शो के जरिए गुरु साहिब के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में बहुत जल्द गुरुओं की जीवन शिक्षाओं पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक भी जारी की जाएगी, जिसमें विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों में गुरु साहिब के विचारों और संदेशों का उल्लेख होगा। यह सेमिनार दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) और दिल्ली विश्वविद्यालय के चार कॉलेजों- श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज, श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स और माता सुंदरी कॉलेज फॉर विमेन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है।

# अररिया में 90 चेक पोस्ट पर सघन जाँच के निर्देश, निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फारबिसगंज/अररिया। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 को सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों को लेकर 08 अक्टूबर 2025 को अररिया समाहरणालय स्थित आत्मा सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (एइघ्क) के मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में थी, जिसकी संयुक्त अध्यक्षता अररिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी अनिल कुमार और पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने की। तैयारियों की समीक्षा और कड़े निर्देश बैठक में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से निर्वाचन संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या चुनावी उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि भयमुक्त और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो सके। पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने बैठक में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने जिले में स्थापित 90 चेक पोस्ट के बारे में विस्तृत चर्चा की। इन चेक पोस्ट पर मजिस्ट्रेटों को इ, उ, ए कटैगरी बनाकर सघन जाँच कराने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त, सभी निर्देशों का ससमय पालन सुनिश्चित करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर त्वरित संवाद स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया। व्यय कोषांग को विशेष रूप से जब्ती और सीमावर्ती इलाकों में विशेष चौकसी बरतने का निर्देश दिया गया ताकि अवैध धन या वस्तुओं के आवागमन को रोका जा सके। बैठक में सभी अर्द्ध सैनिक बलों के कम्पनी कमांडेन्ट, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, सीविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, निदेशक डी0आर0डी0ए0, जी0एस0टी0 पदाधिकारी, सेल टैक्स पदाधिकारी, अररिया एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे। यह बैठक शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने की दिशा में प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रवर्तन एजेंसी की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला नोडल पदाधिकारी स्टेट गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स, सेंट्रल गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स, आयकर, उत्पाद एवं मद्य निषेध, पुलिस, डाक विभाग, वन विभाग, परिवहन विभाग तथा रेलवे सहित कई विभागों के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी नोडल पदाधिकारियों को ईएसएमएस शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करनी होगी और फलाफल से अवगत कराना होगा। सभी एजेंसी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के आलोक में कार्य करेंगी और आपस में समन्वय बनाकर कार्य करना सुनिश्चित करेंगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी प्रवर्तन एजेंसी किये जा रहे कार्यों का दैनिक प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगी। इससे निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी।

# जापान के कितागावा, ऑस्ट्रेलिया के रॉबसन और अमेरिका के याघी को मिलेगा रसायन विज्ञान का नोबेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



स्टॉकहोम । वर्ष 2025 के रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार की बुधवार को घोषणा कर दी गयी। यह पुरस्कार जापान के सुसुमु कितागावा, ऑस्ट्रेलिया के रिचर्ड रॉबसन और अमेरिका के ओमर एम. याघी को दिया जाएगा।

स्वीडिश रॉयल एकेडमी ऑफ साइंसेज ने यह सम्मान उन्हें मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क्स के विकास के लिए दिया है। यह ऐसे क्रिस्टलीय पदार्थ हैं जो धातुओं और ऑर्गेनिक अणुओं से मिलकर बनते हैं और गैसों, दवाओं एवं रसायनों के भंडारण और शुद्धिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क्स की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनका ढांचा बेहद छिद्रयुक्त होता है, जिससे ये गैसों, तरल पदार्थों या अणुओं को अवशोषित और संग्रहीत कर सकते हैं। इस खोज ने ऊर्जा भंडारण, पर्यावरण शुद्धिकरण, दवा वितरण और गैस पृथक्करण जैसे क्षेत्रों में क्रांति ला दी।

सुसुमु कितागावा जापान के क्योटो विश्वविद्यालय, रॉबसन ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न विश्वविद्यालय और उमर एम. याघी अमेरिका के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से जुड़े हुए हैं।

एकेडमी के मुताबिक पुरस्कार समारोह स्टाकहोम में 10 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा, जिस दिन इन पुरस्कारों के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि है। पुरस्कार के तहत विजेताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (करीब 10.3 करोड़ रुपये), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। यह धनराशि इन तीनों के बीच बराबर-बराबर बांटी जाएगी। इससे पहले मंगलवार को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार जॉन क्लार्क, मिशेल एच. डेवोरेट और जॉन एम. मार्टिनिस को उप-परमाणु क्वांटम टनलिंग की विचित्र दुनिया पर उनके शोध के लिए दिया गया। गुरुवार को साहित्य, शुक्रवार को नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा होगी, जबकि 13 अक्टूबर को अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा की जाएगी। नोबेल पुरस्कारों की शुरुआत 1901 में हुई थी। ये पुरस्कार भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, चिकित्सा, साहित्य और शांति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए हर साल दिए जाते हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मु 9 से 11 अक्टूबर तक गुजरात दौरे पर, सोमनाथ और द्वारकाधीश मंदिर में करेंगी दर्शन

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 9 से 11 अक्टूबर तक गुजरात के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वे सोमनाथ मंदिर, गिर राष्ट्रीय उद्यान, द्वारकाधीश मंदिर और गुजरात विद्यापीठ के 71वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति 9 अक्टूबर की शाम को राजकोट पहुंचेंगी। 10 अक्टूबर को वे सोमनाथ मंदिर में दर्शन और आरती करेंगी। इसके बाद गिर राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगी और सासन गिर में स्थानीय आदिवासी समुदाय से बातचीत करेंगी तथा 11 अक्टूबर को राष्ट्रपति द्वारका स्थित द्वारकाधीश मंदिर में दर्शन करेंगी एवं अहमदाबाद में गुजरात विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी।

## चेनारी से कांग्रेस विधायक मुरारी गौतम ने दिया इस्तीफा

पटना । कांग्रेस विधायक मुरारी गौतम ने बुधवार को विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। कंाग्रेस का दामन छोड़ने वाले मुरारी गौतम अब भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमा सकते हैं। चेनारी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का कमल खिलाने के लिए मुरारी गौतम पिछले लंबे अरसे के लगे हैं और इसी क्रम में उन्होंने कांग्रेस से अधिकारिक रूप से दूरी बनाते हुए विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। बीते 12 फरवरी 2024 को नीतीश कुमार सरकार के बहुमत परीक्षण के दौरान ही मुरारी गौतम ने बगावत किया था। कांग्रेस विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने तब अपनी पार्टी के व्हिप के खिलाफ जाकर नीतीश कुमार को समर्थन किया था। इसके पहले वर्ष 2020 में मुरारी गौतम बिहार विधानसभा चुनाव में चेनारी से जनता दल यूनाईटेड के ललन पासवान को 18003 मतों से हराकर विधानसभा पहुंचे थे।

# बिहार विधानसभा चुनाव में सभी पुराने चेहरों को आजमाएगी कांग्रेस, सीईसी की बैठक फैसला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना । बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर कंाग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बुधवार को दिल्ली में बैठक हुई। सीईसी की बैठक की अध्यक्षता केसी वेणुगोपाल और अजय माकन कर रहे थे। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए जुड़े हुए थे। बिहार कंाग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ-साथ सीईसी के सदस्य बैठक में मौजूद थे।



बैठक के बाद बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ज्यादातर जीते हुए उम्मीदवारों को फिर से मौका दिया जाएगा। हालांकि, दो विधायकों पर मंथन करना जरूरी है। उन्होंने दोनो का नाम नहीं लिया, लेकिन वे दो नाम, चेनारी से मुरारी गौतम और दूसरा नाम बिक्रम से सिद्धार्थ सिंह है। मुरारी गौतम ने तो कंाग्रेस की सदस्यता से भी आज इस्तीफा दे दिया है।उ सिद्धार्थ सिंह भी पिछले कई महीनों से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) खेमे में ही दिखाई पड़ रहे हैं। मतलब साफ है कि इन दोनों का पत्ता कट सकता है। बाकी के विधायक को टिकट मिलना लगभग तय है। राजेश राम का कहना था कि जब तक महगठबंधन के सीट शेयरिंग की घोषणा नहीं हो जाती है, तबतक उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की जाएगी । इधर, गठबंधन के घटक दलों का यह जरूर कहना है कि अगले 48 घंटे में सब कुछ साफ हो जाएगा। दूसरी ओर बिहार में किशनगंज से कंाग्रेस पार्टी के सांसद और कंाग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) के सदस्य मोहम्मद जावेद ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि कंाग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी ने 25 उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगा दी है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय के जॉब मेले में जुटी 61 कंपनियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली । दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट्स वेल्फ़ेयर कार्यालय के तत्वावधान में केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने बुधवार को जॉब मेला, प्लेसमेंट एवं इंटर्नशिप मेले का आयोजन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय खेल परिसर में आयोजित इस जॉब मेले में 61 कंपनियों ने भाग लिया जिनमें 47 कंपनियां ऑफलाइन और 14 कंपनियां ऑनलाइन जुड़ी। जॉब मेले में पांच हजार से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकृत किया। इस अवसर पर शिक्षा, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, बीमा, व्यवसाय संचालन, विपणन, बिक्री, इंजीनियरिंग और अन्य सेवा उद्योगों में 1500 से अधिक नौकरी और इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध हुए।

डीन स्टूडेंट्स वेल्फ़ेयर प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रमुख भर्तीकर्ताओं में मुथूट फाइनेंस, एक्सिस आईआईटी एवं नीट, बजाज कैपिटल, पीसीआई इंडिया, स्टबबोर्न फैक्ट्री और बजाज आलियांज शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शाम तक, विभिन्न कंपनियों द्वारा 1200 से अधिक छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया जा चुका है।

# जन-जागरूकता और अनुशासन से ही घटेगी सड़क दुर्घटनाएं : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंपावत । सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बुधवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें दुर्घटनाएं कम करने के लिए नई कार्ययोजना पर चर्चा की गई और अधिकारियों को तत्काल क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग (गक्क) अधिकारियों को मलबा रोकने, पुलिया निर्माण, साइनेज लगाने और हिल साइड सेफ्टी के लिए कार्ययोजना बनाकर तत्काल लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने अमोड़ी क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाइल्स हटाकर दो दिन में सड़क सुधारने और संतोला के क्रॉनिक जोन में भूवैज्ञानिक की सलाह पर ऊपरी उपचार कराने को भी कहा।

इसके अतिरिक्त, धौन-दयूरी मोटरमार्ग के सुधार के लिए वन विभाग के एसडीओ को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एनएचएआई को टनकपुर से जगबुड़ा तक मार्ग सुधार और सतह सुदृढ़ीकरण का कार्य करने को कहा गया। ककराली गेट क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर गति सीमा और चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने, विद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा शराब पीकर गाड़ी चलाने (ड्रिंक एंड ड्राइव), ओवरलोडिंग और सड़क पर पानी फेंकने जैसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जोर दिया कि वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। शराब पीकर वाहन चलाने, मोबाइल फोन का उपयोग करने, सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-जागरूकता और नियमों के पालन से ही सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है।

संभागीय परिवहन अधिकारी मनोज बगोरिया ने बैठक में बताया कि पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त कार्रवाई से पिछले वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वालों पर भी लगातार कार्रवाई की जा रही है। बैठक में प्रभारी पुलिस अधीक्षक हरीश वर्मा, एसडीएम अनुराग आर्य, नीतू डागर, आकाश जोशी (वर्चुअली), ईई लोनिवि एम.सी. पलड़िया, हितेश कांडपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


## पंजाबी गायब राजवीर जवंदा का निधन

चंडीगढ़ । पिछले कई दिनों से अस्पताल में भर्ती पंजाबी गायक एवं अभिनेता राजवीर जवंदा का बुधवार को निधन हो गया। वह 35 वर्ष के थे। राजवीर पिछले 11 दिनों से फोर्टिस अस्पताल में उपचाराधीन थे। जवंदा का 27 सितंबर को बाइक राइडिंग के वक्त बद्दी से शिमला जाते वक्त पिंजौर में एक्सीडेंट हो गया था। वहां से उन्हें अस्पताल लाते वक्त हार्ट अटैक भी आ गया था। इसके बाद उन्हें फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्हें लगातार वेंटिलेटर पर रखा गया था। जवंदा के पैतृक गांव पोना के सरपंच हरप्रीत सिंह ने बताया कि डॉक्टरों ने आज जवंदा को मृत घोषित कर दिया। निधन की खबर मिलते ही मोहाली पुलिस ने अस्पताल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। उनके करीबियों के मुताबिक उनकी पार्थिव देह को सीधे उनके पैतृक गांव लुधियाना में जगराओं के पौना ले जाया जाएगा, जहां उन्हें अंतिम विदाई दी जाएगी। पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और पंजाबी एक्टर गुरप्रीत घुग्गी ने उनके निधन को लेकर सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की है। पंजाबी एक्टर बीएन शर्मा ने कहा कि यह बहुत दुखद खबर है। सभी अरदास कर रहे थे कि वह ठीक हो जाएं, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल पंजाबी गायक जवंदा से मिलने अस्पताल पहुंचे थे।

जवंदा कई पंजाबी फिल्मों तथा पंजाबी गीतों के माध्यम से फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय थे।

## बजरंग दल ने गौ तस्करी के वाहन को पकड़ा, तीन गौवंश बरामद

हरिद्वार । गौरक्षा दल के सदस्यों ने सतर्कता दिखाते हुए गौतस्करी के शक में एक वाहन को पकड़कर पुलिस को सौंपा है। वाहन से तीन गौवंश दो गाय और एक बछड़ा बरामद किए गए हैं। पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसारअकौढ़ा खुर्द निवासी अर्जुन को सूचना मिली कि वाहन संख्या यूपी 20 एटी 8363 से बिजनौर की ओर से गौवंशों की अवैध ढुलाई की जा रही है। सूचना पर अर्जुन, विक्की दीक्षित, सोनू ठाकुर, अंकुल चौहान, विजय (बजरंग दल) एवं गौरक्षा दल के सदस्य मौके पर पहुंचे और वाहन को रोक लिया। जांच में पाया गया कि वाहन में दो गाय और एक बछड़ा बेतरतीब तरीके से बंधे हुए थे। गौवंश भयभीत अवस्था में थे और उन्हें रस्सियों से क्रूरता पूर्वक बांधा गया था। वाहन चालक के पास पशु परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। इसके बाद गौरक्षा दल के सदस्यों ने वाहन व चालक को लक्सर कोतवाली के पीछे मैदान में लाकर पुलिस को सौंप दिया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063